# शिव भूमि चंबा में बसते हैं श्रीराम

## भटियात क्षेत्र को छोड़ अन्य चारों विधानसभा क्षेत्रों में मिलते हैं भगवान श्रीराम के मंदिर

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा के सदर, भरमौर, चुराह और डलहौजी क्षेत्रों में बसे भगवान श्रीराम उपासक इस बात के प्रमाणित करते हैं कि शिव भूमि चंबा में भी भगवान श्रीराम के उपासक मौजूद हैं, जो कि भगवान श्रीराम वंशज वर्मन परिवार के तत्काल बताई आस्था का अनुसरण वर्षों से कर रहे हैं। वहीं, अब अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण एवं 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से यह आस्था चंबावासियों में ओर भी अधिक बढ़ गई है। चंबा के भटियात विस क्षेत्र में भगवान श्रीराम से जुड़े कोई मंदिर या अवशेष नहीं मिले हैं, लेकिन भगवान श्रीराम के प्रति आस्था रखने वाले यहां के स्थानीय लोगों ने घरों में मंदिरों में उनकी पूजा-अर्चना की जाती है।

गौर हो कि चंबा रियासत की पहली राजधानी भरमौर में भगवान श्रीराम वंशज मौर्या शासक परिवार ने आकर वर्मन शासकों के नाम साम्राज्य शुरू किया था, जिसके प्रमाण भोजपत्र, शिलालेखों में मौजूद है। भरमौर में गत वर्ष एक निजी मकान की खुदवाई में भी भगवान श्रीराम व माता सीता की प्राचीन मूर्तियों का मिलना भगवान श्रीराम पर आस्था से जुड़े चंबा शासकों की बात पर पक्की मुहर लगाती है। (अनंत ज्ञान)





### पिंक पैलेस के एक छोर पर सीता राम मंदिर

17वीं-18वीं शताब्दी चंबा मुख्यालय में पिंक पैलेस के एक छोर में निर्मित सीता राम मंदिर, भगवान राम और उनकी पत्नी सीता को समर्पित है। इस मंदिर का निर्माण तत्कालीन शासक पृथ्वी सिंह की नर्स बटलू दाई ने 1641-1661 के दौरान करवाया था।

### चंबा मुख्यालय के मध्य में सीता-राम मंदिर

**चंबा** मुख्यालय के मध्य में वर्तमान समय नगर परिषद कार्यालय व न्यायालय परिसर चंबा के मध्य में शिखर शैली पर आधारित सीता-राम मंदिर स्थित है। माना जाता है कि तत्काल यहां चंपा फूल के वृक्ष मौजूद थे। चंबा के प्रसिद्ध चंपा फूल के वृक्षों मध्य यह मंदिर बनाया गया था। मंदिर के गर्भ गृह में सीताराम की प्रस्तर प्रतिमा स्थापित है।

### 150 वर्ष पुराने मकान में भगवान श्रीराम के प्रमाण

**चंबा** के जनजातीय क्षेत्र को जहां भगवान श्रीराम के वशंज एवं श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से संबंधी शासक परिवार के शासक मेरू वर्मन छठी शताब्दी में भरमौर को बसाने वाले पहले व्यक्ति रहे हैं। वहीं, भगवान शिव का समर्पित शिवभूमि भरमौर में भगवान श्रीराम की आस्था भी रही है इस बात में भी कोई दो राय नहीं है। जिसके प्रमाण हाल ही में 150 वर्ष पुराने एक मकान की खुदाई में प्राप्त भगवान श्रीराम व माता सीता के प्रतिमाएं हैं।

### पांच सौ साल पुराना जनसाली में सीता-राम मंदिर

**पांच सौ** पूर्व निर्मित वार्ड जनसाली में सीता-राम मंदिर में आस्था से जुड़ी नायाब कला देखने को मिलती है। मंदिर के मुख्य द्वार पर भगवान श्रीगणेश विराजमान हैं, जबकि मंदिर में सर्वप्रथम स्थापित की गई भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की आशीर्वाद मुद्रा में मूर्तियां तीन बड़ी-बड़ी शिलाओं को गोद कर निर्मित की गई हैं।

### अल्प मंदिर समूह

**ऐतिहासिक** लक्ष्मीनायरण अथवा लक्ष्मीनाथ मंदिर समूह के निर्माण के पश्चात करीब 250 वर्ष पूर्व संकुचित संकीर्ण/अल्प मंदिर समूह मंदिरों का निर्माण हुआ था। तत्काल चंबा रियासत में 1764 से लेकर 1794 तक राजा राज सिंह का शासनकाल रहा। इसी शासन काल में संकुचित संकीर्ण/अल्प मंदिर समूह मंदिरों में भगवान श्रीराम मंदिर का सीता-रामचंद्र नाम से निर्माण किया गया।

### डलहौजी में श्री रघुनाथ मंदिर

**श्री** रघुनाथ मंदिर गांधी चौक डलहौजी में मंदिर की स्थापना एवं नूतन विग्रह स्थापना में भगवान श्रीराम परिवार, मां दुर्गा, श्री राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना वर्ष1988 में पंजाब राज्य के जालंधर, अमृतसर सहित हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के पर्यटक स्थल डलहौजीवासियों के संयुक्त तत्वावधान से किया गया, जबकि वर्ष 2010 में भगवान शिव परिवार मंदिर की स्थापना अप्रैल 2010 में पंडित सुनील शास्त्री द्वारा करवाई गई है। इसी वर्ष 2010 के अगस्त मार्च में पवन पुत्र पंचमुखी हनुमान के स्वरूप की स्थापना भी की गई है।

### लेसूई में है भगवान श्रीराम का मंदिर

**चंबा** के दुर्गम क्षेत्र चुराह विस क्षेत्र में गांव लेसूई में भगवान श्रीराम का मंदिर स्थित है, जो कि संपूर्ण चुराह क्षेत्र में एक ही मंदिर भगवान श्रीराम व माता सीता को समर्पित है।

### शिखर शैली में बना सीता-राम मंदिर खरूड़ा

**17वीं** सदी में शिखर शैली युक्त वार्ड जनसाली के खरूड़ा मोहल्ला में स्थित प्राचीन सीता-राम मंदिर में देखने को मिलता है। मंदिर का निर्माण शिखर शैली नमूना करवाया गया है। मंदिर के शीर्ष पर शिखर शैली युक्त मूर्त उकेरी गई है, जबकि मंदिर की बनावट से लेकर मंदिर के चारों ओर शिखर शैरी के डिजाइन सहित देवी-देवताओं के चित्र मौजूद हैं।

### शरणम आश्रम में बसते हैं भगवान श्रीराम

**चंबा** के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल डलहौजी के पवित्र नारवुड कॉटेज परम धाम (सर्वोच्च निवास) श्रीराम शरणम आश्रम में देखने को मिलता है, जहां पक्षियों के चहचहाने में भी श्रीराम ध्वनि सुनने को मिलती है।

**यह** तमाम ऐतिहासिक, प्राचीन व वर्तमान में निर्मित भगवान श्रीराम के मंदिर आश्रम एवं स्थल इस बात को प्रमाणित करते हैं कि जिला चंबा में अन्य देवी-देवताओं पर आस्था रखने वाले चंबा वासी भगवान श्रीराम पर भी अटूट आस्था रखते हैं।

---

### मरीज का कार्ड दे रहा हर ब्यौरा, होम्योपैथिक स्वास्थ्य केंद्र मंडी में सफल रहा प्रयास

# स्पेशलिटी क्लीनिक की तर्ज पर मंडी में हो रहा एलर्जी मरीजों का इलाज

**अनिल शर्मा, मंडी**

वर्तमान समय में एलर्जी एक बड़ा नासूर रोग बनता जा रहा है। अस्पतालों में घंटों लाइनों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करने की बजाय मरीज अक्सर लंबे समय तक इसे दिखाने से आनाकानी करते रहते हैं, लेकिन जब एलर्जी पूरे शरीर को प्रभावित करती है, तो अस्पताल की ओर रुख किया जाता है। वर्तमान समय में देश में एलर्जी का प्रतिशत 25 प्रतिशत से बढ़कर 67 प्रतिशत तक पहुंच गया है। हर तीसरे व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार एलर्जी होना शुरू हो गई है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए आयुष मंत्रालय ने नई पहल की है, जिसके तहत मरीजों को नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा राजकीय होम्योपैथिक स्वास्थ्य केंद्र मंडी में एलर्जी क्लीनिक मरीजों के लिए रामबाण साबित हो रहा है। शुरू किए इस क्लीनिक में प्रत्येक गुरुवार को भिन्न-भिन्न प्रकार के एलर्जी मरीजों की जांच की जाती है और मुफ्त दवाइयां दी जाती हैं।

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत चल रही इस परियोजना में मरीजों का रिकॉर्ड नौ पृष्ठ की केस फाइल में रिकॉर्ड करके अस्पताल में ही रखने का प्रावधान है। बड़े मेडिकल संस्थानों में चल रहे स्पेशलिटी क्लीनिक की तर्ज पर यहां आने वाले मरीज का रजिस्ट्रेशन कर एक फाइल बना दी जाती है और एक कार्ड मरीज को दे दिया जाता है, जिसमें उसका रजिस्ट्रेशन नंबर और अन्य ब्यौरा होता है। मरीज की पूरी हिस्ट्री और जांच आदि का ब्यौरा केस फाइल में दर्ज करने के बाद दवाई दी जाती है और सभी दवाइयां स्वास्थ्य केंद्र से मुफ्त मिलती हैं। बता दें कि दुनिया के 20 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में हैं। इस मामले में भारत में अस्थमा की कुल जनसंख्या चार करोड़ से अधिक है। 60 प्रतिशत गर्मियों में होने वाले अस्थमा अटैक पर्यावरण में उपस्थित एलर्जन और इरिटेंट के कारण होते हैं। जैसे धुआं, परागकण, पशुओं की मृत त्वचा आदि। यदि माता पिता को एलर्जी है तो बच्चों के इसकी चपेट में आने की संभावना 50 प्रतिशत बढ़ जाती है और बच्चों से माता-पिता को 75 प्रतिशत खतरा बढ़ जाता है। वर्तमान समय में एलर्जी से संबंधित जैसे कि छपाकी कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस एक्जिमा से संबंधित मरीज भी काफी संख्या में रजिस्टर्ड हैं। बढ़ते प्रदूषण और जीवन शैली के परिवर्तन के चलते लोगों में एलर्जी का प्रभाव का भी देखा जा रहा है, इसमें होम्योपैथिक चिकित्सा काफी कारगर साबित हो रही है। (अनंत ज्ञान)



होम्योपैथिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को चेक करते डॉक्टर।

### लक्षण और कैसे होती है एलर्जी

**उल्टी** और दस्त की समस्या होना। पेट में दर्द और मरोड़ होना, भूख न लगना, मुंह, गला, आंख, त्वचा में खुजली होना। रक्त का दबाव कम हो जाना, जानवरों की लार, मृत त्वचा और यूरिन में जो प्रोटीन होता है, उससे एलर्जी हो सकती है। एलर्जी से पीड़ित 15 से 30 प्रतिशत लोगों को बिल्ली और कुत्ते जैसे पालतू जानवरों से एलर्जी होती है।

**इस** समय एलर्जी क्लीनिक में करीब 260 मरीज पंजीकृत हैं, जिनका इलाज चल रहा है। प्रत्येक कार्य दिवस में लगभग एक नया मरीज रजिस्टर होता है। मौसमी एलर्जी तथा नाक और सांस की एलर्जी के लगभग 75 प्रतिशत मरीज हैं और इन मरीजों का बहुत ही सफलतापूर्वक इलाज हो रहा है। होम्योपैथिक दवाई के साथ लगभग दस दिन में मरीज को लाभ मिलना शुरू हो जाता है तथा दो से तीन महीने के बाद मरीज पूर्ण स्वस्थ हो जाता है।

**डॉ. आशुतोष भारद्वाज, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक जिला मुख्यालय मंडी।**



www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:45

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.00 न्यू | 17.06 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 19.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सैंसेक्स | 72568.00 |
| निफ्टी | 21894.00 |

सोना 63,970 चांदी 71,200

लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शनिवार, 13 जनवरी 2024 | 29 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 26 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए



राहत: प्रदेश के अस्पतालों में क्रस्ना लैब ने शुरू की सेवाएं ... पेज 2

# 10 हजार सीसीटीवी कैमरे अयोध्या के चप्पे-चप्पे पर रखेंगे नजर



अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का इंतजार देश-विदेश में फैले करोड़ों रामभक्त कर रहे हैं। ऐसे में नगर की सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर स्पेशल डीजी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार ने कहा, 'अयोध्या में जो कार्यक्रम है वह देश और पूरे विश्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उसके लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। सीसीटीवी द्वारा भी निगरानी कराई जा रही है।




कार्यक्रम के दिन और उसके बाद आने वाले सभी श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई असुविधा न हो, इसके लिए भी बेहतर व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में 10,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## राम मंदिर थीम वाली बनारसी साड़ियों की विदेशों में भी डिमांड



**राम** मंदिर थीम पर बनी बनारसी साड़ियों की डिमांड अब विदेशों में भी हो रही है। खास उचंत बुनकरी की कला से तैयार ये साड़ियां इटली और सिंगापुर भेजी जा रही हैं। अब जब अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, तब इन साड़ियों की मांग और बढ़ने की उम्मीद है। लोहता कोरौता निवासी सर्वेश कुमार श्रीवास्तव खास उचंत बुनकरी कला से यह बनारसी साड़ियां तैयार कर रहे हैं। सर्वेश के मुताबिक मौजूदा समय में इन साड़ियों की मांग बढ़ गई है। इटली, सिंगापुर के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, बंगलुरु और चेन्नई से खास ऑर्डर मिले हैं। हाल ही में उन्होंने राम मंदिर डिजाइन वाली साड़ी इटली भेजी है।

## अयोध्या धाम जाने से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने शुरू किया विशेष अनुष्ठान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या धाम जाने से पहले आज से विशेष अनुष्ठान पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर यह जानकारी कुछ समय पहले देश-दुनिया के साथ साझा की। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में कुछ ही दिन बचे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा। उन्होंने लिखा है, 'इसे ध्यान में रखते हुए मैं आज से विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं।

## 21 को दिल्ली से अयोध्या के लिए उड़ान भरेगी स्पाइसजेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट की स्पेशल फ्लाइट 21 जनवरी को उड़ान भरेगी। स्पाइसजेट के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजय सिंह का कहना है कि 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने वाले यात्रियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। उसी दिन वापसी उड़ान भी संचालित होगी।


## श्री राम की पताका तैयार करने में जुटे कानपुर के कैदी



**कानपुर।** अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चल रही तैयारी में श्रीराम पताका की मांग बाजार में बढ़ गई हैं। ऐसे अवसर का पुण्य कमाने के लिए कानपुर जेल के कैदी भी उत्साहित हैं और श्रीराम पताका बनाने में जुट हुए हैं। इन श्री राम पताकाओं को अयोध्या सहित अन्य जनपदों में बिक्री के लिए भेजा जाएगा। यह जानकारी कानपुर जिला कारागार के जेल अधीक्षक बीपी पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि कानपुर के कैदियों द्वारा श्री राम पताका तैयार रहे हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अफगानिस्तान में दूसरी बार कांपी धरती, 4.3 तीव्रता का भूकंप



**काबुल।** अफगानिस्तान में शुक्रवार को फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए। 24 घंटे में दूसरी बार भूकंप से अफगानी धरती हिली है। भूकंप की तीव्रता 4.3 आंकी गई है। यह भूकंप जमीन से 17 किलोमीटर की गहराई पर आया। अफगानिस्तान में वीरवार को भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।

## टॉप स्टोरीज

न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 46 रन से हराया ...पेज 13

वायु सेना के लापता विमान का मलबा आठ साल बाद समुद्र में बरामद ...पेज 14

# नौकरियों का खुला पिटारा : स्कूलों और कॉलेजों में भर्ती होंगे 2600 गेस्ट टीचर

## प्रदेश कैबिनेट बैठक में पटवारियों के 900 पद भरने को भी मंजूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में 2600 गेस्ट टीचर भर्ती करने की मंजूरी प्रदान की गई। इनकी नियुक्ति प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा विभाग में की जाएगी।

वही, मंत्रिमंडल ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत न्यूजपोर्टल के संचालन के लिए एक नीति तैयार करने की मंजूरी दी। प्रदेश में पटवारियों के 900 पदों को भरने की मंजूरी दी गई। पटवारियों के पदों को अब राज्य के बजाए जिला कैडर के आधार पर भरा जाएगा। लोक निर्माण विभाग में कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 40 पद और कनिष्ठ तकनीशियन (वर्क इंस्पेक्टर) के 25 पद, जल शक्ति विभाग में वर्क इंस्पेक्टर के 20 पद, राजस्व प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर, जिला मंडी में विभिन्न श्रेणियों के सात पद तथा सैनिक कल्याण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के पांच पद भरने को स्वीकृति प्रदान की। नागरिक अस्पताल सुजानपुर को 100 बिस्तर क्षमता में स्तरोन्नत करने तथा विभिन्न श्रेणियों के 35 पद सृजित करने को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना को मंजूरी प्रदान की। राज्य कर एवं आबकारी विभाग के पुनर्गठन को स्वीकृति प्रदान की गई।



### हिमाचल में लड़कियों के विवाह की आयु अब 21 वर्ष

**मंत्रिमंडल** ने लड़कियों की विवाह योग्य आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने के संबंधित नियमों और अधिनियमों में आवश्यक संशोधन करने को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा जिला कांगड़ा के ढगवार में 1.50 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के स्वचलित दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई। इस संयंत्र की क्षमता तीन लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाई जा सकेगी।

### फिल्म नीति 2024 को स्वीकृति

**मंत्रिमंडल** ने राज्य में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित करने तथा निर्माताओं को सुविधाएं प्रदान करने के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश फिल्म नीति-2024 को स्वीकृति प्रदान की। इस नीति के तहत राज्य में फिल्म शूटिंग के लिए आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान करने के दृष्टिगत एकल खिड़की तंत्र के माध्यम से एक फिल्म फेसिलिटेशन सैल स्थापित किया जाएगा। साथ ही इसके लिए एक समर्पित वेब पोर्टल भी तैयार किया जाएगा।

### पहली कक्षा में दाखिला लेने के लिए छह माह की छूट

**कैबिनेट** में राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में पहली कक्षा में दाखिला लेने के लिए आयु सीमा में छह माह की छूट देने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मातृत्व लाभ अधिनियम-1962 के अंतर्गत शिक्षा विभाग में कार्यरत महिला कुक-सह हेल्पर को 180 दिन का मातृत्व अवकाश प्रदान करने को मंजूरी दी गई। यह लाभ दो से कम जीवित बच्चों वाली महिलाओं को ही देय होगा।

संजय कुंडू को सुप्रीम कोर्ट से **बड़ी राहत**

## सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया ट्रांसफर ऑर्डर, बने रहेंगे हिमाचल के डीजीपी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



हिमाचल प्रदेश के आईपीएस अधिकारी संजय कुंडू को डीजीपी पद से हटाने के हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। कोर्ट के आदेश के बाद उनकी डीजीपी के पद पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है।

हालांकि कोर्ट ने संजय कुंडू पर बिजनेसमैन को धमकाने के आरोप की एसआईटी जांच कराने के हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने हाई कोर्ट के नौ जनवरी के उस आदेश को चुनौती देने वाली कुंडू की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसमें उच्च न्यायालय ने डीजीपी के पद से उन्हें हटाने संबंधी पूर्व का निर्देश वापस लेने के अनुरोध वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि, इस स्तर पर उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखना अनुचित होगा, जिसमें निर्देश दिया गया है कि याचिकाकर्ता (कुंडू) को 26 दिसंबर 2023 के आदेश के अनुपालन में डीजीपी के पद से हटा दिया जाए।

दरअसल, दो जनवरी को हिमाचल सरकार ने संजय कुंडू को पद से हटा दिया था। कारोबारी से विवाद को लेकर हाई कोर्ट के आदेशों के बाद सरकार ने उनका ट्रांसफर कर दिया था और आयुष विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी के तौर पर तैनाती दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इसी मामले में कुंडू को राहत दी है। इससे पहले कुंडू पद से हटाने के खिलाफ हिमाचल हाई कोर्ट में रिकॉल अपील दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। फिर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

डेस्क पर सब एडिटर और उपमंडल स्तर पर जुझारु, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है।

संपर्क करें : 9882400808

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीतियों के इम्प्लीमेंटेशन की देखरेख और मैनेजमेंट के लिए अनुभवी और तेज तर्रार मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

संपर्क करें : 9816875517

**सर्कुलेशन विभाग**

रीडरशिप और अखबारों की प्रसार संख्या के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

संपर्क करें : 9816232526

## एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670



कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634

ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर 98160-10065

## अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक

एजेंसी, वॉशिंगटन/सना




अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने वीरवार रात को यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले इलाकों पर एयर स्ट्राइक की। अमेरिकी एयरफोर्स के अनुसार हमले 16 स्थानों पर 60 टारगेट्स पर किए गए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमलों के आदेश दिए थे। इसके बाद हूतियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। बाइडेन ने कहा- यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ यह एक्शन हाल के दिनों में लाल सागर में जहाजों पर हुए हमलों का बदला है। हालांकि, हूतियों ने अमेरिकी अटैक के बाद कहा है कि वे लाल सागर में अपने हमले जारी रखेंगे। 2016 के बाद यह यमन में हूतियों के खिलाफ किया गया अमेरिका का पहला अटैक है। यमन में किए जा रहे हमलों में अमेरिका और ब्रिटेन की सेना के साथ ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा और नीदरलैंड भी हैं। हमले यमन की राजधानी सना, सदा और धमार शहरों के साथ-साथ होदेइदाह प्रांत में हुए हैं। हूती विद्रोहियों ने हमलों की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि हमलावरों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**बाइडेन बोले- लाल सागर में जहाजों पर हमले का लिया बदला**

## पाकिस्तान को 70 करोड़ डॉलर की फौरी मदद देगा आईएमएफ

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने घोषणा की है कि उसके कार्यकारी बोर्ड ने वैश्विक ऋणदाता के स्टैंड-बाय अरेंजमेंट (एसबीए) द्वारा समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक सुधार कार्यक्रम की पहली समीक्षा पूरी कर ली है, जिससे लगभग 70 करोड़ डॉलर के तत्काल वितरण की अनुमति मिल गई है।



रिपोर्ट के अनुसार, आईएमएफ ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बोर्ड के फैसले के बाद एसबीए की व्यवस्था के तहत कुल ऋण वितरण लगभग 1.9 अरब डॉलर हो जाएगा। पाकिस्तान के नौ महीने के एसबीए को पिछले साल जुलाई में कार्यकारी बोर्ड द्वारा अनुमोदन के समय लगभग तीन अरब डॉलर की मंजूरी दी गई थी। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान में आर्थिक गतिविधियां स्थिर हो गई हैं, हालांकि परिदृश्य चुनौतीपूर्ण है और ठोस नीतियों के कार्यान्वयन पर निर्भर है।

भारत ने दिखाई दुनिया को अपनी ताकत

## कम ऊंचाई पर आकाश एनजी मिसाइल का टेस्ट

एजेंसी, नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में भारत को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। डीआरडीओ द्वारा आकाश आकाश एनजी मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया गया है।

नई पीढ़ी की आकाश एनजी मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण शुक्रवार सुबह 10:30 बजे ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से बहुत कम ऊंचाई पर एक उच्च गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्य के खिलाफ आयोजित किया गया। आकाश एनजी मिसाइल ने इस लक्ष्य को रोका और नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आकाश-एनजी मिसाइल के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना, सार्वजनिक उपक्रमों और उद्योग की सराहना की और कहा कि प्रणाली के सफल विकास से देश की वायु रक्षा क्षमताओं में और वृद्धि होगी।




## ईडी टीम पर हमले के मामले में दो लोग काबू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने ईडी टीम पर हमले के मामले में राज्य के उत्तर 24 परगना जिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया।



अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि संदेशखाली में एक हफ्ते पहले ईडी टीम पर हमला हुआ था, जिसके बाद यह गिरफ्तारी हुई है। दोनों को जिले की नजात थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

राज्य पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान सुकमल सरदार और मेहबूब मोल्ला के रूप में हुई है। इनकी पहचान ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के वीडियो फुटेज से की गई थी। सूत्रों ने कहा कि उन्हें क्षेत्र के मछली पालन फार्मों में से एक के भीतर एक गुप्त ठिकाने से गिरफ्तार किया गया।

**सौगात** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समंदर पर देश के सबसे लंबे 21.8 किमी 'अटल सेतु' का किया उद्घाटन

# मुंबई से नवी मुंबई तक का सफर अब सिर्फ 20 मिनट में

एजेंसी, मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के सबसे लंबे 21.8 किलोमीटर सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन किया। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ेगा। इससे दो घंटे की दूरी का सफर 20 मिनट में पूरा होगा। दिसंबर 2016 में मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी थी। पुल पर 17843 करोड़ रुपए लागत आई।

पुल का 16.5 किमी का हिस्सा समुद्र पर है, जबकि 5.5 किमी का हिस्सा जमीन पर है। इस पुल की क्षमता रोजाना 70 हजार वाहनों की है। पुल के उपयोग से हर साल एक करोड़ लीटर ईंधन की बचत होगी।

**16.5** किलोमीटर हिस्सा पानी और 5.5 किमी जमीन पर

**375** रुपए ब्रिज से आने-जाने का कुल टोल

**70** हजार से ज्यादा गाड़ियां हर दिन पुल से गुजरने का अंदाजा

**100** किमी प्रति घंटा रफ्तार से गुजरेंगे चौपहिया वाहन

**17,843** करोड़ आई पुल की कुल लागत



### ब्रिज पर 400 सीसीटीवी कैमरे लगाए

**पुल** को बनाने में 1.78 लाख मीट्रिक टन स्टील और 5.04 लाख मीट्रिक टन सीमेंट का उपयोग किया गया है। ब्रिज पर 400 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पक्षियों और समुद्री जीवों की सुरक्षा के लिए ब्रिज पर साउंड बैरियर और एडवांस लाइटिंग की गई है। ब्रिज की लाइफ 100 साल होगी। पुल पर एक तरफ का टोल 250 रुपए प्रति कार तय किया गया है। वहीं दोनों तरफ का टोल 375 रुपए प्रति कार होगा। मासिक पास टोल राशि का 50 गुना होगा।

### ब्रिज की चढ़ाई और उतराई पर स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा

**लोगों** की सुरक्षा को देखते हुए कुछ जरूरी गाइडलाइन भी जारी की गई हैं। इसके तहत ब्रिज पर मोटरसाइकिल, मोपेड, तिपहिया वाहन, ऑटो और ट्रैक्टर नहीं चलेंगे। फोर-व्हीलर, मिनी बस और टू-एक्सेल व्हीकल की अधिकतम स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। ब्रिज की चढ़ाई और उतराई पर वाहनों की स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा नहीं होगी।

## नासिक में पीएम का रोड शो कालाराम मंदिर में की पूजा

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नासिक में डेढ़ किमी का रोड शो किया। इसके बाद कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना की।

मोदी ने दक्षिण की गंगा कही जाने वाली गोदावरी में गंगा पूजा भी की। प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर नासिक में 27वें नेशनल यूथ फेस्टिवल का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि आज देश का अंदाज और मिजाज पूरी तरह से युवा है। जो युवा होता है, वह पीछे नहीं रहता, बल्कि लीड करता है। अंतरिक्ष में भेजे गए चंद्रयान-3 और आदित्य एल1 इसके सबूत हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 22 जनवरी तक देश के सभी मंदिरों की साफ-सफाई भी करें।



## आतंकवादी रिंदा का मुख्य गुर्गा राजस्थान से किया गिरफ्तार

एजेंसी, चंडीगढ़

पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ एक संयुक्त अभियान में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा के एक प्रमुख गुर्गे को राजस्थान से गिरफ्तार किया। वह अमेरिका स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया का भी सहयोगी है।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी कैलाश खिचन सितंबर 2023 में फाजिल्का में दर्ज गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में वांछित था। इसके अलावा, आरोपी का आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ पंजाब और राजस्थान में जबरन वसूली, एनडीपीएस अधिनियम और शस्त्र अधिनियम से संबंधित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीजीपी यादव ने कहा कि हाल के दिनों में पंजाब पुलिस के विभिन्न आतंकवादी मॉड्यूलों का भंडाफोड़ करने में खिचन का नाम सामने आया है। इसके बाद एआईजी संदीप गोयल की देखरेख में एडीजीपी प्रोमोद बान की अध्यक्षता में और डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ के नेतृत्व में एजीटीएफ की टीमों ने राजस्थान में आरोपी के स्थान को ट्रैक करने में कामयाबी हासिल की और उसे फलोदी जिले के लोहावट गांव से गिरफ्तार कर लिया।



## न्यूज ब्रीफ

### परागपुर ब्लॉक की बैठक 16 जनवरी को

**डाडासीबा।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ ब्लॉक परागपुर की बैठक 16 जनवरी मंगलवार को नंगल चौक स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित होगी। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रेस सचिव कुलदीप सपेहिया ने बताया कि बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### जल्द किया जाएगा नई कार्यकारिणी की गठन

**देहरा।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हिमाचल प्रदेश ने देहरा ब्लॉक की कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया है। क्योंकि यह कार्यकारिणी पिछले एक वर्ष से सक्रिय नहीं है यह बात प्रभारी हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र एवं राज्य सह संयोजक ठाकुर हीरा पाल सिंह ने देहरा विधानसभा के प्रवास के दौरान कही। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

### लक्की ड्रॉ में निकली 40 इंच की एलईडी


लक्की ड्रॉ का पुरस्कार लेती अनिता कुमारी।

**जयसिंहपुर।** अमित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के मालिक अमित सोनी ने बताया कि दीवाली महोत्सव पर उन्होंने विशेष आफर चलाया था। इसमें सभी ग्राहकों को कूपन दिए गए थे। इसमें सभी कूपनों में आकर्षित इनाम निकले हैं व एक लक्की कस्टमर को 40 इंच की एलईडी इनाम में निकली है। लक्की कस्टमर रही अनिता कुमारी ने अमित इलेक्ट्रॉनिकस से दिवाली आफर पर एक वॉशिंग मशीन ली थी । अमित सोनी ने बताया कि उनके जयसिंहपुर व अपर लंबागांव में इलेक्ट्रॉनिक शो रूम हैं जहां त्योहरों व विशेष उपलक्ष पर फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एलईडी, एसी व अन्य सामान लेने वाले ग्राहकों के लिए कीमत में भारी छूट के साथ विशेष आफर चलाए जाते हैं ।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने धूमधाम से मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

### छात्रों को ऑनलाइन दिखाया पीएम का कार्यक्रम

**धर्मशाला।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में धूमधाम से किया गया। इसमें परिसर के एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस उपलक्ष पर नासिक में हुए राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान चल रहे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को एनएसएस के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम से दिखाया गया।

### शिवाली और नितिका ने जीता गोल्ड मेडल


घर पहुंचने पर शिवाली और नितिका का स्वागत करते लोग

**पंचरुखी।** नेपाल में करवाई गई पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में हिमाचल के उपतहसील पंचरुखी की दो लड़कियों ने गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवाली गांव लदोह व नितिका गांव व्याडा जैसे ही शुक्रवार को सुबह नेपाल से पंचरुखी पहुंची परिवारजनों व स्थानीय लोगों ने इनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। ये दोनों लड़कियां राजपुर कॉलेज में नितिका प्रथम वर्ष व शिवाली द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रहीं हैं। कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा ने इन दोनों बेटियों, इनके परिजनों व शिक्षकों को इनकी सफलता के लिए बधाई दी।

### पावर लिफ्टिंग में रुद्रांश ने मारी बाजी


पावर लिफ्टिंग गोल्ड जितने पर रुद्रांश का स्वागत करते ग्रामीण।

**बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल के पपरोला के रहने बाले रुद्रांश ने छठीं इंडो नेपाल पेसेफीक पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीत कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 110 किलो कैटेगरी में अपनी नवी लिफ्ट में उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। नेपाल के पोखरा में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। उन्होंने इस का श्रेय अपने कोच निखिल गौतम और पिता अनिल सूद, माता सलोनी सूद और अपनी नानी को दिया है।

### गरली में 69 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**गरली।** धरोहर गांव गरली में शुक्रवार को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा एकदिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप लगाकर 69 मरीजों का उपचार किया। पंचायत प्रधान शशि लता की अध्यक्षता में लगे इस निशुल्क मेडिकल कैंप में जहां भिन्न-भिन्न बीमारियों से पीडित लोगों का उपचार किया गया। बल्कि उनके टेस्ट व दवाइया भी फ्री बाटीं गई। जानकारी देते हुए पंचायत प्रधान शशि लता ने बताया कि एमओ डॉक्टर विजय जरियाल, लैब टेक्नीशियन अनुराधा फार्मासिस्ट सरबजीत, सहयोगी रविंद्र कुमार स्वास्थ्य टीम ने कुल 69 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें 35 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए और जिसमें 12 मरीज हड्डियों के रोगी, छह शुगर के मरीज और 13 बीपी के मरीज और एक स्त्री रोगी व 37 साधारण रोगी मरीज पाए गए। बहरहाल, धरोहर गांव गरली में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा एकदिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप लगाकर 69 मरीजों का उपचार किया।

ठेहड़ा में तीन महीने से कर रहा था बिजली चोरी, 2.11 हजार रुपए जुर्माना ठोंका

# पुल निर्माण करने वाला फोरलेन ठेकेदार बिजली चोरी करते पकड़ा

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**



उपमंडल ज्वालामुखी में बिजली बोर्ड के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल द्वारा एक और बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

बिजली बोर्ड की फ्लाइंग स्क्वाड ने ठेहड़ा में पुल के पास फोरलेन का कार्य करने वाले एक ठेकेदार को बिजली चोरी करने के मामले में रंगे हाथों पकड़ा है। फोरलेन ठेकेदार द्वारा पुल का निर्माण किया जा रहा है। इसके कारण वहां वेल्डिंग मशीनें व अन्य उपकरण सीधी तारों से जोड़े हुए थे। निर्माण के दौरान बिजली की सीधी चोरी की जा रही थी। मौके पर बिजली बोर्ड के कर्मचारियों द्वारा उक्त जगह की तस्वीरें खींची गई। वहां मौजूद वेल्डिंग मशीन पानी को भी जब्त किया गया। ज्वालामुखी बिजली बोर्ड के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल ने बताया कि बिजली बोर्ड द्वारा उक्त ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसमें उनके खिलाफ अवैध रूप से बिजली के इस्तेमाल करने पर दो लाख 11 हजार 721 रुपए जुर्माना लगाया गया है। वहीं इस राशि को बिजली बोर्ड को एक हफ्ते के अंदर भरने की बात भी कहीं है।


(अनंत ज्ञान)

### बिजली चोरी करने वालों की अब खैर नहीं

**अधिकारी** ने बताया कि इस ठेकेदार पर पिछले लगभग तीन महीने से गलत तरीके से बिजली चोरी करने की वजह से यह जुर्माना लगाया गया है, जो कि पुल निर्माण का कार्य कर रहा था। कर्णवीर पटियाल ने बताया कि ऐसे बिजली चोरी करने वालों को बख्शा नही जाएगा और कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## परागपुर में आज मचेगी राज्य स्तरीय लोहड़ी उत्सव की धूम

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

शनिवार 13 जनवरी को परागपुर बाजार में पारंपरिक रूप से शोभा यात्रा के साथ राज्य स्तरीय लोहड़ी उत्सव का आगाज होगा। उपरोक्त राज्य स्तरीय लोहड़ी मेले मे किसी तरह की कमी न रहे। इसके लिए विभागीय प्रशासन ने तमाम सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली है। परागपुर में विभिन्न विभाग के अधिकारियों व स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने यह जानकारी दी। एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने मेले की तैयारियों को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदारियां सुनिश्चित की गई।

वहीं, राज्य स्तरीय लोहड़ी मेले के चीफ गेस्ट मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल होगे तो वहीं इस दौरान सुबह साढ़े 11 बजे यहां भिन्न-भिन्न सजी प्रदर्शिनियों का उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इससे पहले शनिवार शाम को हर बर्ष की तरह विधिवत ढंग से पुरानी परंपरा के तहत अगीठी पूजन किया जाएगा। एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने कहा कि लोहड़ी महोत्सव मे आने बाले तमाम लोगों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए टैंट व्यवस्था व सजावट, सफाई व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, कानून व्यवस्था, अतिथि एवं स्वागत व्यवस्था, बिजली व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर तमाम जिम्मेदारियां सुनिश्चि की गई है। इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा कुमार साहिल व रुनझुनुआ फेम मोहित गर्ग आदि नामी कलाकारों के नाम फाइनल। परागपुर में राज्य स्तरीय लोहड़ी महोत्सव मे सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम को लेकर इडिंयन आईडल फेम अनुज शर्मा कुमार साहिल व रुनझुनुआ फेम मोहित गर्ग आदि नामी कलाकारों के नाम फाइनल किए गए है।

## सीयू स्थापना को लेकर विभिन्न संगठन 18 को करेंगे प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


अतुल भारद्वाज।

18 दिसंबर को केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के मुद्दे को लेकर विभिन्न संगठनों के साथ सांकेतिक क्रमिक धरना शुरू कर दिया जाएगा। यह बात पत्रकारों को संबोधित करते हुए समाजसेवी अतुल भारद्वाज ने कही।

उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद एवं मुख्यमंत्री शांता कुमार शर्मा ने आह्वान किया था कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे की लड़ाई के लिए सभी बुद्धिजीवी, नेता, सामाजिक एवं राजनीतिक दल एक मंच पर आएं। इसी कड़ी में 18 दिसंबर से विभिन्न संगठनों एवं छात्र दलों के साथ उक्त धरना प्रदर्शन की शुरुआत की जाएगी और संभवता 25 दिसंबर को महा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए सभी दिग्गज नेताओं को धरने पर बुलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महा धरने की तिथि को आगे भी बढ़ाया जा सकता है, यह निर्भर करेगा कि कितने नेता खुल कर केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे का समर्थन करते हैं। गौरतलब है कि पर्यावरण मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश सरकार को वनों को होने वाले नुकसान के एवज में एक मुश्त 30 करोड़ रुपए जमा करवाने का निर्देश दिया है लेकिन अभी तक प्रदेश सरकार की ओर से उक्त राशि जमा नहीं करवाई गई है।

इसी को लेकर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठन प्रदेश सरकार पर दबाव बना रहे हैं कि जल्द से जल्द इस रकम को जमा करवाया जाए, ताकि केंद्रीय विश्वविद्यालय का निर्माण शुरू हो सके।

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

## एसवीएन स्कूल में गूंजे देशभक्ति के तराने

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



कार्यक्रम के दौरान मनमोहक प्रस्तुति देती स्कूल की छात्राएं।

जसवां परागपुर विधानसभा के अंतर्गत शांतला पंचायत में स्थित सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शुक्रवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह में पवन कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि व्यापार मंडल डाडासीबा के अध्यक्ष राजिंद्र सिंह, समाजसेवी लक्की कपूर और पूर्व बीडीसी सदस्य तरसेम चंद ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

स्कूल मुख्याध्यापिका मीनाक्षी कपूर और स्कूल प्रबंधन ने मुख्यातिथि एवं विशेष अतिथियों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया तथा तदोपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ। इसके बाद बच्चों ने भांगड़ा, नाटी, गिद्दा, लघुनाटक, सहित पहाड़ी, देशभक्ति और पंजाबी गीतों पर मनमोहक नृत्य पेश किए। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद मुख्यातिथि ने स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यातिथि पवन कुमार शर्मा ने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन छात्रों के लिए काफी अहम होता है तथा यहीं से एक छात्र का जीवन शुरू होता है,अतः बच्चों को स्कूल में मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। इस मौके पर स्कूल मुख्याध्यापिका मीनाक्षी कपूर, चेयरमैन राजकपूर, समन्यवक बलबीर चंदेल, कटोह-टिक्कर पंचायत प्रधान उर्मिला देवी, शांतला पंचायत प्रधान राहुल राणा, पीरसलूही पंचायत प्रधान संजीव कुमार और क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित स्कूल स्टाफ सदस्य और बच्चों के साथ उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### राजपुर कॉलेज में सजे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से जुड़े छात्रों ने इस शिविर में योगा, नशा मुक्ति रैली और सफाई अभियान से संबंधित कार्य किए। दत्तक लिए गांव में जाकर छात्रों द्वारा गांव की साफ सफाई, नलकूपों और नालियों की सफाई के साथ गड्ढों में मिट्टी भराव का भी काम किया। इसके साथ गांव के मंदिर और आस पास के इलाके को भी साफ किया गया। इस अवसर पर इकाई से जुड़ी छात्रा मीनाक्षी ने सात दिवसीय कैंप में छात्रों द्वारा की गई गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए रिपोर्ट पढ़ी। इस सात दिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक व प्राचार्य डॉक्टर विवेक शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया।

## 'सुंदर मुंदरिए हो, तेरा कौन बेचारा हो'



**नगरोटा बगवां।** आज कल लोहड़ी पर्व के आगमन पर छोटे छोटे बच्चे घर घर जा कर लोहड़ी मांग कर सदियों से चले आ रहे पर्व एवं त्योहारों पर गाए जाने वाले पुराने गानों को गा कर पुरानी संस्कृति एवं रीति रिवाजों की यादें संजो कर रखने की सीख दे रहे हैं।

### हम प्रकृति से ऊपर नहीं हैं, हम प्रकृति का हिस्सा हैं

**धर्मशाला।** ट्रैकिंग और कैंपिंग गतिविधियों के लिए नए साल की छुट्टियों के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी कमी के चलते ईको टूरिज्म सोसायटी, एचपीईसीओएसओसी ने प्रवेश और टेंटिंग शुल्क पर 50 प्रतिशत ऑफसीजन छूट की घोषणा की है। प्रवेश शुल्क अथवा परमिट शुल्क ऑफसीजन में अब. 100 रूपए प्रति व्यक्ति प्रति दिन होगा। त्रिउंड और अन्य ट्रेक मार्गों के लिए 2 दिन की अवधि के टेंटिंग शुल्क में भी 50 प्रतिशत छूट होगा जिसका शुल्क अब 275 रूपए होगा। उपरोक्त ऑफसीजन दरें 12 जनवरी, 2024 से अगले आदेश तक प्रभावी रहेंगी। हालांकि मान्यता प्राप्त विविध साहसिक गतिविधि संचालकों के पंजीकृत गाइडों के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, जो हिमाचल प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग के साथ हिमाचल प्रदेश विविध साहसिक गतिविधि नियम 2021 के तहत पंजीकृत हैं। संजीव गांधी सदस्य कार्यकारी समिति ईको टूरिज्म सोसायटी एचपीईसीओएसओसी, हिमाचल प्रदेश सरकार ने आगे कहा कि माननीय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश की इको टूरिज्म सोसायटी सभी के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पर्यटकों की खुशी के लिए ट्रैक पर साइनेज, रेन शेल्टर, पर्यटक, ट्रैकर्स बीमा, पेयजल सुविधा, सोलर लाइट, ई-शौचालय जैसी विभिन्न सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से राज्य में ईको टूरिज्म गतिविधियों को बढ़ावा देने, मजबूत करने और बढ़ाने के लिए हितधारक, वहन क्षमता, प्राथमिक चिकित्सा और बचाव बैकअप, हेल्पलाइन संपर्क, ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव आदि सुनिश्चित किया जा रहा है।

### बस बंद होने से लोग हो रहे तंग

**गरली।** गांव सदवां मनियाला शिव तपोभूमि कालेश्वर महादेव ादौन आदि रूटों पर निकलने बाली तमाम कई बसे करीब छह महीनों से लगातार अपने मनमाने ढंग से चलाने पर अब स्थानीय क्षेत्र भर की आम जनता श्रद्धालु व स्कूली बच्चे बेहद परेशान हो चुके है। वहीं इस गंभीर समस्या का दंश झेल रहे स्थानीय तमाम ग्रामीणों ने अब उपरोक्त ट्रासपोर्ट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं, शुक्रवार को गांव मनियाला मे जमा हुए तमाम लोगों ने दो टूक धमकी देते हुए कहा कि अगामी तीन दिन के भीतर उपरोक्त निर्धारित रूटों पर चलने बाली बसें समय पर न चली तो मजबूरन स्थानीय तमाम ग्रामीण सड़कों पर उतर आएंगे और इस बारे स्थानिय ग्रामीण की इस गंभीर समस्या की लिखत शिकायत सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भी की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस समस्या को जल्द हल करने की गुहार लगाई है।

## परगोड़ व मनेई पंचायत पहुंचा गोशाला निर्माण का अभियान

**अनिल छांगू, जवाली**


गोशाला अभियान के लिए बातचीत करने का दौर।

चंगर क्षेत्र की छह पंचायतों द्वारा बेसहारा गोवंशों को आश्रय देने की मुहिम आज परगोड़ व मनेई पंचायत में पहुंची। आज परगोड़ व मनेई पंचायत में आम बैठक हुई, जिसमें पंचायत प्रधान मनेई निशा देवी,पंचायत प्रधान परगोड़ हेमराज, पंचायत हारचकियां के प्रधान तिलक राज, पंचायत ठेहड़ के प्रधान मंजीत सिंह, गोरक्षक प्रधुम्न शर्मा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्राम सभा मे गोशाला बनाने के बारे में स्थानीय लोगों में चर्चा कर सुझाव लिए गए।

वहीं, लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों के इस कदम की सभी ने प्रशंसा की। वहीं, तिलक राज ने लोगों के सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि गोशाला को लेकर दानी सज्जन धनराशि का सहयोग कर रहे है। उसके लिए सभी दानी सज्जनों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि तीन पंचायतों में चर्चा हो गई है। तीन पंचायतें बची हैं। जिनसे जाकर भी जल्द ही बातचीत कर बहुत जल्द कमेटी का गठन कर गोशाला का शिलान्यास करवा दिया जाएगा। गौरतलब हो कि बेसहारा गोवंश से आज हर कोई परेशान है। किसानों ने फसलों को बीजना तक बंद कर दिया है। कुछ लोग रातों को जाग कर फसलों की रखवाली कर रहे है। गोशाला के निर्माण से चंगर के लोगों को इन बेसहारा पशुओं से निजात मिलेगी।

### कृषि विवि की जमीन पर नहीं बनने देंगे पर्यटन गांव

**पालमपुर।** कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट के भाजपा प्रभारी एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि भाजपा पालमपुर में बनने वाले पर्यटन गांव का विरोध नहीं करती, लेकिन इसे कृषि विवि की जमीन पर कतई बनने नहीं दिया जाएगा। कहा कि विवि में पर्यटन गांव बना कर कैसीनो, डांस, देर रात पार्टी चलने से हम प्रदेश की संस्कृति को खराब नहीं होने देंगे। यहां पर शिक्षा का मंदिर है न कि कोई पर्यटन स्थल है। यहां पर पर्यटन गांव को स्थगित नहीं किा तो भाजपा अपना आंदोलन शुरु कर देगी। इस बाबत भाजपा ने एसडीएम मैत्रा नेती के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस में कांगड़ा के साथ भारी भेदभाव हो रहा है। इसको अब जनता सहन नहीं करेगी। पत्रकारों से बात करते हुए पलमपुर कृषि विवि में पर्यटन गांव को लेकर पार्टी व संगठन का रुख स्पष्ट करते हुए विपिन परमार ने कहा कि भाजपा पर्यटन गांव को किसी भी हालत में कृषि विवि में नहीं बनने देगी।

## बीडीओ पूजा अधिकारी ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**


बड़ोह की बीडीओ पूजा अधिकारी।

कांगड़ा जिला के बड़ोह ब्लॉक की सभी 20 पंचायतों में आपदा प्रबंधन के काम तेजी से चल रहे हैं। बरसाती आपदा के बाद मनरेगा व अन्य फंड से आपदा प्रबंधन किया जा रहा है। यह बात बीडीओ बड़ोह पूजा अधिकारी ने सद्दूं पंचायत में अपने दौरे के दौरान कही।

बीडीओ पूजा अधिकारी ने शुक्रवार को क्षेत्र के कई इलाकों का दौरा करके फीडबैक ली। पूजा अधिकारी ने उम्मीद जताई कि बड़ोह की कई पंचायतें पंचायत डेवलपमेंट इंडीकेटर में अव्वल स्थान हासिल करके बड़ा इनाम जीतेंगी। पंचायत डेवलपमेंट इंडीकेटर में ब्लाक, जिला व राज्य स्तर पर अव्वल रहने वाली पंचायतों को नेशनल अवार्ड मिलते हैं। उन्होंने बताया कि बड़ोह ब्लाक में मनरेगा, वित्तायोग के अलावा पीएम विश्वकर्मा योजना पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि पंचायती राज कर्मियों में समन्वय मजबूत करने के लिए महीने में दो बार मीटिंग ली जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि कऊ शैड बनाने के लिए वेटरनरी विभाग की रिपोर्ट जरूरी है। प्रार्थी को वेटरनरी विभाग से लिखवाना होगा कि उसे कऊ शैड की जरूरत है। पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से शिकायतें आने पर प्राथमिकता के आधार पर उनका निपटारा किया जाता है। गौर रहे कि साल 2022 बैच की एचएएस अधिकारी व एयरफोर्स में स्क्वाड्रन लीडर रह चुकी पूजा अधिकारी के पति भी एयरफोर्स में सेवाएं दे रहे हैं।

**आस्था**

मकर संक्रांति के अवसर पर शिव मंदिर बैजनाथ में सजेगा घृत मंडल, तैयारियां जोरों पर

# बैजनाथ में 1.80 क्विंटल घी से बनेगा घृत मंडल

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



मकर सक्रांति के अवसर पर शिव मंदिर बैजनाथ में हर वर्ष की भांति इस बार भी घृत मंडल चढ़ाया जाएगा। इसको लेकर मंदिर में तैयारियां शुरू हो गई है शुक्रवार तक लगभग एक क्विंटल 80 किलो शुद्ध घी को धोकर माखन तैयार किया जा चुका है।

इस माखन को तैयार करने के लिए मंदिर के पुजारी व कर्मचारियों में कांगड़ा मंदिर से आए पुजारी प्रभात अवस्थी तथा अजय अवस्थी पूरी निष्ठा के साथ लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि वीरवार को लगभग एक क्विंटल घी का माखन तैयार किया जा रहा है। शुक्रवार को भी लगभग इतना ही माखन बनाया जाएगा।

इससे मंदिर परिसर में बने जमदग्नि ऋषि तथा भैरव मंदिरों में रखा जाएगा। इस माखन का उपयोग मकर संक्रांति के दिन पूरे विधि-विधान से शिव मंदिर मे विराजमान अर्द्धनारेशवर भगवान शिव व मां पार्वती के स्वरूप में बने शिवलिंग पर चढ़ाया जाएगा तथा घृत मंडल को चढ़ाने के पश्चात उसकी सजावट सूखे मेवों व फलों से की जाएगी।


शिवि मंदिर बैजनाथ में लोहड़ी के उपलक्ष्य पर माखन से घृत मंडल तैयार करते हुए मंदिर कमेटी के सदस्य।

श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए यह घृत मंडल सात दिनों तक शिवलिंग पर इसी तरह चढ़ा रहेगा। उसे आठवें दिन उतार कर श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में बांट दियाा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### घृत मंडल को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं

**सहायक** उपायुक्त एवं तहसीलदार डॉक्टर भावना वर्मा का कहना है कि इस बार सवा दो क्विंटल शुद्ध घी के माखन से घृत मंडल तैयार किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां जोरों पर है तथा मंदिर को विद्युत चालित लड़ियों सजा दिया तथा मंदिर के गर्भ गृह को प्राकृतिक फूलों से भी सजाया जाएगा।

# स्मार्ट सिटी धर्मशाला में सजी सुरों की महफिल

## लोहड़ी और मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर अनंत ज्ञान ने आयोजित की सांस्कृतिक संध्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र की ओर से स्मार्ट सिटी धर्मशाला में लोहड़ी और मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंची नगर निगम धर्मशाला की महापौर नीनू शर्मा तथा विशिष्ट अतिथियों का अनंत ज्ञान मीडिया की जीएम एडमिनिस्ट्रेशन प्रतिभा धीमान ने गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें हिमाचली टोपी एवं शॉल पहना कर सम्मानित किया।




नगर निगम की उपमहापौर तेजिंदर कौर, पार्षद अनुराग धीमान, जिला भाषा अधिकारी तथा बीएसएनएल के एसडीओ राजेश शर्मा भी मौजूद रहे। मेयर नीनू शर्मा तथा जीएम एडमिनिस्ट्रेशन प्रतिभा धीमान समेत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर महापौर नीनू शर्मा ने अनंत ज्ञान को निर्भीक एवं निष्पक्ष समाचार पत्र बताते हुए कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि यह अखबार जनता की समस्याओं को सरकार के समक्ष इसी तरह से निडरता से रखेगी। उन्होंने अनंत ज्ञान टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अंशुल चमन ने शिव कैलाशों के वासी भजन से संध्या की शुरुआत की। उन्होंने हर हर शंभू भजन भी सुनाया। म्यूजिक के प्रोफेसर सतीश ठाकुर ने मंच पर आने के बाद एक के बाद एक गाने गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, पहाड़ी गायिका निम्मो चौधरी और उभरती गायिका ईशा गुरंग ने पुराने एवं नए हिंदी गानों से समां बांधा। हाईजर्क्स रॉक बैंड के नन्हे कलाकारों ने भी खूब धमाल मचाई। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों में सेवानिवृत्त एपीआरओ नसीम बाला, शिवानी खनका, बीना शर्मा व जिला चंबा से विजय भवानी आदि मौजूद रहे।

### डॉ. सतीश ठाकुर, निम्मो चौधरी व अंशुल चमन ने बिखेरा मखमली आवाज का जादू

### हाईजैक्र्स रॉक बैंड और नेपाली डांस ग्रुप ने मचाई धमाल



लोहड़ी और मकर संक्रांति के मौके पर अनंत ज्ञान ने सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर मेयर नीनू शर्मा का स्वागत करती अनंत ज्ञान टीम।




मेयर नीनू शर्मा व (दाएं) डिप्टी मेयर तेजिंदर कौर के साथ जीएम एडमिनिस्ट्रेशन प्रतिभा धीमान




पार्षद अनुराग धीमान तथा (दाएं) सेवानिवृत्त एपीआरओ नसीम बाला के साथ प्रतिभा धीमान।




अनंत ज्ञान की सांस्कृतिक संध्या का लुत्फ उठातीं मेयर और डिप्टी मेयर व अन्य अतिथि तथा (दाएं) नेपाली डांस ग्रुप के सदस्य अपनी प्रस्तुति देते हुए।





अनंत ज्ञान की सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते पहाड़ी गायक अंशुल चमन (मध्य) लोक गायिका निम्मो चौधरी व (दाएं) प्रदेश की उभरती गायिका ईशा गुरंग।



मेयर नीनू शर्मा, प्रतिभा धीमान व जावा कंपनी के जीएम सतीश।



बीएसएनएल के एसडीओ राजेश को सम्मानित करतीं मेयर नीनू शर्मा।



निम्मो चौधरी को सम्मानित करतीं मेयर नीनू शर्मा।



वीना शर्मा को सम्मानित करतीं मेयर नीनू शर्मा।



प्रतिभा धीमान के साथ अमित।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रिकेट के फाइनल मुकाबले आज से

**पालमपुर।** पालमपुर स्पोर्ट्स कमेटी द्वारा पांचवां मीडिया क्रिकेट टी- ट्वेंटी चैलेंजर कप हर वर्ष की तरह तीन जनवरी से पालमपुर शहीद विक्रम बतरा स्टेडियम से शुरू करवाया गया । पालमपुर स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष मंजूर अहमद बबलू ने कहा की टूर्नामेंट के अंतर्गत 12 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में लीग के आधार पर चार ग्रुपों में मैच करवाए गए। दो फाइनलिस्ट टीम 13 जनवरी को विक्रम बत्रा स्टेडियम पालमपुर में फाइनल मैच खेलेगी। वॉरियर 11 कांगड़ा व कोल्ड हिल क्लब के मध्य होगा फाइनल मुकाबला। फाइनल मुकाबले में मुख्यातिथि के रूप में अंशुल सूद शिरकत करेंगे।

### जिला उपनिदेशक की अध्यक्षता में ही हो बैठक

**धर्मशाला।** स्कूल मुखियाओं की महत्वपूर्ण बैठकें जिला उपनिदेशक की ही अध्यक्षता में होनी चाहिए, यह बात शुक्रवार को हैडमास्टर एवं प्रधानाचार्य संघ की धर्मशाला में आयोजित एक बैठक में एकमत के साथ सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कही। यह बैठक जिला अध्यक्ष हरवंत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा उपनिदेशक उच्च कांगड़ा स्थित धर्मशाला द्वारा आठ जनवरी को प्रेषित पत्र का समर्थन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्कूल मुखिया की बैठक केवल शिक्षा उपनिदेशक की अध्यक्षता में ही होनी चाहिए तथा बैठक में उन्हीं मुद्दों पर बातचीत होनी चाहिए जिस के लिए बुलाया जाता है तथा बैठक कम से कम समय ही होनी चाहिए, ताकि समय व्यर्थ न किया जाए।

### गुरुकुल स्कूल में लोहड़ी उत्सव की धूम

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा के गुरुकुल पब्लिक स्कूल सदवा नूरपुर के प्रांगण में लोहड़ी उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इसमें स्कूल के प्रबंधक ज्योति सौगुनी तथा स्कूल की प्रांगण में प्रधानाचार्या कुमुद शर्मा ने कार्यक्रम का आयोजन करवाया। सभी अध्यापक व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महोदया ने सभी बच्चों को लोहड़ी पर्व के महत्व के बारे में समझाया तथा सब के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ खुशियां मनाते हुए इस त्योहार को मनाया गया तथा ज्योति सौगुनी तथा कुमुद शर्मा ने सभी इलाका वासियों, प्रदेश वासियों तथा देश वासियों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### 21 किसानों ने ली मशरूम की ट्रेनिंग

**पालमपुर।** बागवानी विभाग द्वारा किसानों को पांच दिवसीय मशरूम ट्रेनिंग का समापन डॉक्टर सुबोध शर्मा ने किया। इसमें उन्होंने किसानों को प्रशस्ति पत्र व मशरूम की खेती के लिए किताब दी गई। इस अवसर पर उन्होंने बागवानों को मशरूम के भंडारण के बारे में किसानों को जानकारी दी और किसानों को मार्केटिंग के बारे में किस तरह क्लस्टर अप्रोच में किया जा सके बताया। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में फ्रूट टेक्नोलॉजिस्ट डॉक्टर सुबोध चंदर ने किसानों को मशरूम के भंडारण के बारे में किसानों को जानकारी दी इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में कांगड़ा जिले के 21 किसानों ने प्रशिक्षण लिया।

### निशुल्क नेत्र चेकअप कैंप में जांची लोगों की आंखें

**पालमपुर।** रोटरी क्लब पालमपुर तथा रोटरी आई फाउंडेशन मारंडा के संयुक्त तत्वावधान में रोशनी देवी मिट्ठू ट्रस्ट के सहयोग से तालाब रोड गरली में एक निशुल्क नेत्र चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 136 लोगों की आंखों का चेकअप किया गया तथा जिनकी आंखों को चश्मे की जरूरत थी उन्हें आंखों का नंबर दिया गया, जिन्हें 55 निशुल्क चश्मे दिए जाएंगे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष ऋषि संग्राय ने कहा कि रोटरी क्लब समाज के हर क्षेत्र में उन लोगों की सेवा में जुटा है ।

## स्वच्छता में नगरोटा बगवां नंबर वन, मिला स्वच्छ सिटी का अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

स्वच्छता सर्वेक्षण में नगरोटा बगवां को पहले स्थान पर रखते हुए स्वच्छ सिटी अवॉर्ड से नवाजा गया है। हर क्षेत्र में नगरोटा बगवां हमेशा से नंबर-एक पर ही रहा है। विकास पुरुष जीएस बाली जिस तरह से नगरोटा बगवां के विकास को गति देते रहे। इस तरह से नगरोटा बगवां को बुलंदियों तक ले गए।

इसका नतीजा यह है कि इस विधानसभा क्षेत्र के आगे बढ़ने की गति अब रुकने का नाम नहीं ले रही। आज विकास पुरुष जीएस बाली के बेटे आरएस बाली ने उनकी बागडोर संभाली है और बड़ी-बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने में जुटे हैं। नगरोटा बगवां के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रैंक आरएस बाली लगातार नगर परिषद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े दिखते हैं। आरएस बाली का सफल प्रयास होता है कि वो सरकार की तरफ से तो नगरोटा बगवां के विकास के लिए बजट उपलब्ध करवाएं ही, साथ ही जहां कोई कमी पेशी हो तो अपने निजी खर्चे से भी मदद करने में पीछे नहीं हटते। यहीं कारण है कि आज नगरोटा बगवां स्वच्छ शहरों में पहले नंबर पर पहुंच गया है। अब आपको बताते हैं कि ऐसी कौन सी तकनीक है, जिसे नगर परिषद धरातल पर उतारता दिख रहा है। दरअसल, सभी वार्डों में घर-घर से गीला और सूखा कचरा उठाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है। इस मास्टर प्लान पर परिषद की ओर से गंभीरता से काम किया गया। इसके लिए इलेक्ट्रिक वाहनों और रेहड़ियों को प्रयोग में लाया जाता है। नगर के वेस्ट मेटेरियल को प्रोसेस करने के लिए प्रोसेसिंग मशीन स्थापित की गई है. नगर में सार्वजनिक स्थानों में स्टेनलेस स्टील की सीटों से युक्त दो शौचालय बनाए गए, जबकि अन्य शौचालयों में नियमित सफाई का प्रबंध किया गया।

### शहर के पॉलीथिन को भेजा जाता है अंबुजा सीमेंट फैक्टरी

**वहीं,** शहर में एकत्रित होने वाले पॉलीथिन को अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री में भेजा जाता है, जिसके लिए अंबुजा से बाकायदा एमओयू साइन किया गया था। जबकि एक प्राधिकृत कंपनी से ई-वेस्ट के निस्तारण का भी पूर्ण प्रबंध किया गया है। नगर परिषद सफाई को लेकर निरंतर गंभीर प्रयास करती है और इसके लिए अतिरिक्त सफाई मजदूर लगाए गए हैं। इससे केंद्र सरकार ने शहरों को पुरस्कार से नवाजा गया है।

## विधायक सुधीर शर्मा ने किया योल बनोरडू-बरवाला सड़क का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने शुक्रवार को जनता के लिए तोहफों की झड़ी लगा दी। सुधीर शर्मा ने शुक्रवार को एक सादे समारोह में योल-बनोरडू-बरवाला सड़क का लोकार्पण किया। विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि उन्होंने जनता से किया वादा पूरा किया है। सुधीर शर्मा ने इसी बीच बरवाला और ढगवार में बनने वाले खेल मैदानों की भी नींव रखी। ढगवार में 22 कनाल पर बनने वाले खेल मैदान का भी शिलान्यास किया। इन मैदानों पर 25 लाख रुपए प्रति मैदान खर्च होंगे।

इसके उपरांत उन्होंने दाड़ी में बाइस लाख रुपए से बनाए गए हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के शिकायत निवारण कक्ष एवम कनिष्ठ अभियंता कार्यालय का लोकार्पण किया। दोपहर बाद उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा के कार्यालय में नेत्र मोबाइल इकाई के विश्राम गृह व प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण किया। ढगवार पंचायत में अपने संबोधन में सुधीर शर्मा ने कहा कि मिल्क प्लांट की अपग्रेडेशन के बाद इस पंचायत में 22 कनाल जमीन पर खेल मैदान का रास्ता साफ हो गया है। शुक्रवार को सुधीर शर्मा ने ढगवार पंचायत में खेल मैदान का शिलान्यास किया। सुधीर शर्मा ने कहा कि ढगवार मिल्क प्लांट की अपग्रेडेशन, ढगवार-मसरेहड़ सड़क के साथ ही यह खेल मैदान तय समय पर पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए दस लाख की राशि जारी हुई है। जरूरत पड़ने पर और मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मांझी खड्ड के तटीकरण के लिए 10 करोड़ की राशि आ गई है। तटीकरण के साथ मांझी खड्ड के किनारों को बेंच, गजीबो व साइकिलिंग रोड से सुंदर बनाया जाएगा।



कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन करते हुए विधायक सुधीर शर्मा।

## समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज किशोरी लाल ने शुक्रवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के धार चढ़ियार की भिरडी पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में शिरकित की। सीपीएस किशोरी लाल ने कहा कि सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए यथासंभव प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत हर बूथ में कार्यक्रम आयोजित होंगे और इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की समस्या के स्थायी समाधान का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि जो काम सरकार के होंगे ऐसे कार्यों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा। ग्राम पंचायत प्रधान तथा स्थानीय जनता की मांग पर किशोरी लाल ने पंचायत घर के शेड के लिए तीन लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि खेल मैदान के लिए 15 लाख स्वीकृत कर दिए गए हैं। शीघ्र ही खेल मैदान का कार्य आरंभ होगा, ताकि युवाओं को खेलने के लिए बढ़िया सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि भिरड़ी में श्मशानघाट के रास्ते के निर्माण के भी धनराशि उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि चौबीन संसाई सड़क का निर्माण भी शीघ्र करवाया जाएगा। उन्होंने मिडील स्कूल भवन की छत को भी शीघ्र बदलने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रधान विजय कुमार और स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सीपीएस किशोरी लाल का स्वागत किया गया।



## हर हाथ अनंत ज्ञान



मंगला निवासी राकेश कुमार अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



पंचायत लोथल निवासी जोगेंद्र सिंह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।




फुर्सत के समय में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते एसएमओ डलहौजी डॉ. विपिन ठाकुर।

## न्यूज ब्रीफ

### सैनिक विश्राम गृह में कैंटीन सुविधा 15 से

**चंबा।** कैप्टन अनुमेहा पराशर उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा ने बताया कि मनकोट बटालियन डलहौजी द्वारा 15 व 16 जनवरी को सैनिक विश्राम गृह चंबा में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों को कैंटीन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। जिसमें केवल ग्रॉसरी आइटम का सामान ही उपलब्ध करवाया जाएगा। अनुमेहा पराशर ने पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों से अनुरोध किया है कि सैनिक विश्राम गृह चंबा में आकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### सेवा भारती चंबा ने रोगियों को फल बांटे



रोगियों के साथ सेवा भारती के सदस्य।

**चंबा।** सेवा भारती चंबा द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर एवं लोहड़ी के अवसर पर टीबी हॉस्पिटल चंबा और कुष्ठ रोग हॉस्पिटल चंबा में फल वितरित किए गए। इस अवसर पर सेवा भारती चंबा वरिष्ठ पदाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि लोहड़ी पर्व से एक दिन पूर्व स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस होता है। जिसके चलते सेवा भारती चंबा द्वारा स्वामी विवेकानंद व लोहड़ी पर्व दोनों कार्यक्रमों एक साथ आयोजित किए जाते हैं। वित्त वर्ष में टीबी रोग चिकित्सालय व कुष्ठ रोग चिकित्सालय घोल्टी में मौजूद रोगियों को फल-आहार वितरित किया गया। इस मौके पर सेवा भारती चंबा पदाधिकारियों व सदस्यों में मंजीत कुमार, राजेंद्र मेहरा, विशाल गुप्ता, हरीश देवल, अनिल महाजन, विरोक शर्मा, साहिब महाजन, दिनेश चौधरी व बोध राज मौजूद रहे।

### सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम पर चर्चा

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. कपिल शर्मा की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. कपिल शर्मा ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को तैयारी के निर्देश दिए।

# बालू पुल के समीप मिला नवजात का शव

## पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा चंबा अस्पताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

> चंबा जिला फिर से हुआ शर्मसार

जिला चंबा मुख्यालय के बालू पुल के समीप नवजात का शव मिलने से चंबा जिला एक बार फिर से शर्मसार हो गया। हालांकि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सदर दल ने मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय शवगृह भेज दिया है।

वहीं मामला दर्ज कर इस दिशा में तफ्तीश भी आरंभ कर दी है। गौर हो कि एक ओर जहां सरकार व जिला प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा भ्रूण हत्या रोकथाम, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ सहित अन्य कई कल्याणकारी योजनाएं कन्या दर बढ़ाने के लिए चलाई जा रही है। वहीं समाज में अभी अज्ञानता का शिकार प्रवृत्ति वाले लोग नवजात अथवा भ्रूण हत्या जैसे कृत्य अपराध करने से पीछे नहीं हट रहे है। हालांकि यह पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी गत वर्षों चंबा चिकित्सालय सहित अन्य कई स्थानों पर इस तरह नवजात मिलने के मामले प्रकाश में आ चुके है। जिसकी जांच के परिणामों में कोई ठोस वजह या सबूत अभाव होने चलते वह मामले दब कर रह गए। वहीं ताजा प्रकरण में बालू पुल के समीप नवजात का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मचने सहित चर्चाओं से बाजार गर्म है। वहीं पुलिस ने इस दिशा में कार्रवाई करते हुए बालू व आसपास के दुकानदारों से जहां पूछताछ आरंभ कर दी है। जबकि बालू में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगालने का प्रयास किया जा रहा है। उधर मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी पुलिस हेडक्वार्टर जितेंद्र चौधरी ने बताया कि नवजात का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय शवगृह रखा है। जबकि इस दिशा में पुलिस तफ्तीश आरंभ कर नवजात के अभिभावकों की खोज आरंभ कर दी है। जिसमें स्थानीय लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

> नवजात का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय शवगृह रखा है। जबकि इस दिशा में पुलिस तफ्तीश आरंभ कर नवजात के अभिभावकों की खोज आरंभ कर दी है।
>
> **-जितेंद्र चौधरी, डीएसपी।**

### लुइंदा के जंगलों में मिला लापता युवक का शव

**तीसा।** चुराह विस क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में संग्दिध परिस्थितियों में दो व्यक्तियों की मौत होने के मामले सामने आए है। वहीं दोनों मामलों की भनक लगते ही पुलिस थाना तीसा ने मौके पर पहुंच मामला दर्ज कर शवों को कब्जे में लेकर जांच आरंभ कर दी है। जानकारी अनुसार पहले मामले में पुलिस को स्थानीय लोगों के माध्यम से लुइंदा के जंगलों में एक युवक के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने जंगल में पहुंच कर जब मामले की तफ्तीश आरंभ की तो ज्ञात हुआ यह शव 24 वर्षीय भूपेंद्र कुमार पुत्र शंबू,गांव रडोला डाकघर थानेइकोठी का है। जो कि करीब दो दिनों से घर से लापता था। भूपेंद्र दो दिन पूर्व अपने घर से लुइंदा गांव के लिए निकला था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक चिकित्सालय तीसा भेजा है। वहीं दूसरे मामला तीसा की पंचायत चरड़ा का है। जहां गांव भराडवी में 47 वर्षीय एक व्यक्ति की ढांक से गिरने से मौत हो गई। जानकारी अनुसार गांव भराडवी निवासी हरि सिंह पुत्र इंद्र जब रात को शौच करने के लिए घर से बाहर निकला तो घर के समीप लगती ढांक से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई। उसकी मौत का पता परिजनों व ग्रामीणों को सुबह लगा। पुलिस ने मौके पर पहुंच मामला दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर उसका तीसा चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को संस्कार के लिए सौंप दिया। उधर मामले की पुष्टि करते हुए जोगिंद्र सिंह एसआई पुलिस थाना तीसा ने बताया कि दोनों मामले दर्जकर पुलिस ने छानबीन आरंभ कर दी है। जिसमें दोनों मामलों में मारे गए व्यक्तियों का पुलिस द्वारा तीसा चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। जिसमें पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### भरमौर में कांग्रेस के युवाओं में जोश

**भरमौर।** लोकसभा चुनावों के मध्य नजर पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह के लोकसभा चुनाव लड़ने के बयान पर भरमौर में कांग्रेस के युवाओं में खासा जोश उत्पन्न हो गया है। अभी हाल में ही मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मीडिया में बयान दिया था कि वह लोकसभा चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार है और हर हाल में जीत कर दिखाएंगे। इसके बाद यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है वर्तमान में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह यहां की सांसद हैं लेकिन बतौर सांसद प्रतिभा सिंह अभी तक अपने संसदीय क्षेत्र भरमौर का दौरा नहीं कर पाई है। लिहाजा उनकी गैर हाजिरी के मुद्दे को जहां भाजपा जोर-शोर से उठाने का प्रयास कर रही है। वहीं पर अगर लोकसभा चुनाव में विक्रमादित्य सिंह को मौका दिया जाता है तो जहां युवा में उनका जोश है तो वहीं पर वर्तमान सांसद की गैर हाजिरी के मुद्दे को भी काफी हद तक सुलझाया जा सकता है।

## बनीखेत के वार्ड छह और सात में बंदरों का आतंक

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

> वन विभाग से निजात दिलाने की लगाई गुहार

ग्राम पंचायत बनीखेत के अंतर्गत वार्ड छह व सात के लोग इन दिनों बंदरों के आतंक से परेशान हैं। बताते चलें कि बंदर अक्सर आते जाते लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। खासकर जिनके हाथों में लिफाफे, बैग इत्यादि रहते हैं, उन पर झपट कर बैग या लिफाफे छीन कर भाग जाते हैं। कई बार इन्हें डराने की कोशिश करने पर यह उन पर हमला करने से भी नहीं चुकते हैं। कई बार यह स्थानीय बुजुर्गों व बच्चों को अपना निशाना बना चुके हैं। इस बारे में वन विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत भी की गई परंतु अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। हालांकि वन विभाग अधिकारी ने बताया कि कई बार मंकी कैचर दल को भी तैनात किया गया परंतु बंदरों को पकड़ने में सफलता हासिल नहीं हो पाई। वहीं स्थानीय लोगों की प्रशासन से मांग है कि इन बंदरों को



वन विभाग काबू कर कहीं दूर जंगलों में छोड़ आए ताकि इनके द्वारा मचाए आतंक से आजादी मिल सके। काबिलेगौर है कि तमाम डलहौजी क्षेत्र में बंदरों की तादाद में काफी इजाफा हो गया है इनके झुंडों द्वारा खेतों में लगी फसलों, बागों में फलों, फूलों एवं हर उसे चीज का नुकसान करते हैं जो घरों के बाहर रहती है। इनके आतंक से लोगों में भी दहशत है। इनके हमलों से स्थानीय लोगों के अलावा सैलानी भी शिकार हो चुके हैं।

### शिक्षा सदन में लगी शिक्षकों की क्लास

**चंबा।** शिक्षा सदन समाने दी कोठी में चल रही दो दिवसीय कार्यशाला शैक्षिक संगोष्ठी के दूसरे और अंतिम दिन चार प्रमुख सत्रों का आयोजन हुआ। पहले सत्र के दौरान प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगाली जगजीत आजाद ने अपने अनुभव के माध्यम से प्रशासन प्रबंधन और योजना की बारीकियां प्रतिभागियों के सामने रखी। दूसरे सत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता विकास महाजन और युद्धवीर टंडन ने राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए आवेदन के लिए अपने अनुभव के माध्यम से व्यवहारिक विषयवस्तु प्रतिभागियों के साथ साझा की। अगले सत्र के दौरान फुलब्राइट फेलो नारायण सिंह ने अमेरिका विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त फुल ब्राइट फैलोशिप पानी के व्यावहारिक चरण समझाए। सेवानिवृत्त कॉलेज प्रधानाचार्य और शोधकर्ता विपिन राठौर ने अपने अनुभवों के माध्यम से एक प्रेरणादाई व्याख्यान प्रतिभागियों के सामने रखा।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में सुरेंद्र और राजेंद्र की टीम रही अव्वल

### बारगाह में जिला युवा एवं खेल विभाग ने करवाई प्रतियोगिता

**आरके रांगड़ा, चंबा**

जिला युवा एवं खेल विभाग चंबा द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में जिला युवा एवं खेल विभाग के कार्यालय के बारगाह ग्राउंड में पूरे जिला के सभी ब्लॉकों से विभिन्न प्रतियोगिताओं में विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया।

जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग अधिकारी रूपेश कुमार ने बताया कि निबंध लेखन, चित्रकला, समूहगान, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में जिले से 45 युवाओं ने भाग लिया। जज की भूमिका में धीरज कुमार और मोहन कुमार शामिल रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सुरेंद्र व राजेंद्र की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।




जानकारी देते जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग अधिकारी रूपेश कुमार।

पेंटिंग प्रतियोगिता में अंकित वशिष्ठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सामूहिक लोकगान में अक्षय म्यूजिक ग्रुप चंबा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में सलूणी ब्लॉक से केहर शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के रुप में म्यूजिक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान वेदाचार्य मोहन लाल, संगीत विषारद व भूगोल प्रवक्ता धीरज सिंह ठाकुर ने अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान स्वामी जी के जीवन के बारे मे युवाओं को संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंत में जिला युवा एवं खेल अधिकारी रूपेश कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और स्वामी विवेकानंद के जीवन की शिक्षाओं को सांझा किया। इस कार्यक्रम में कार्यरत जिला खेल विभाग से स्टेट कोच भागीरथ भी शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## बनीखेत में कामगारों को बताई सरकारी योजनाएं



चिनार पैलेस बनीखेत में शिविर के दौरान मौजूद कामगार।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य कामगार कल्याण बोर्ड चंबा द्वारा चिनार पैलेस बनीखेत में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत बनीखेत, पुखरी एवं ढलोग के कामगारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। शिविर में श्रम कल्याण अधिकारी एवं अनुभाग अधिकारी ने कामगारों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इन लाभकारी योजनाओं का कैसे लाभ उठाना है इस संबंध में भी उन्हें बताया। कामगारों ने हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य कामगार कल्याण बोर्ड चंबा का धन्यवाद किया कि उनके द्वारा आयोजित इस जागरूकता शिविर से उन्हें बहुत महत्वपूर्ण जानकारी मिली है जो भविष्य में उनके काम आएंगी तो वही सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी उन्हें जानकारी मिली। उन्होंने कामना की है कि भविष्य में भी विभाग द्वारा ऐसे जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## जिले में 318 निक्षय मित्र 430 क्षय रोगियों का कर रहे पोषण

### क्षय रोग उन्मूलन समिति की समीक्षा बैठक में बोले एडीएम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्षय रोग उन्मूलन समिति, जिला टीबी फोरम व जिला स्तरीय टीबी कोमोर्वीडिटी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने कहा की क्षय रोग के खात्मे को लेकर पंचायतीराज प्रतिनिधियों व गैर सरकारी संगठनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निर्धारित किए गए लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोगियों की सहायता के लिए निक्षय मित्र बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों और गैर सरकारी संगठनों के लक्ष्य



जिला स्तरीय क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक में मौजूद एडीएम व अन्य।

भी निर्धारित किए। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र बनकर रोगियों के लिए पोषण किट देकर और जांच व रोजगार से जुड़ी मदद कर अपना सहयोग दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र बनने के लिए https://communitysupport.nikshay.in पर लॉगिन करें। उन्होंने कहा कि क्षय रोग से संबंधित जानकारी के लिए टीबी आरोग्य साथी ऐप को डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त टोल फ्री हेल्पलाइन 1800116666 और 01899-292638 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सामान्य क्षय रोगी को अपने पोषण के लिए इलाज की अवधि के दौरान हर महीने 500 रुपए की राशि दी जाती है। जबकि एमडीआर रोगी के लिए यह राशि 1500 रुपए है तथा इस राशि को सीधे रोगी के बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाता है।

### चंबा ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला चंबा के सौजन्य से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी ओर पैरामेडिकल स्टाफ को संबोधित करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज ने बताया कि हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य उनके विचारों एवं आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना है। उनके अनुसार हर व्यक्ति का उच्च चरित्र निर्माण होना चाहिए। और चरित्र निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक कि अपने लक्ष्य कि पूर्ति न कर लो इसी मुहिम के चलते हैल्थ डिपार्टमेंट एवं एड्स कंट्रोल सोसाइटी युवाओं को जागरूक कर रही है।

## भरमौर के जंगलों में आग होली के दो गांवों को खतरा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर के जंगलों में पिछले कई दिनों से लगी आग अब रिहायसी क्षेत्रों तक पहुंचने लगी है। जंगलों में फैली आग के कारण जनजातीय क्षेत्र भरमौर के होली के सिंदी और त्रांगड़ी गांव आग से चौतरफा घिर गए हैं। इसके कारण दोनों गांवों के स्वाह होने का खतरा पैदा हो गया है। वन विभाग के वनखंड अधिकारी समेत वनरक्षक आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटे हुए हैं, लेकिन लंबे समय से सूखे की स्थिति होने के चलते आग बुरी तरह से भड़क चुकी है।

आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन इतनी सूचना जरूर मिली है कि मोबाइल टावर के साथ स्थापित ट्रांसफार्मर के पास सबसे पहले आग देखी गई। अलबत्ता आग लगने के कारण जांच के बाद ही पता चल पाएगा। बहरहाल सूचना मिलते ही एसडीएम भरमौर ने फायर सब स्टेशन खड़ामुख से एक दल मौके की ओर रवाना कर दिया। जानकारी के अनुसार भरमौर उपमंडल की होली तहसील की बजोल पंचायत के सिंदी और त्रांगड़ी गांव के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। ग्राम पंचायत बजोल के पूर्व प्रधान राजीव कुमार ने बताया कि यहां जियो टावर के साथ स्थापित ट्रांसफार्मर के पास सबसे पहले आग देखी गई और सूखी घास में आग भड़क उठी और देखते ही देखते यह विकराल हो गई। लोगों ने रिहायशी क्षेत्र की ओर आ रही आग की लपटों पर किसी तरह काबू पा लिया, लेकिन अब सबसे बड़ी मुसीबत यह है कि गांव से ठीक उपर एक देवदार के वृक्ष को आग ने अपनी जद में ले लिया है और अगर यह गिरता है तो सीधा लोगों के घरों पर पड़ेगा। जिससे की मकान आग की चपेट में आ जाएंगें।

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठकों का शेडयूल जारी

### भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल ठाकुर ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल चंबा द्वारा स्वामी विवेकानंद जन्मदिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चंबा सदर पूर्व विधायक पवन नैय्यर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल ठाकुर विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर चंबा सदर पूर्व विधायक व भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल ठाकुर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया। वहीं विस क्षेत्रों के स्तर पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडलों की बैठकों को लेकर तिथियां घोषित कर दी गई है। जिसके तहत मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल ठाकुर ने बताया कि 13 जनवरी को भाजपा अनुसूचित




स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर फूल अर्पित करते चंबा सदर के पूर्व विधायक पवन नैय्यर व भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल ठाकुर।

जनजाति मोर्चा मंडल भटियात,14 जनवरी को डलहौजी, व 15 जनवरी को चुराह की बैठक होना निश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि बैठकों में 2024 में लोकसभा के चुनावों को लेकर चर्चा हुई, वह संगठन के द्वारा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के हर बूथ पर 10 अनुसूचित जनजाति कार्यकर्ता जोड़ने पर कार्य शुरू हुआ। अनुसूचित जनजाति मोर्चा ग्राम केंद्र व जोन प्रभारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्र में हर घर निमंत्रण देने के लिए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

**परंपरा** पर्व की पंरपरा से जुड़ी हैं हिंसक वारदातें, रीति-रिवाजों का हो रहा निर्वहन

## चंबा में लोहड़ी पर होती है मारपीट

**एमएम डैनियल, चंबा**

पंजाब राज्य की भांति हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा मुख्यालय में भी लोहड़ी पर्व का बड़ा महत्व है। जिसे कि रियासतकाल से प्राचीन रीति-रिवाजों का निर्वहन करमनाया जाता है। वक्त के साथ-साथ पर्व की पंरपरा से जुड़ी हिंसक वारदातों को देखते हुए जहां पुलिस सुरक्षा का कड़ा बंदोबस्त गत सालों से किया है तो वहीं गत वर्ष पशु बलि प्रथा प्रतिबंध एक्ट भी इस पर्व में जुड़ने से परंपरा के इतिहास में एक बड़ा परिवर्तन दर्ज हुआ है। गौर हो कि रियासत काल में यहां पर्व के दौरान मढ़ियों (चबूतरा) के कब्जे को लेकर अगर मारपीट में किसी की जान भी चली जाए तो राजा की ओर से एक खून माफ होता था। चंबा मुख्यालय में करीब 449 सालों से चली आ रही यह परंपरा प्रतीक के तौर पर अभी कायम है। आज भी मढ़ियों को लेकर यहां मारपीट होती है। कई लोगों के सिर फूटते हैं, पुलिस का भी कड़ा पहरा रहता है। रियासत काल से वार्ड सुराड़ा क्षेत्र में स्थित मढ़ी को राज मढ़ी का दर्जा है। जबकि मुख्यालय के अन्य कुछ वार्डों में 13 अन्य मढ़ियां हैं। मकर संक्रांति से एक दिन पहले 13 जनवरी की रात को सुराड़ा क्षेत्र के लोग राज मढ़ी की प्रतीक मशाल को हर मढ़ी में लेकर जाते हैं जो कि लगभग 20 फुट लंबे लकड़ियों के गट्ठे को मशाल के रूप में एक के बाद एक मढ़ी में गाड़कर कब्जा दर्शाया जाता है। कब्जा करने के लिए दोनों क्षेत्रों के लोगों में मारपीट होती है। डंडों और धारदार हथियारों से एक-दूसरे पर हमला होता है। (अनंत ज्ञान)

### एक खून माफ का था कानून



रियासतकाल में चंबा मुख्यालय में लोहड़ी पर्व पर एक खून माफ का शासक कानून रहा। वर्ष 1573 में चंबा के तत्कालीन राजा प्रताप सिंह वर्मन के आदेश पर अगर मारपीट में किसी की जान भी चली जाए तो उस व्यक्ति को एक खून माफ होता था। बनारस से बंगाली ब्राह्मणों को चंबा लाए। दंतकथा के अनुसार उस दौरान कई ब्राह्मणों की मौत हो गई और उनकी आत्माएं चंबा शहर में आतंक मचाने लगी। इसके बाद किसी की सलाह पर चंबा के राजा ने 14 मढ़ियां स्थापित की। इनमें एक राज मढ़ी कहलाती है, जबकि अन्य मढ़ियों को स्त्री रूप माना जाता है। इस परंपरा को निभाने के लिए अभी भी मारपीट होती है, कई लोगों के सिर फटते हैं, लेकिन कोई पुलिस में शिकायत नहीं करता। जिसकी एक वजह मढ़-मढ़ियों के इस संघर्ष में शहर की गलियों में जो खून बहता था, उससे ये आत्माएं संतुष्ट होती थीं। इससे पूरे वर्ष शहर में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहता था।

> लोहड़ी पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। लोहड़ी पर्व पुलिस की देखरेख में होगा। इसमें हिंसक वारदातों पर काबू पाने सहित पुलिस को बलि प्रथा पर नजर रखने और उचित कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए हैं।
>
> **-अभिषेक यादव, पुलिस अधीक्षक, चंबा।**

### तय समय पर पूरी करें समारोह की तैयारियां

**पांगी।** उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम पांगी रमन घरसंगी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन से संबंधित तैयारियों को तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यदि मौसम साफ रहा तो उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किलाड़ के खेल मैदान में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर मौसम की स्थिति विपरीत रही तो आवासीय आयुक्त कार्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने बताया की इस दौरान परेड के बाद सांस्कृतिक और देशभक्ति से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


डीआरडीए जिला कुल्लू की परियोजना अधिकारी डॉ. जयवंती ठाकुर को अनंत ज्ञान की प्रति भेंट करती जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


उच्च शिक्षा उपनिदेशक जिला कुल्लू शांति लाल शर्मा को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करते हुए जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


जिला रोजगार अधिकारी कुल्लू मनोरमा देवी को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करती हुई जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


संत लाल ट्रेजरी ऑफिसर कुल्लू को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करती हुई जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


जिला भाषा अधिकारी कुल्लू सुनीला ठाकुर को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करती हुई जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


उपायुक्त आबकारी एवं कराधान विभाग जिला कुल्लू नरेंद्र सेन को अनंत ज्ञान की प्रति भेंट करती हुई जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


जिला कल्याण अधिकारी एवं जिला परिवीक्षा अधिकारी कुल्लू जीएल शर्मा को अनंत ज्ञान की प्रति भेंट करती हुई जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


कुल्लू जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक शिवराम राही को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करती हुई जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


परियोजना निदेशक (आतमा) जिला कुल्लू डॉ. सुशील कुमार को अनंत ज्ञान की प्रति भेंट करती हुई जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रभारी कमलेश वर्मा।


सतीश चंद अधीक्षक ग्रेड-एक उच्च शिक्षा जिला कुल्लू को अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए। उन्होंने अनंत ज्ञान टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# शरण में दो मंजिला मकान जलकर राख

## सिलेंडर के जोरदार धमाके ने आग में किया घी का काम

**शीला कौल, बंजार**

उपमंडल बंजार की उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत चनोन के अंतर्गत पड़ने वाले गांव गोशाला के साथ शरण में एक काष्ठकुणी शैली से बने मकान में दोपहर बाद हुए भीषण अग्निकांड में मकान जलकर राख हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अचानक से भड़की इस आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया और यह आग इतनी भीषण थी की घर में रखा हुआ सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गया जिसकी लपटों और धमाके ने आग को और ज्यादा भड़का दिया। ग्रामीणों को जैसे ही आगजनी की सूचना मिली तो सभी ग्रामीणों ने घटनास्थल की और रुख करते हुए दौड़ते हुए आग को बुझाने के प्रयास में जुट गए। दो मंजिला काष्ठकुणी शैली से बने लकड़ी का मकान टेढ़ी सिंह नेगी पुत्र लगन चंद का था और मकान में लगभग 15 कमरे थे और इसके साथ एक राशन की दुकान व पशु डिस्पेंसरी भी थी, इस अचानक से भड़की आग में पूरा घर जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने इस दौरान आगजनी की घटना के बारे दमकल विभाग व पुलिस विभाग को सूचित किया। इस दौरान आगजनी की घटना की सूचना प्राप्त होते ही दमकल वाहन फौरन घटनास्थल की और रवाना हो गया।


बंजार के गांव गोशाला में काष्ठकुणी शैली से बने मकान में लगी आग का दृश्य।

आग इस कदर भड़की की साथ में लगती पशुशाला को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने फौरन समय रहते पशुओं को पशुशाला से निकाला ओर इस दौरान सभी के संयुक्त प्रयास से पशुशाला को भी आग में जलने से बचाया गया, हांलाकि इस आगजनी की घटना में कितना नुकसान हुआ है इसका अभी तक पता नही चल पाया है। आग कैसे और किस तरह से लगी इस का कारण भी अज्ञात बताया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# जन हितैषी योजनाओं को बंद करने की फिराक में कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार जन हितैषी योजनाओं को बंद करने की फिराक में हैं और प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही कांग्रेस ने प्रदेशभर में सैकड़ों स्वास्थ्य संस्थान बंद कर जनता की दिक्कतें बढ़ाई है। वहीं, अब जरूरतमंद मरीजों के लिए चलाई जा रही हिमकेयर जैसी योजनाओं को बंद करने की भी कोशिशें हो रही हैं।


सुरेंद्र शौरी

उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार द्वारा अस्पताल में ही टेस्ट सुविधा देने के लिए क्रस्ना कंपनी के माध्यम से सुविधाएं प्रदान की जा रही थी, परंतु इस वित्त वर्ष में कंपनी को भुगतान न कर इस सरकार ने अस्पताल में ही टेस्ट सुवधाओं को बंद कराने का काम किया है। विधायक शौरी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जान-बूझकर इस क्रस्ना कंपनी की देनदारियां पूरी नहीं की है और अब सभी निजी अस्पताल मुफ्त इलाज की सुविधा बंद करने जा रहे हैं। वर्तमान सरकार इतनी संवेदनहीन हो गई है कि अस्पताल जैसी भूलभूत आवश्यकता में टेस्ट सुविधाएं पूरा बंद होने का इंतजार कर रही है। मरीजों को पूरी तरह से निजी लैब की ओर अस्पताल से बाहर का रुख करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। प्रदेश सरकार को इस बात का संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह का बेपरवाह रवैया लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ है।

## धूमधाम से मनाया लोहड़ी का पर्व

**आनी।** राधे-राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया, जिसमें संस्थान के प्रशिक्षु छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन डाक्टर मुकेश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने छात्रों को लोहड़ी पर्व की बधाई दी और कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षु छात्र का चहुंमुखी विकास करवाना है। इस उद्देश्य हेतु संस्थान समय अनुसार विभिन्न गतिविधियों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करवाता है। संस्थान में लोहड़ी व मकर सक्रांति पर्व के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई गई और लोहड़ी के पर्व को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सबसे पहले आग जलाकर सभी अध्यापक व कर्मचारी वर्ग द्वारा पूजा-अर्चना की गई। उसके बाद सभी ने आपस में मिठाई, रेवड़ी, मूंगफली बांटकर लोहड़ी की खुशी को साझा किया। वहीं अध्यापक वर्ग व प्रशिक्षुओं ने इस मौके पर नृत्य व नाटी डालकर पर्व को धूमधाम से मनाया।

# लाहौल-स्पीति की चोटियों पर बर्फबारी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

शीत मरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में शुक्रवार को मौसम ने करवट बदल ली है और ऊंची चोटियों में हल्की बर्फबारी शुरू हो गई है, जबकि निचले क्षेत्रों में अभी बर्फबारी शुरू नहीं हुई है। उधर, पर्यटन नगरी मनाली में भी लोग बर्फबारी के इंतजार में है। हालांकि सुबह घाटी में धूप खिली थी, लेकिन दोपहर बाद पहाड़ियों में बादलों ने डेरा डाल दिया और शाम को ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया।

जानकारी के अनुसार रोहतांग पास सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजम दर्रे में बर्फबारी का क्रम शुरु हो गया है। उधर शुक्रवार को पर्यटकों ने कोकसर व यांगला में बर्फ के दीदार किए। मनाली और लाहुल में दिसंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर अभी तक पर्यटन करोबार संतोषजनक चला हुआ है लेकिन घाटी के लोगों को बर्फबारी का इंतजार है, ताकि पर्यटन अच्छी रफ्तार पकड़ सके। गौर तलब है कि शुक्रवार को भी सैंकड़ों पर्यटकों ने काफी संख्या में कोकसर और यांगला में दस्तक दी और बर्फ के बीच आनंद लिया। पर्यटन कारोबारी पलजोर व रोशन बौद्ध ने बताया कि शुक्रवार को कोकसर सहित यांगला में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी। उन्होंने कहा कि बादल छा जाने से हिमपात की उम्मीद बढ़ गई है। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि लाहुल के सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बहाल हैं। कारोबारियों का कहना है कि अगर लाहौल और मनाली के निचले क्षेत्रों में बर्फबारी होती है तो यहां पर्यटन कारोबार अच्छा खासा दौड़ेगा और कारोबारियों को फायदा मिलेगा, जबकि बर्फ के फाहे सिर्फ ऊंची चोटियों में ही गिर रहे हैं।


माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाली दुनिया की सबसे पहली युवा महिला लाहौल-स्पीति की डिक्की डोलमा लाहौल के पर्यटन स्थल यांगला में अपने दोस्तों के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचली लोक गायक इंद्रजीत का नया गीत 'बांकी शाऊंनी-पांच' रिलीज

**कुल्लू।** हिमाचली लोक गायक इंद्रजीत का नया गीत बांकी शाऊंनी-पांच साजा माघ के उपलक्ष्य में यू-ट्यूब पर रिलीज हो गया है। इस नए गीत को इंद्रजीत ने खुद लिखा व कंपोज किया है। यह गीत लोक गायक इंद्रजीत ने अपने निजी यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज किया है। इस से पहले शाऊनी सीरीज के चार भाग रिलीज हो चुके है शाऊनी सीरीज को लाखों लोगों ने देखा व पसंद किया है। लोक गायक इंद्रजीत का हमेशा यही प्रयास रहा है कि उनके हर गाने में हिमाचल की अद्भुत संस्कृति की झलक दिखाई दे। इस गीत में भी लोक गायक इंद्रजीत ने हिमाचल की संस्कृति को दर्शाया है इस गीत की शूटिंग थाची वैली जिला मंडी में की गई है। इस गीत में इंद्रजीत के साथ लोक गायिका चारु शर्मा ने अपनी आवाज दी है। संगीत सुरेंद्र नेगी ने दिया है ओर वीडियो का निर्देशन हमेशा की तरह सुरेश सुर ने निभाया है। इस गाने में सपना चौहान ने हमेशा की तरह शाऊनी के किरदार को अपने अभिनय से निभाया है।


बांकी शाऊंनी-पांच के वीडियो में अभिनय करते हुए लोक गायक इंद्रजीत एवं अभिनेत्री सपना चौहान।

### आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को दीं दो बोलैरो कैंपर

**कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग को आजआईसीआईसीआई फाउंडेशन ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कुल्लू को दो बोलैरो कैंपर गाड़ियां भेंट की हैं। इससे कुल्लू जिले के लोगों को आपदा के समय अधिक सुरक्षा और सहायता मिलेगी और स्थानीय स्तर पर आपदा से निपटने, प्रतिबंधित करने और संभालने की क्षमता बढ़ेगी।

आईसीआईसीआई फाउंडेशन की यह पहल सामाजिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने में अहम कड़ी साबित होगी। इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चेयरमैन एवं उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग, को आईसीआईसीआई बैंक शाखा कुल्लू के रिलेशनशिप प्रबंधक पियूष ने दोनों वाहनों की चाबियां व कागजात भेंट किए। रिलेशनशिप प्रबंधक ने कहा कि बैंक भविष्य में भी और सहायता उपलब्ध करवाएगी। उपायुक्त ने आईसीआईसीआई प्रबंधन का जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को दो वाहन उपलब्ध करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आईसीआईसीआई मंडी के विकास अधिकारी रजनीश कुमार मौजूद थे।

### चिकित्सकों ने सफाई कर्मियों को बांटे गर्म कपड़े

**कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के सभी चिकित्सकों ने मिलकर एक पहल की है। इस पहल के तहत क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में सेवाएं दे रहे सफाई व सुरक्षा कर्मियों को सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े वितरित किए हैं। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेश चंद ने बताया कि इस इस पहल का श्रेय अस्पताल में सेवाएं दे रहे मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर कमल दत्ता को जाता है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर कमल दत्ता व डॉक्टर हीरा लाल ने उनके साथ इस बारे में चर्चा की और उसके बाद अस्पताल के सभी चिकित्सकों की टीम ने अपने वेतन से थोड़ी थोड़ी धनराशि देकर अस्पताल के 49 सफाई व 19 सुरक्षा कर्मियों सहित कुल 68 कर्मियों को गर्म कपड़े खरीदे ताकि सर्दियों में इन्हें किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वहीं, सभी सफाई कर्मियों व सुरक्षा गार्ड ने सभी चिकित्सकों का उन्हें इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। उधर, सीएमओ कुल्लू डॉक्टर नागराज पवार ने चिकित्सकों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा है कि सफाई व सुरक्षा कर्मी रोजाना अस्पताल में ठंड व गर्मी हर मौसम में अपनी सेवाएं देते हैं। ऐसे में हम सभी की ओर से उनके लिए यह एक छोटी-सी कोशिश है। इस मौके पर अस्पताल सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सीएमओ ने कहा कि सफाई व सुरक्षा कर्मी अस्पताल की रीढ़ होते हैं।


क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में स्थापित क्रस्ना लैब में दो दिनों के बाद सेवाएं शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को लैब के काउंटर पर पहुंचे मरीज से टेस्ट संबंधी चर्चा करते हुए लैब स्टाफ।

## मनाली की सात पंचायतों में धरातल पर उतरने लगी सीवरेज योजना

**मनाली।** प्रदेश की सबसे बड़ी 385 करोड़ की सीवरेज योजना तीन वर्ष में बनकर तैयार होगी। योजना को धरातल पर उतारने के लिए जल शक्ति विभाग ने काम शुरू कर दिया है। शुक्रवार को जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता ई. अजय गुप्ता ने टीम के साथ चचोगा गांव का दौरा किया। टीम के गांव पहुंचने पर प्रधान व ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू सहित विधायक भुवनेश्वर गौड़ का आभार जताया। गौर हो कि गत शनिवार को मनाली के कन्याल गांव में विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने 385 करोड़ की लागत से बनने वाली सीवरेज का भूमि पूजन किया था। यह सिवरेज (मल निकासी) परियोजना राइट बैंक में मनाली गांव, ढुंगरी, नसोगी, बलसारी, सियाल, छियाल, सिमसा, रांगड़ी, गधेरनी, ब्रोड, पारशा, शलीन, जबकि लेफ्ट बैंक में वशिष्ठ, मथियाना, कोशला, चढियारी, समाहन, धाराणु, चचोगा, झाड़गं, अलेउ, प्रीणी, शुरू, जगतसुख पंचायत की सात पंचायतों के 35 हजार लोगों को इसका लाभ मिलेगा। सहायक अभियंता ई. अजय गुप्ता ने बताया कि सभी सात पंचायतों में सीवरेज का कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना से सात पंचायतों के 35 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि प्रदेश की सबसे बड़ी इस सीवरेज योजना को धरातल में उतारने में ग्रामीण अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि विभाग तो कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखेगी। इस दौरान बीडीसी नग्गर खंड के उपाध्यक्ष अनूप जोशी और प्रधान इशा ने जल शक्ति विभाग का आभार जताया।

# परिष्टि बनी भाषण प्रतियोगिता की विजेता


अटल सदन में आयोजित भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागी व अन्य गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

राष्ट्रीय युवा दिवस 2024 स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर नेहरू युवा केंद्र कुल्लू युवा मामले विभाग भारत सरकार, एल्प्स इंस्टिट्यूट कुल्लू द्वारा देवसदन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन अटल सदन के सेमिनार कक्ष में किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में मेरा युवा भारत विकसित भारत-2047 विषय पर कुल 17 युवाओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान कैंब्रिज स्कूल मौहल की परिष्टि ठाकुर ने हासिल किया, जबकि दूसरा नीरमंड खंड के जलोरी से नमिता ने ओर तीसरा रैला से दीक्षा ठाकुर ने हासिल किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब कुल्लू प्रधान धनेश गौतम, श्याम लाल हांडा डाइट से विवेक शर्मा विकास अधिकारी खाड़ी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड और श्याम कुल्लवी वरिष्ठ पत्रकार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। भाषण प्रतियोगिता पहला स्थान हासिल करने वाली परिष्टि ठाकुर राज्य स्तर की भाषण प्रतियोगिता में जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व करेगी। महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का प्रधानमंत्री द्वारा शुभारंभ किया गया एवं देश के युवाओं को प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित किया गया जिसका सीधा प्रसारण कुल्लू के देवसदन में युवाओं को दिखाया गया। देवसदन में आयोजित कार्यक्रम में एल्प्स इंस्टिट्यूट, पायनियर इंस्टिट्यूट के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

इसके साथ ही युवाओं को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यक्रम समन्वयक प्रशांत ठाकुर द्वारा एवं गृह रक्षा विभाग के कंपनी कमाडेंट कमलकांत भंडारी द्वारा प्राथमिक उपचार अग्नि सुरक्षा से संबंधित ट्रेनिंग प्रदान की। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र कुल्लू की जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यक्रम समन्वयक प्रशांत ठाकुर गृह रक्षा विभाग के कंपनी कमाडेंट कमलकांत भंडारी, ऐल्प्स इंस्टिट्यूट के एमडी जितेंद्र, पायनियर इंस्टिट्यूट दर्शन ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। वहीं शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा मनाली मंडल द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव पर नग्गर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान में प्रदेश सदस्य भीमसेन शर्मा, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जनेश ठाकुर, कुंदन, मेघ सिंह, दौलत एवं विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए।

# कबड्डी के फाइनल मैच में विजेता बनी जॉली टीम

**कुल्लू।** कुल्लू और मंडी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कबड्डी खिलाड़ियों ने ढालपुर के खेल मैदान में रोमांचक खेल का भरपूर प्रदर्शन किया। दो दिवसीय ओपन कबड्डी टूर्नामेंट-2024 का आयोजन युवक मडल तलोगी के द्वारा किया गया। इस ओपन कबड्डी टूर्नामेंट में कुल्लू और मंडी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 20 टीमों ने प्रतियोगिता में खूब बढ़-चढ़कर भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में पहले दिन 10 मैच करवाए गए और उसके अगले दिन दूसरे चरण के बाकी बचे मैच करवाए गए। टूर्नामेंट के आयोजनकर्ता युवक मंडल तलोगी के प्रेम और निखिल ने बताया कि इस टूर्नामेंट को करवाने के पीछे मकसद था कि आजकल के युवाओं को नशे के जंजाल से दूर रखकर उन्हें खेलकूद के लिए प्रेरित करना था, ताकि आजकल के युवा खेलकूद में भाग लेकर सेहतमंद रहने के साथ-साथ अपने गांव, जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। गौर रहे कि ओपन कबड्डी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में मंडी टीम ने जाणा टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में जॉली टीम ने बजरंग टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में जॉली टीम मंडी टीम को हराकर विजेता बनी। इसके बाद विजेता टीम जॉली को शानदार ट्रॉफी के साथ-साथ 11000 रुपए की नकद धनराशि भी इनाम के रूप में भेंट की गई। उपविजेता मंडी टीम को भी ट्रॉफी के साथ 7100 रुपए की धनराशि इनाम के रूप में भेंट की गई।


ढालपुर खेल मैदान में कबड्डी खेलते हुए खिलाड़ी।

# 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम 17 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला में 17 जनवरी को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के बजौरा ग्राम पंचायत से आरंभ किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनुरुद्ध सिंह करेंगे। उपायुक्त ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान बजौरा पंचायत के साथ लगती पंचायत की समस्याओं का निवारण किया जाएगा। कार्यक्रम प्रात: 10 बजे आरंभ होगा, इसी दिन ग्राम पंचायत बजौरा की आमसभा का भी आयोजन किया जाएगा।


उपायुक्त आशुतोष गर्ग विभागाध्यक्षों से बैठक करते हुए।

उपायुक्त ने बताया कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बजौरा सहित साथ लगती आस पास की ग्राम पंचायतों के लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा व निवारण सुनिश्चित बनाने के प्रयास किए जाएंगे, साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए आरंभ की गई विभिन्न योजना व कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

प्रदेश सरकार ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जनता की समस्याओं के निराकरण और लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करवाने तथा इन योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक सुनिश्चित बनाने के लिए महत्वकांक्षी सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आरम्भ किया है। इसमें जन समस्याओं के समाधान के साथ ही प्रदेश सरकार के एक वर्ष के जनहितकारी कार्यों व ऐतिहासिक निर्णयों से लोगों को अवगत कराया जाएगा।

**त्योहार** सज रहे जिले के मंदिर, इस बार 15 जनवरी को मनाई जाएगी मकर संक्रांति

# लोहड़ी पर्व के लिए सज गई रघुनाथ की नगरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भगवान रघुनाथ की नगरी देवभूमि कुल्लू लोहड़ी पर्व के लिए पूरी तरह से सज गई है। शहर के मुख्य बाजार ढालपुर, लोअर ढालपुर, सरवरी, अखाड़ा बाजार, गांधीनगर में रेहड़ी-फड़ी वालों ने मूंगफली सहित कई प्रकार की मिठाई को बेचने के लिए तैयारियां कर दी है। लोहड़ी के लिए शुक्रवार को कुल्लू में सजी दुकानों में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने खूब खरीददारी की। लोहड़ी व मकर संक्रांति को लेकर कुल्लू वासियों में खासा उत्साह है।

रेहड़ी-फड़ी पर मूंगफली, गचक बेच रहे अमित ने बताया कि शुक्रवार को गांव से आए लोगों ने जमकर खरीददारी की है। उन्होंने कहा कि उनके पास अपने सामान को बेचने को लोहड़ी का ही त्योहार मिलता है। ऐसे में वह हर साल ढालपुर में लोहड़ी मिठाई बेचने के लिए अपनी दुकान सजाते हैं। इसके अलावा मिष्ठान भंडारों में भी कई प्रकार के मिष्ठान तैयार किए गए है। लोहड़ी व मकर संक्रांति को लेकर खुश लोग मिठाई बड़े चाव के साथ खरीद रहे हैं, हालांकि इस बार मकर संक्रांति लोहड़ी के तीसरे दिन है, लेकिन लोग अभी से ही तैयारियों में डटे हुए हैं। साल की सब संक्रांतियों में से मकर संक्रांति का त्योहार शास्त्रोक्त सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। प्राचीन काल से चली आ रही इस परंपरा को कुल्लू, बंजार, मनाली, पतलीकूहल, भुंतर, मणिकर्ण व आनी की जनता इस त्योहार को खुशी के साथ मनाती है। इस दिन लोग सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर ठंडे पानी से स्नान करने के उपरांत खिचड़ी खाकर देवालय की ओर रुख करते हैं। इस दिन का स्नान गंगा की तरह पवित्र माना जाता है और पापों को नष्ट करता है।


कुल्लू के सरवरी पुल के समीप सजी लोहड़ी के लिए मिठाइयों की रेहड़ी।

### मंदिरों में देव झाड़े का होता है विशाल आयोजन

**जिला** कुल्लू के मनाली, मणिकर्ण, भूंतर, पतलीकूहल, बंजार, आनी के मंदिर इसके लिए पूरी तरह सज गए हैं। जिला के मंदिरों में संक्रांति के दिन भारी भीड़ उमड़ आती है। आनी के कुंगश मंदिर, देउरी मंदिर, वाड़ी दुर्गा, देउरी दुर्गा, दवाश मंदिर तथा निरमंड के मंदिरों में देव झाड़े का विशाल आयोजन होता है जिसमें क्षेत्र की जनता बढ़-चढ़कर भाग लेगी। इसके लिए देवता अपने देवालयों को छोड़ स्वर्ग प्रवास को निकलेंगे। लिहाजा, शनिवार को लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा और लोहड़ी के तीसरे दिन मकर संक्रांति की धूम रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### जल्द जारी किया जाए परिणाम



**सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर की एनएसयूआई इकाई के अध्यक्ष अनित जसवाल ने शुक्रवार को विद्यार्थियों की विभिन्न मांगों को जल्द पूरा करने के लिए सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की प्रति कुलपति अनुपमा सिंह को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में अनित जसवाल ने एनएसयूआई की तरफ से छात्रों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की। उन्होंने ज्ञापन में मुख्य रूप से विद्यार्थियों का पुनर्मूल्यांकन का शेष परिणाम जल्द से जल्द जारी करने व री अपीयर परीक्षाओं का फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाने की मांग की।

### फेजर ए ने जीता फुटबाल मैच




स्वामी विवेकानंद फुटबाल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यातिथि के साथ खिलाड़ी।

**सुंदरनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुंदरनगर नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित तीन दिवसीय स्वामी विवेकानंद फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि एबीवीपी प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने किया। इस मौके पर आकाश नेगी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस प्रतियोगिता में आठ टीमें भाग ले रही हैं जिसका पहला मैच फेजर ए और फेजर बी के बीच में खेला गया, जिसमें फेजर ए ने फेजर बी को 16-2 से हराकर जीत हासिल की। इस दौरान नगर अध्यक्ष डॉ. किरण चौहान, नगर मंत्री मंजुल शर्मा, जिला संयोजक साक्षी ठाकुर, एमएलएसएम इकाई अध्यक्ष वैभव शर्मा, उपाध्यक्ष निशांत, सुनाक्षी, दीक्षा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बूढ़ा विंगल मंदिर में कार्यक्रम 21 से

**मंडी।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्रीराम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर छोटी काशी मंडी में जनकल्याण और विश्व शांति एवं भारत की समृद्धि के लिए महंत राजेश्वरानंद सरस्वती देव बूढ़ा विंगल मंदिर रूंझ में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। महंत राजेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि जनकल्याण और विश्व शांति एवं भारत की समृद्धि के लिए श्रीराम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अभिषेक, सीताराम नाम महायज्ञ एवं रामभक्ति समागम 21 से 23 जनवरी तक देव बूढ़ा विंगल मंदिर के प्रांगण रूंझ मंडी में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 21 जनवरी को सुबह सात बजे गणेश गौरी पूजन, अखंड ज्योति प्रज्वलित, विशाल शोभायात्रा, श्रीराम कथा प्रवचन, सामूहिक विजय महामंत्र जप, महाआरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। 22 जनवरी को आवाहित, स्थापित देवता पूजन, नमक चमक महारूद्राभिषेक, भगवान श्रीराम पूजन अभिषेक एवं सवा लाख तुलसी पत्र द्वारा विशेष अर्चन, विशाल भंडारा व सायंकाल 5100 दीपदान, महाआरती व रात्रि 8 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। 23 जनवरी को आवाहित, स्थापित देवता पूजन, यज्ञ पूर्णाहुति, सम्मान समारोह, आशीर्वचन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व मध्यान्ह प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### महादेव स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न




एनएसएस शिविर के समापन पर मुख्यातिथि के साथ स्वयंसेवी।

**मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महादेव में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन हो गया। इस दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंगश के प्रधानाचार्य देवदत्त कौंडल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर ललिता कुमारी ने बताया कि एनएसएस शिरि के दौरान स्वयंसेवियों को विभिन्न गतिविधियों से जोड़ कर रखा गया। कार्यक्रम का मंच संचालन नरोत्तम कसवाल ने किया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर ललिता ने बताया कि इस शिविर के दौरान वालंटियर शौर्या व अंजली सर्वश्रेष्ठ वॉलंटियर के रूप में चयनित हुए। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी, एसएमसी प्रधान गुरनाम, खुशहाल वर्मा व चमन सिंह उपस्थित रहे।

### एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में मनाई लोहड़ी



एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में लोहड़ी पर्व मनाते बच्चे व अध्यापक।

**सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल सरकाघाट में लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। बच्चों को मूंगफली, रेवड़ी एवं पॉपकॉर्न वितरित किए गए। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में वीरा दी लोहड़ी, ढोल बजदा गिद्दा पेंदा की प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। लोहड़ी के गीत गाकर बच्चों को लोहड़ी के इतिहास से अवगत करवाया गया। स्कूल के निदेशक सुरेंद्र कुमार राणा ने लोहड़ी पर्व के महत्व को बताया कि नई फसल के आगमन में मनाया जाने वाला लोहड़ी का पर्व भारत की रंग बिरंगी संस्कृति का परिचायक है। लोहड़ी जलाकर उसकी परिक्रमा की गई, मूंगफली, रेवड़ी, पॉपकॉर्न द्वारा लोहड़ी में आहुति दी। प्रधानाचार्य प्रेम चंद ठाकुर ने विद्यार्थियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### भांवला में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया



**सरकाघाट।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सरकाघाट युवा मोर्चा ने विश्राम गृह भांवला में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। भारत में हिंदुत्व के पुनः उद्धार और राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने के लिए जाने जाते हैं। हमें उनके बताए विचारों को अपनाकर जीवन को सरल और सफल बनाना चाहिए। युवाओं ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 500 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदेश चंदेल, संगठनात्मक जिला सुंदरनगर महामंत्री राजेंद्र भुट्टो, भाजपा जिला सुंदरनगर महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलम परमार, भाजपा मंडल महामंत्री पवन ठाकुर, संदीप जसवाल, भाजपा प्रवक्ता विनय राणा, भाजयुमो अध्यक्ष विनीत ठाकुर, भाजयुमो महामंत्री वासुदेव शर्मा, शिवम शर्मा व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राशन डिपो में सर्वर न होने से समस्या

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के खाद्य आपूर्ति विभाग के डिपो में सर्वर न होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर की वजह से राशन डिपो में आए दिन लोगों की लाइन लग रही है। राशन डिपो होल्डर अजय का कहना है कि फिंगर प्रिंट मैच होने में 20 से 30 मिनट लग रहे है जिस वजह से लोगों को डिपो के बाहर लाइनों में लगना पड़ रहा है। कई लोगों को बिना राशन घर लौटना पड़ रहा है। अजय ने बताया कि इस की शिकायत खाद्य आपूर्ति कार्यालय में भी दी है।

# क्रस्ना लैब में तीसरे दिन भी नहीं हुए टेस्ट

## अब सरकारी लैब में एक बजे तक लिए जा रहे सैंपल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस जोनल अस्पताल मंडी में निशुल्क सुविधा देने वाली क्रस्ना लैब में टेस्ट सुविधा उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते बंद हो गई है। वहीं तीसरे दिन क्रस्ना लैब के पास कोई भी नजर नहीं आया। इस हड़ताल के चलते अस्पताल प्रशासन द्वारा लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े उसके लिए अस्पताल की सरकारी टेस्ट लैब में टेस्ट की सुविधा देने के लिए सैंपल लेने का समय एक बजे तक बढ़ा दिया गया है साथ ही टेस्ट की रिपोर्ट पांच बजे तक मिल जा रही है, लेकिन इसमें केवल रूटीन के टेस्ट ही शामिल हैं, जिसमें भी अस्पताल की एक मशीन खराब होने के चलते हारमोनल टेस्ट नहीं हो पा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि जोनल अस्पताल मंडी की इन हाउस लैब सुचारु रूप से कार्य कर रही है और स्टेट रिक्वायरमेंट से भी इस बारे में पत्र भेजा गया है। मंडी जिला के सभी अस्पतालों को पत्र भेज दिया गया है कि अस्पताल की सभी लैब में सैंपल लेने का समय एक बजे तक और रिपोर्ट लेने का समय पांच बजे तक बढ़ा दिया गया है।



जोनल अस्पताल मंडी में टेस्ट के लिए लगी मरीजों की लाइन।

### निजी लैब में हजारों का भुगतान

बता दें कि बहुत से ऐसे टेस्ट है जो कि जोनल अस्पताल की सरकारी लैब में नहीं होते है जिनको क्रस्ना लैब के बंद होने के चलते अब लोगों को निजी लैब में जाना पड़ रहा है। पंडोह से आई अनु ने बताया कि अस्पताल में कुछ टेस्ट नहीं हुए जिनको करवाने के लिए एक निजी लैब में गई वहां पर टेस्ट करवाने के लिए 3500 रुपए का भुगतान करने को बोला। अनु ने बताया कि वो घर से केवल 800 रुपए ही लेकर आई थी पैसे न होने के कारण बिना टेस्ट कराए ही लौटना पड़ेगा। अनु का कहना है कि गरीब लोग इतने पैसों का भुगतान कैसे करेंगे।

## हार्मोनल टेस्ट की मशीन खराब

**पुष्पराज, मंडी**

जोनल अस्पताल मंडी में सरकारी लैब में टेस्ट तो हो रहे है लेकिन हार्मोनल टेस्ट की एक मशीन खराब होने के चलते कुछ टेस्ट सरकारी लैब में भी नहीं हो पा रहे हैं। जिनमें टी3, टी4, टीएसएच जैसे टेस्ट शामिल है। वहीं क्रस्ना लैब के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते टेस्ट नहीं होने से लोगों को निजी लैब में हजारों रुपए का भुगतान करना पड़ रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि जोनल अस्पताल मंडी में रूटीन टेस्ट सभी सुचारु रूप से किए जा रहे है, लेकिन जोनल अस्पताल मंडी में एक मशीन खराब होने के चलते हार्मोनल टेस्ट बंद है। मशीन को ठीक करने के लिए मेकेनिक को बोल दिया गया है जैसे ही मशीन ठीक होगी तो हार्मोनल टेस्ट की सुविधा भी लोगों को मिलना शुरू हो जाएगी। बीते लंबे समय से जोनल अस्पताल मंडी में रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली चल रहा है जिसके चलते अल्ट्रासाउंड की सुविधा जोनल अस्पताल में उपलब्ध नहीं हो पा रही है और लोगों को 1000 से 1500 रुपए का भुगतान करके अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि इसकी डिमांड हाई अथॉरिटी को भेज दी गई है। जैसे ही डॉक्टर की तैनाती होती है तो सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### अल्ट्रासाउंड के लिए नहीं मिला रेडियोलॉजिस्ट




अल्ट्रासाउंड सोनोग्राफी के कमरे पर लगा ताला।

# गुरु पब्लिक स्कूल में बांटे इनाम

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में छात्रों ने जमाया रंग



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि व अभिभावक सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, पधर**

उपमंडल मुख्यालय पधर के गुरु पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपमंडलाधिकारी पधर सुरजीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सर्वप्रथम स्कूल के एमडी सुभाष यादव ने मुख्य अतिथि को शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात स्कूल की प्रधानाचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उपस्थित स्कूली बच्चों, अभिभावकों व स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों को व्यवहारिक शिक्षा का ज्ञान भी अवश्य दें।

उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों ने सोशल मीडिया और मोबाइल को लेकर जो प्रस्तुति दी है वो बहुत अच्छी और शिक्षाप्रद है। इस दौरान शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

स्कूल के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। इस मौके पर जिप सदस्य रविकांत, पधर मंडल अध्यक्ष गिरधारी भंगलिया, पूर्व प्रधानाचार्य बारी सिंह यादव, रिटायर्ड प्रिंसिपल मनोज ठाकुर, पूर्व प्रधान दर्शन कटारिया सहित समस्त स्कूल अध्यापक व अभिभावक उपस्थित रहे।

### मंडी में उद्योग मंत्री फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**मंडी।** मंडी जिला का जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सेरी मंच पर 26 जनवरी को बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और आकर्षक मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। मार्च पास्ट में पुलिस, होमगार्ड और एनसीसी के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और अन्य गणमान्य अतिथि सबसे पहले शहीद स्मारक व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके उपरांत मुख्य अतिथि सेरी मंच पहुंचकर प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके उपरांत परेड का निरीक्षण करके मार्चपास्ट की सलामी लेंगे और जिलावासियों को अपना शुभ संदेश देंगे।

# संधोल में चलाया स्वच्छता अभियान, साफ की नालियां



स्वच्छता अभियान के दौरान नाली की सफाई करते युवा व अन्य।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राष्ट्रीय युवा दिवस व स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर शुक्रवार को संधोल में तहसीलदार व राजस्व आयुक्त ओशिन शर्मा के आह्वान पर संधोल में सफाई अभियान चलाया गया।

इसमें तहसील संधोल का पूरा स्टाफ शामिल हुआ और स्थानीय पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भी इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया। साथ ही जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग के दर्जनों कर्मचारी भी नालियों को साफ करने में जुटे रहे। संधोल नाले में गंदगी इतनी फैली हुई थी की उसको हटाने के लिए जेसीबी को भी लगाना पड़ा।

इस सफाई अभियान में संधोल क्षेत्र के कई युवा भी मैदान में उतरे और अपने संधोल क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए सहयोग किया। इस दौरान संधोल के प्रधानाचार्य दिनेश सिंह जम्वाल, पंचायत नेरी के प्रधान जितेंद्र जम्वाल, संधोल पंचायत प्रधान कुलदीप सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## 17 को बल्ह से होगी 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिले में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत 17 जनवरी को बल्ह विधानसभा क्षेत्र से होगी। बल्ह की ग्राम पंचायत छातड़ू के पंचायत घर परिसर में होने वाले इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त निवेदिता नेगी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा के लिए शुक्रवार को बुलाई बैठक में सभी जिला अधिकारियों को 17 को कार्यक्रम में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 17 जनवरी बुधवार को प्रातः 10 बजे शुरू होगा।

इसमें स्थानीय पंचायत छातड़ू समेत आसपास के क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि छातड़ू में 15 जनवरी को कार्यक्रम पूर्व गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे कैंप लगाकर जन शिकायतों और समस्याओं के समाधान के प्रयास करें। उन्होंने बताया कि इस दौरान सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का शत-प्रतिशत लाभ लोगों तक पहुंचाने पर जोर रहेगा।



बैठक की अध्यक्षता करती एडीसी निवेदिता नेगी।

### ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज होंगी समस्याएं

निवेदिता नेगी ने कहा कि कार्यक्रम में प्राप्त सभी जन समस्याएं ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाएंगी। इन्हें तीन स्तर पर एसडीएम, मंडलायुक्त तथा सरकार के स्तर पर देखा जाएगा। इससे समस्याओं के निराकरण का डाटा भी उपलब्ध होगा

### बिजली कट से व्यापारी परेशान

**मंडी।** शहर के महाजन बाजार में बिजली की आंख मिचौनी आजकल लोगों के लिए परेशानी बनी हुई हैं। यह आमतौर पर सुबह के समय गुल हो रही है जिससे लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महाजन बाजार के स्थानीय निवासी तनु वर्मा, हेमलता व अखिल ने बताया कि विद्युत कट लगने से उन्हें गैस से पानी गर्म करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या पिछले लंबे समय से चली आ रही हैं जिस पर विभाग ध्यान नहीं दे रहा हैं। साथ ही महाजन बाजार के व्यापारी भी इस समस्या से परेशान हैं। व्यापारियों की मानें तो बिजली की आंख मिचौनी उनके कारोबार पर असर डाल रही हैं। जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने विद्युत बोर्ड से जल्द ही समस्या का हल करने की गुहार लगाई हैं। वहीं इस बारे में विद्युत विभाग के शिकायत कक्ष से महेंद्र सिंह ने बताया कि विद्युत ओवरलोडिंग की वजह से कई बार फ्यूज उड़ जाता है जिसके चलते समस्या है।

# आधुनिक समाज के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण

## सिद्धपुर में महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों की बैठक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर के सिद्धपुर में महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विधायक चंदशेखर ने की। बैठक में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि आधुनिक समाज के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। विधायक ने बैठक में उपस्थित महिलाओं से उनके द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की जानकारी ली और कहा कि समूहों व महिला मंडलों को अपने उत्पाद बेचने के लिए शॉपिंग सेंटर धर्मपुर में खोला जाएगा, जिसके लिए बजट उपलब्ध करवा दिया है और शीघ्र अति शीघ्र उसका संचालन करना सुनिश्चित किया जाएगा।



धर्मपुर के सिद्धपुर में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं।

विधायक ने सभी महिलाओं से 25 जनवरी को धर्मपुर में पहली बार होने वाले स्टेट हुड कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में अपनी तथा अन्य सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करवाने का आह्वान किया। बैठक में कार्यकारी खंड विकास अधिकारी विवेक पाल और ओशिन शर्मा ने महिला मंडलों और समूहों के सदस्यों को विभिन्न सरकारी योजनाओं को जानकारी दी।

**हादसा** सीवरेज की पाइप से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया टिप्पर

# नेशनल हाई-वे पर पांच घंटे लगा जाम

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सरकाघाट मेन बाजार से होकर गुजरने वाला निर्माणाधीन नेशनल हाई-वे लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। शुक्रवार दोपहर 12 बजे धर्मपुर और अस्पताल की और जाने वाली सड़क के बीचों-बीच डाली गई सीवरेज की पाइप से एक रेत से लोड टिप्पर टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसके चलते करीब पांच घंटे तक जाम लगा रहा। जाम के चलते सड़क के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों का आवागमन बंद हो गया।

गौरतलब है कि पिछले एक साल से शुरू किया गया इस हाई-वे का काम लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। आए दिन जहां सड़क को चौड़ा करने को लेकर की गई कटाई और उखाड़ी गई पक्की सड़क और नालियां न बनाए जाने कीचड़ के कारण वाहन इसमें फंस रहे हैं, वहीं जल शक्ति लोक निर्माण और विद्युत विभाग का ठेकेदार के साथ तालमेल न होने का खामियाजा भी लोगों को ही भुगतना पड़ रहा है। जाम की इस घटना से पर्यटकों सहित हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कंपनी के एमडी प्रवीण सिंह ने कहा कि स्थानीय अधिकारियों का सहयोग न मिलने के कारण रोजाना परेशानी हो रही है। सीवरेज की पाइप रातों-रात जल शक्ति विभाग ने डाल दी थी उसी से टकराकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। जल शक्ति विभाग सरकाघाट के अधिशाषी अभियंता विवेक हाजिरी ने कहा कि पेयजल और सीवरेज पाइप बदलने का पूरा टेंडर हाई-वे के अधीन है। कई बार उनको नोटिस जारी किए जा चुके हैं कंपनी न तो पाइपें बदल रही है और न ही उनके पास पाइप उपलब्ध है। टेंडर के आधार पर सारा काम कंपनी ने ही करना है। (अनंत ज्ञान)



धर्मपुर और अस्पताल की और जाने वाली सड़क के बीच दुर्घटनाग्रस्त टिप्पर।

### जाम में फंसी एंबुलेंस

लाख कोशिशों के बाद भी एंबुलेंस के लिए रास्ता नहीं बनाया जा सका। करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए टिप्पर को अनलोड करके दो जेसीबी के सहारे रास्ते से हटाया गया।

# कांडलू बिठरी में फार्म प्रबंधन की जानकारी दी




कांडलू बिठरी में शिविर के दौरान किसान व अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, गोहर**

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण परियोजना गोहर बीपीएमयू इकाई की ओर से बहाव सिंचाई योजना कांडलू बिठरी में फार्म प्रबंधन व बही खाता पद्धति के बारे में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें कृषि विकास संघ से सभी सदस्य सहित 40 से 45 किसानों ने भाग लिया, जिसमें फसल विविधीकरण के साथ-साथ फार्म प्रबंधन तथा बही खाता के रखरखाव के बारे में विस्तारपूर्वक बताया । बहाव सिंचाई परियोजना अल्याड मंदिर बरल के अंतर्गत किसानों को जागरूक करने के लिए अभिमुखीकरण एवं आवश्यकता मूल्यांकन पर शिविर का आयोजन किया गया। फसल विविधीकरण परियोजना के परियोजना प्रबंधक गोहर डॉ. डीसी चौहान ने किसानों को आर्थिकी मजबूत करने के टिप्स दिए।

# एक ही गैंग ने की थी निजी कार्यालय और भाषा विभाग में चोरी

## भाषा विभाग से चोरों ने पांच जनवरी की रात को चुराई थी 40 कुर्सियां, यूपी के युवकों की पाई संलिप्तता, पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

**शुभम राही, बिलासपुर**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

- शहर में हुई अधिकतर चोरियों में यूपी गैंग के युवकों का रहा है मुख्य हाथ
- लंबे समय से हो रही थी चोरियां, सिटी चौकी की टीम काफी मशक्कत के बाद आरोपियों तक पहुंची
- चोर बस स्टैंड के समीप ही एल्यूमिनियम शॉप का करते थे कार्य

बिलासपुर शहर में कुछ समय से हो रही चोरियों की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी तक सिटी चौकी की टीम पहुंच गई है। शहर के एक निजी कार्यालय सहित जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग में एक ही रात को हुई चोरी के सभी आरोपियों को सिटी चौकी की टीम ने पकड़ लिया है।

यह चोर बस स्टैंड के समीप ही एल्यूमिनियम शॉप का कार्य करते थे। निजी कार्य की आड़ में वह रात के समय शहर में चोरियां करते थे, जिससे स्थानीय लोगों में काफी भय का माहौल पैदा हो गया था। वहीं, सिटी चौकी बिलासपुर की टीम भी इन चोरों को पकड़ने के लिए दिन रात कार्य पर लगी हुई थी। अंततः पुलिस की टीम ने इन दोनों चोरियों में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी हुए सामान की रिकवरी भी कर ली है। चोरी हुआ सामान यूपी के युवक अपनी दुकान में छुपाकर रखते थे।

पुलिस की जांच करने पर उक्त आरोपी युवकों के कमरे से काफी मात्रा में चोरी हुआ सामान बरामद किया गया। वहीं, हैरान करने वाली बात यह है कि इन यूपी के युवकों ने शहर के डियारा सेक्टर के युवक को भी अपने साथ शामिल किया हुआ था। आरोपी चोर युवक मुनीष खान उर्फ मोनू चोरी को अंजाम देता था और उक्त यूपी के युवक अपनी स्कूटियों के माध्यम उस सामान को अपनी दुकान में लंबे समय से छुपा कर रख रहे थे। वहीं, पुलिस अब यह जांच में लगी है कि वह चोरी किए गए सम्मान को कहां पर सप्लाई करते थे।

यह भी माना जा सकता है कि इस चोरी के मामले में कई अन्य गिरोह भी पुलिस की पकड़ में आ सकते हैं। शुक्रवार को पकड़े गए आरोपियों की पहचान जुबेर खान मुजफ्फरनगर यूपी के रूप में हुई है। वहीं, दूसरा आरोपी मुनीष खान डियारा सेक्टर में हुई है। वहीं, तीसरा आरोपी नाबालिग पाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### इस मामले में अन्य और भी खुल सकते हैं राज

आपको बता दें कि इस मामले में कई अन्य और भी खुलासे हो सकते हैं। क्योंकि इन चोरी के मामलों में कई अन्य और मामलों तक पुलिस पहुंच सकती है क्योंकि इन चोरी के मामलों में पुलिस के हाथ कई अन्य सुराग भी लगे हैं, जिनपर बिलासपुर पुलिस गहनता से जांच कर रही है।


चोरी की कुत्थी को सुलझाने वाले सिटी चौकी के पुलिस कर्मचारी।

### जिले की टीम बधाई की पात्र



डीएसपी व पुलिस जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार ने बताया कि पुलिस चोरी के मुख्य आरोपियों तक पहुंच गई है। निजी कार्यालय और भाषा एवं संस्कृति विभाग में हुई चोरी में यही आरोपी संलिप्त थे। इन मामलों में पुलिस ने रिकवरी कर ली है। सिटी चौकी बिलासपुर की टीम बधाई की पात्र है।

### पकड़े गए एक आरोपी को कोर्ट से 14 दिन की सजा

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पुलिस ने इन आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था, जिसमें कोर्ट की ओर से आरोपी मुनीष खान को 14 दिन की सजा सुनाई गई है। वहीं, दूसरा आरोपी जुबेर खान को तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है।

### सिटी चौकी की टीम ने सुलझाई चोरी की गुत्थी

सिटी चौकी बिलासपुर के प्रभारी संजीव वालिया और उनकी पूरी टीम ने शहर में हुई चोरियों की गुत्थी को सुलझाया है। दिन-रात जांच में लगी पुलिस की टीम मुख्य चोरों तक पहुंची और जांच के बाद पाया गया कि शहर में हुई चोरियों में उक्त यूपी के युवक और बिलासपुर शहर का एक युवक मुख्य आरोपी है।

## न्यूज ब्रीफ

### क्लस्टर स्तरीय पारितोषिक समारोह सफल

**घुमारवीं।** घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्रा स्कूल में क्लस्टर स्तरीय प्रदेश की पहली वार्षिक पारितोषिक समारोह का सफल आयोजन प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा गुणात्मक शिक्षा के लिए वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्रा घुमारवीं के साथ लगते सात स्कूलों को कलस्टर में बनाया गया, जिनमें वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र घुमारवीं, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्रा घुमारवीं, राजकीय उच्च विद्यालय चुवाडी, टकरेड़ा, बाड़ी मझेड़वा, राजकीय माध्यमिक पाठशाला कलरी बरोटा शामिल हैं।

### डिजिटल सुरक्षा परीक्षण कैंप का आयोजन

**घुमारवीं।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बिलासपुर के सौजन्य से घुमारवीं में वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल सुरक्षा परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों को नेट बैंकिंग, ऑनलाइन फ्रॉड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में बीडीओ घुमारवीं विपिन ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि अपने डेबिट व क्रेडिट कार्ड का नंबर, मोबाइल फोन पर आए ओटीपी और सीवीवी किसी को न बताएं। बैंक कभी भी आपसे इसकी जानकारी नहीं मांगते। आपका यूपीआई पिन भी एटीएम पिन की तरह ही होता है। इसलिए इसे भी किसी के साथ साझा न करें। ऐसा करने पर जालसाज उसका गलत इस्तेमाल कर आपको ठग सकते हैं। ग्राहकों की ओर से यह जानकारी साझा करने से फ्रॉड हो सकता है। वहीं, कैंप में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों का मेडिकल कैंप डॉक्टर नेहा ईएनटी तथा आंख रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इशानी गुप्ता ने कैम्प में आए वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की।

### कुमझवाड में पेड़ से गिरकर महिला की मौत

**घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं के तहत आने वाले गांव कुमझवाड में एक महिला की पेड़ से गिरने के कारण मौत हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कुमझवाड गांव की 46 वर्षीय महिला अपने मवेशियों के लिए पेड़ पर चढ़ कर पत्ते काट रही थी। अचानक महिला का संतुलन बिगड़ जाने से वह नीचे जा गिरी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन व गांव के कई लोग घटनास्थल पर महिला को कुठेड़ा अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान महिला की मृत्य हो गई है। मृतक महिला की पहचान 46 वर्षीय लता देवी प ी किशोरी लाल गांव कुमझवाड के रूप में हुई है।

## आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद आज भी करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत


स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भाजयुमो की इकाई ने कार्यक्रम का किया आयोजन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के तहत भाजयुमो की सदर मंडल इकाई ने शुक्रवार को बिलासपुर शहर में कार्यक्रम का आयोजन किया।

युवा मोर्चा के सदर मंडल अध्यक्ष अक्षय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा सदर मंडल उपाध्यक्ष रजनीश ठाकुर ने मुख्यातिथि, जबकि भाजयुमो के प्रदेश सचिव रोहित व जिला उपाध्यक्ष रिंकू चौधरी ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता रजनीश ठाकुर ने कहा कि आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद आज भी करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। कम उम्र से ही अध्यात्म के प्रति गहरी रुचि रखने वाले स्वामी विवेकानंद ने भारतीय योग वेदांत की शिक्षा व दर्शन को विदेशों में भी ख्याति दिलवाई। वह अपने तर्कशील विचारों से दूसरों का नजरिया बदलने की क्षमता रखते थे।

वर्ष 1893 में शिकागों में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भी अपने ओजस्वी विचारों से उन्होंने भारत को विश्व पटल पर विशेष पहचान दिलाई थी। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। प्रदेश सचिव रोहित ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार हर धर्म, जाति और वर्ग के लोगों को प्रेरित करने वाले हैं। उनका कहना था कि उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। उनका यह विचार करोड़ों युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह पैदा करके उन्हें मंजिल की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह भी उन्हीं के विचार हैं कि ईश्वर पर भरोसा करने के लिए खुद पर भरोसा होना जरूरी है तथा जितना बड़ा संघर्ष होगा, उतनी ही शानदार जीत होगी।

राजेंद्र गर्ग ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा–

## युवा शक्ति देश, समाज की रीढ़

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

युवा समाज को नई दिशा देकर राष्ट्र को तरक्की की राह पर अग्रसर करने की शक्ति रखता है, जरूरत है तो केवल उसे समय पर सही दिशा देने की, जिससे उसकी क्षमता व ताकत का समाज व देश के हित में सही उपयोग किया जा सके।

यह शब्द पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कही। घुमारवीं के बाड़ी मझेडवां में शुक्रवार को घुमारवीं भाजपा ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस मौके पर स्वामी विवेकानंद के फोटो के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूर्व मंत्री ने कहा कि युवा शक्ति समाज की अमूल्य धरोहर और बहुमूल्य संपदा होती हैं। युवा शक्ति देश और समाज की रीढ़ होती है। युवा देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। युवा देश का वर्तमान है, तो भूतकाल और भविष्य के सेतु भी हैं।


स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते राजेंद्र गर्ग।

### कटवाल ने प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



**झंडूता।** स्वामी विवेकानंद की जयंती शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा की जिला इकाई ने अलग अंदाज में मनाई। इसके उपलक्ष्य में झंडूता में जिला स्तरीय युवती सम्मेलन का आयोजन किया गया। मोर्चा की जिला अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य शैलजा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सम्मेलन में भाग लेने के लिए जिले भर से पहुंची युवतियों और महिलाओं के लिए कई तरह की स्पर्धाओं का आयोजन भी किया। सभी प्रतिभागियों को जीतराम कटवाल ने पुरस्कृत किया। अपने संबोधन में जीतराम कटवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। उनकी शिक्षाएं और विचार आज भी युवाओं समेत सभी वर्ग के लोगों में नई ऊर्जा पैदा करके उन्हें लक्ष्य पर पहुंचने के लिए प्रेरित करते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## सरकार से आग्रह के बाद भी वित्तीय लाभों की अदायगी नहीं की जा रही

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

- पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन शहरी इकाई ने घुमारवीं की बैठक
- जेसीसी की बैठक बुलाकर उनकी इन सभी मांगों का निपटारा जल्द किया जाए

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन शहरी इकाई घुमारवीं की बैठक प्रधान हरि सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में घुमारवीं के निजी होटल में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश महासचिव हुकम सिंह ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में तथा खंड प्रधान लेखराम शर्मा महासचिव नरोतम दत धीमान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सभी वक्ताओं एवं सदस्यों ने सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया कि पेंशनर्स की ओर से सरकार से कई बार आग्रह करने के बावजूद भी उनके काफी समय से लटके वित्तीय लाभों की अदायगी नहीं की जा रही है तथा उनके मेडिकल बिल भी काफी समय से लंबित पड़े हुए हैं।

21 जनवरी, 2016 से सेवानिवृत्त पेंशनरों के संसोधित वेतनमान का एरियर लीव इंकैशमेंट ग्रेजुटी क्मूटिड पेंशन तथा डीए किस्त का भुगतान भी सरकार की ओर से नहीं किया जा रहा है। उपस्थित सभी पेंशनरों ने सरकार से आग्रह किया कि उनकी जेसीसी की जल्द से जल्द बैठक बुलाकर उनकी इन सभी मांगों का निपटारा जल्द किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य सलाहकार निक्का राम वरिष्ठ, उपप्रधान हेमराज महाजन, सचिव बृजेंद्र नाथ, नरसिंह दास लेखराम, कौल रविंद्र चौहान, जगर नाथ शास्त्री, रण सिंह, बुद्धि सिंह सहित कई पेंशनरों ने भाग लिया।

## राहगीर को कुत्ते ने काट खाया

**डंगार चौक।** डंगार पंचायत के सौडी गांव में पालतू कुत्ते ने रास्ते से गुजर रहे एक व्यक्ति को काट लिया। कुत्ते के हमले का शिकार हुए दख्यूत गांव के दौलत राम



सुबह अपने किसी काम से जा रहे थे कि रास्ते में उन पर पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया।

दौलत राम के अनुसार उन्होंने कुत्ते के हमले के समय कुत्ते के मालिक को भी पुकारा व कुत्ते से छुड़ाने के लिए कहा, परंतु कुत्ते के मालिक ने उन्हें नहीं छुड़ाया, जिससे कुत्ते ने दौलत राम की टांग पर अपने सारे दांत लगा दिए। कुत्ते के हमले से घायल दौलत राम ने शिकायत लेकर पुलिस थाना भराड़ी थाना में शिकायत दर्ज करवाई है।

## क्रस्ना लैब केंद्र व प्रदेश सरकार को संसदीय चुनाव से पहले कर रही बदनाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**


कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल से आग्रह किया कि इस समय क्रस्ना लैब के माध्यम से केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल सरकार को संसदीय चुनाव से ठीक पहले बदनाम करने और विधानसभा चुनाव में लोगों की ओर से दी गई करारी हार देने के लिए दंडित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका कड़ा संज्ञान लेकर अस्पतालों की अपनी लैब के माध्यम से वह सभी टेस्ट सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध करवाई जाएं, जो इस समय क्रस्ना के माध्यम से दी जा रही थी।

स्थानीय परिधि गृह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व में स्वास्थ्य मंत्री रहे रामलाल ठाकुर ने कहा कि इस सुविधा को अचानक बंद कर दिए जाने का कारण हैं कि केंद्र सरकार ने एक सोचे समझे षड्यंत्र के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य को देय सारी राशि पर रोक लगा कर इस संदर्भ में धनाभाव पैदा किया है।

समय पर उनके टेस्ट न होने के कारण असमय मृत्यु का भी ग्रास बन रहे हैं, जबकि निजी लैब में इन टेस्टों के रेट अचानक बढ़ गए हैं, जिन्हें हर रोगी की ओर से अदा करना उनके वश की बात नहीं है। रामलाल ठाकुर ने भाजपा नेताओं की ओर से फोरलेन सड़क, रेलवे लाइन, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज और एम्स जैसे संस्थानों को बिलासपुर में स्थापित करने का श्रेय किसी और को नहीं, बल्कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और पूर्व मुख्य मंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को जाता है। भाजपा नेताओं को हिंदू सनातन धर्म के एक नेता शंकराचार्य के उपदेश पर ध्यान देना चाहिए, जिनसे कहा है कि अधूरे मंदिर में न तो मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा हो सकती है और न ही कोई पूजा-अर्चना की जा सकती है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस 2024 : युवाओं की भावनाओं का महोत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- आयोजन में कुल 25 युवा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय देश के युवाओं के विकास, उनकी भागीदारी और उन्हें सशक्त बनाने के लिए एक अद्वितीय और व्यापक दृष्टिकोण के साथ 12 को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर इस वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन अभूतपूर्व तरीके से कर रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस सभी 763 जिलों में 12 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है।

जिला युवा अधिकारी अतुल शर्मा ने बताया कि बिलासपुर में जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस इकाई के सहयोग के साथ राजकीय महाविद्यालय में किया जा रहा है। इस उत्सव के केंद्र में भारत के युवाओं के लिए समर्पित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म MY Bharat है। एनवाईकेएस के माध्यम से देश भर में गहन जागरूकता सह ऑनबोर्डिंग ड्राइव का संचालन किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक युवा को पोर्टल की ओर से प्रदान किए गए भारत के अवसरों के लिए अनुभवात्मक शिक्षा और स्वयंसेवक का लाभ उठाने की सुविधा मिले। जिला स्तरीय कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ शुरू होगा, जिसके बाद राष्ट्र के नाम प्रधानमंत्री के संबोधन की लाइव स्क्रीनिंग होगी। साथ ही सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन भी किया जा रहा है। इस आयोजन में कुल 25 युवा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे।

**आयोजन** मेगा स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन, मौके पर ही सुलझाई जाएंगी लोगों की समस्याएं

## कसारू से होगी 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सरकार गांव के द्वार' की शुरुआत घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत कसारू पंचायत से 17 जनवरी को होगी।

प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने आज जिला मुख्यालय के बचत भवन में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजित जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों की विभिन्न समस्याओं को उनके घर-द्वार के समीप सुलझाने के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आरंभ कर रही है। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को प्रदेश सरकार की विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को कार्यक्रम स्थल पर मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य जांच के लाभ भी प्राप्त हो सके।


बचत भवन में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते डीसी आबिद हुसैन।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में अपने-अपने विभाग से संबंधित कल्याणकारी नीतियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि लक्षित वर्गों को समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में भी यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 18, झंडूता विधानसभा में 19, बिलासपुर सदर में 20 और श्री नयना देवी जी में 21 को 'सरकार गांव के द्वार' पहुंचेगी।

## युवाओं से असहाय एवं गरीबों की सहायता करने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

आदर्श युवक मंडल मोहड़ा में शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर के सौजन्य से युवा दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिर्मित ईटीओ प्रेमचंद धीमान ने शिरकत की।

इस मौके पर प्रेमचंद धीमान ने युवाओं को व लोगों को स्वामी विवेकानंद के जीवन पर बताया व उनके नक्शे कदम चलने पर प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को हमेशा असहाय एवं गरीब लोगों की सहायता करने व समाज में भाईचारा लाने का आह्वान किया। युवाओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में जाना व प्रण लिया की हमेशा सच्चाई की राह पर चलेंगे व समाज के कल्याण में हमेशा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम में स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया गया।


मोहड़ा में नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर के सौजन्य से युवा दिवस के रूप में मनाया गया।

आदर्श युवक मंडल मोहड़ा के प्रधान अभिषेक शर्मा की ओर से युवाओं से आह्वान किया कि अपने आसपास व गांव में युवा पीढ़ी स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें, ताकि स्वच्छ गांव व पंचायत बनाया जा सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रिटायर्ड ईटीओ प्रेमचंद धीमान, सत्यदेव, यशवीर, विजय, शंकर धीमान, हर्ष, रोहित, विनय, उषा, अभिषेक शर्मा, व युवक मंडल के सदस्यों ने भाग लिया।

ड्रीम प्रोजेक्ट का इंतजार

# भट्टा-भगेड़ वाया गलोड़-बिझड़ी बरठीं सड़क कब होगी टू-लेन?

## सुक्खू ने सीएम बनने से पहले किया था ऐलान, अब कब तक दिलवाएंगे प्रोजेक्ट को हरी झंडी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**


फाइल फोटो

बड़सर, नादौन और घुमारवीं विस क्षेत्रों को जोड़ने वाली भट्टा-भगेड़ वाया गलोड़-बिझड़ी-बरठीं सड़क को टू-लेन करने की बातें तो लंबे समय से क्षेत्र के विधायक और बड़े नेता करते रहे हैं, लेकिन इस परियोजना को अमलीजामा कब पहनाया जाएगा, इसका इंतजार एक बार फिर शुरू हो गया है।

कारण यह है कि सूबे के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सीएम बनने से पहले इसका ऐलान करते रहे हैं। अब क्योंकि वे खुद मुख्यमंत्री हैं, इसलिए इस तकरीबन 60 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग की दशा-दिशा सुधारने के लिए जहमत कब उठाएंगे? इसकी इंतजार फिर से शुरू हो गई है। बेहद महत्वपूर्ण इस सड़क मार्ग को टू-लेन बनाने की मांग क्षेत्रवासी अरसे से करते आए हैं। लेकिन उन्हें अभी तक केवल 'दिलासे' ही मिले हैं।

भट्टा-भगेड़ के बीच गलोड़ तक की सड़क सीएम के गृह विधानसभा क्षेत्र में पड़ेगी। उसके आगे करीब 35 किलोमीटर घोड़ी-धबीरी तक की सड़क बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के हवाले रहेगी, जबकि इसके बाद हमीरपुर जिला की सीमा से सटा घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र का इलाका और झंडूता क्षेत्र को जोड़ने वाली भगेड़ तक की सड़क बिलासपुर जिला में दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र को फायदा पहुंचाएगी। यह चार विधानसभा क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी भौगोलिक स्थिति ही ऐसी है। अब क्योंकि घनी आबादी के लिहाज से यह सारा क्षेत्र सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए हम है और बड़ी बात यह है कि भगेड़ में फोर-लेन को जोड़ने के लिए इस बेहद पुरानी सब को टू लेन बनना लाजमी हो गया है। इस पर अब ट्रैफिक भी अच्छा-खासा बढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

### सलौनी-बिझड़ी में बनेंगे बाईपास

**बिझड़ी** में तो लंबे समय से बाईपास सड़कों के निर्माण की मांग उठती चली आई है, लेकिन अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। यहां तकरीबन एक किलोमीटर लंबे बाजार के हिस्से से अलग बाईपास का निर्माण नहीं होने से जाम की समस्या मुंह फुला कर अपना प्रभाव दिखाती है। कई बार तो लंबे समय तक जाम लगा रहता है। अब यहां एक और समस्या यह है कि एक सड़क बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के लिए मुड़ जाती है और दूसरी घोड़ी-धबीरी-भगेड़ के लिए, इसलिए बाईपास भी यहां दो ही बनाने पड़ेंगे। इनके सर्वे भी हो चुके हैं। जब नेशनल हाई-वे बनाने की कवायद शुरू हुई थी, तब यह सर्वे करवाए गए थे। सलौनी में भी सड़क को सीधा करने के लिए बाईपास की जरूरत बनेगी, ताकि यहां भी जाम की समस्या से निजात मिल सके।

### बड़ी आबादी को मिलेगा फायदा

**राजनीतिक** दृष्टि से भी इस सड़क मार्ग को टू-लेन बनाने का फायदा चार विधानसभा क्षेत्र को मिलेगा, इसमें तीन विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस के विधायकों के हैं, जबकि एक भाजपा विधायक का रहेगा, इसलिए सभी का यदि प्रयास सांझा हो गया, तो बड़ी आबादी को फायदा मिलेगा। लेकिन अहम बात यह है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ही इसमें अब 'जलवा' दिखाना होगा, जिसकी इंतजार ज्यादा लंबी भी न हो, यह भी लोगों में चर्चा हो रही है।

# बिजली की आंख-मिचौनी से बड़सरवासी परेशान

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**




कड़क ठंड में बिजली कटों से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। सुबह-सुबह जब उपभोक्ता को बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो ठीक उसी समय अचानक से कई इलाकों में बिजली चली जा रही है। ऐसे में लोगों द्वारा सर्दी से बचने के लिए लगाए गए गीजर हीटर वह खाना बनाने के लिए इंडक्शन चूल्हे वगैरह काम नहीं कर पाते हैं। बिजली कट से लोगों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं।

जानकारी के मुताबिक उपमंडल बड़सर के सब डिवीजन कोटला के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता सर्दियों के मौसम में विद्युत कट की वजह से सबसे ज्यादा परेशानियां उठा रहे हैं। जमली, महारल, धगोटा, बिझड़ी व अन्य कई क्षेत्रों में सुबह के वक्त अचानक से बिजली चली जाती है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सर्दियों के मौसम में ज्यादा लोड कंजप्शन के कारण फीडर वाइज कट लगाने पड़ते हैं। वहीं अगर बात कोटला में बनने जा रहे नए 133 केवी सब-स्टेशन की बात की जाए तो उसका कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

> **शुक्रवार** को द बड़ी लाइन में फाल्ट आ जाने की वजह से कुछ समय के लिए विद्युत चली गई थी। हालांकि उन्होंने रोज बिजली के कट लगने की बात से इनकार किया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि 133 केवी का कार्य पूरा हो चुका है इसे कब चालू किया जाएगा इसके बारे में इलेक्ट्रिक सिस्टम हमीरपुर से ही जानकारी मिल सकती है।
> -रमेश बंधन, एसडीओ कोटला बिझड़ी

इस सब-स्टेशन के कार्य करने के साथ ही इलाके के लोगों की विद्युत संबंधी दिक्कतें दूर हो सकती है, लेकिन अभी तक इस नए प्रोजेक्ट को जनता को समर्पित नहीं किया जा सका हैं। लोग सर्दियों के मौसम में बिजली उपकरणों के काम न करने के कारण ठिठुरने को मजबूर हैं। (अनंत ज्ञान)

# धौलासिद्ध मजदूरों ने स्थगित किया विरोध-प्रदर्शन

**नादौन।** हिमाचल भवन, सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन, संबंधित सीटू धौलासिद्ध इकाई के मजदूरों ने दो दिवसीय हड़ताल को ऋतिक कंपनी प्रबंधन, एसजेवीएन प्रबंधन व यूनियन में लिखित समझौता हो गया है, जिसके चलते मजदूरों ने आंदोलन को स्थगित कर दिया। यह जानकारी देते हुए धौलासिद्ध इकाई के अध्यक्ष नवीन ठाकुर व महासचिव संतोष कुमार ने यहां जारी प्रेस बयान में दी। उन्होंने बताया कि मजदूरों की मांगों को लेकर कंपनी व यूनियन की बैठक हुई, जिसमें लिखित समझौता हो गया है। काबिले गौर है कि दो साल से परियोजना का कार्य चल रहा है परंतु ऋतिक कंपनी प्रबंधन श्रम कानून को लागू करने में पूरी तरह से असफल रहा है और आज भी ज्यादातर ठेका मजदूरों को न तो पहचान पत्र दिए गए, न ही सैलरी स्लिप दी जाती है और श्रम कानून की घोर अनदेखी की जा रही है। जिससे मजदूरों में भारी रोष व्याप्त है।

# मुख्यमंत्री 17 को गलोड़ से करेंगे 'सरकार गांव के द्वार' का शुभारंभ


डीसी हेमराज बैरवा अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आरंभ करने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 17 जनवरी को हमीरपुर जिले के गलोड़ से इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यह बात डीसी हेमराज बैरवा ने शुक्रवार को यहां हमीर भवन में जिला के अधिकारियों के साथ बैठक करके 'सरकार गांव के द्वार' के शुभारंभ समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कही।

डीसी ने बताया कि नादौन विधानसभा क्षेत्र के गांव गलोड़ के बाद दूसरे चरण में जिला के चार अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी फरवरी के पहले हफ्ते तक अलग-अलग दिन ये कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री या कैबिनेट मंत्री करेंगे। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और आम लोगों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि जनसमस्याओं का निवारण मौके पर ही किया जा सके। डीसी ने कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग और आयुर्वेद विभाग मैगा स्वास्थ्य कैंप भी लगाएंगे, जिनमें मरीजों के निशुल्क टेस्ट होंगे तथा उन्हें दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

# नगर कीर्तन और शोभायात्रा 22 को कालाअंब में

**हमीरपुर।** नारायण सेवा संस्थान की हमीरपुर शाखा के तत्वावधान में काला अंब पंचायत में 22 जनवरी को सुबह पांच बजे नगर कीर्तन व शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नारायण सेवा संस्थान के संयोजक रसील सिंह मनकोटिया ने बताया कि यह शोभायात्रा कीर्तन करते हुए गुग्गा मंदिर से शुरू होकर कालाअंब, भारीं, भलेड़ा, गाहरा, रोपा व गजोह गांवों से होते हुए गूग्गा मंदिर तक जाएगी। इस यात्रा में क्षेत्र के सभी राम भक्त, विश्व हिंदू परिषद के सदस्य, गोभक्त संघ से जुड़े सभी सदस्य तथा स्थानीय महिला मंडल भाग लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रकाश ठाकुर और संदेश शास्त्री को अधिकृत किया गया है। यह कार्यक्रम अयोध्या में होने वाले रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के लक्ष्य में किया जा रहा है।

# विज्ञान अध्यापक संघ ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में दिया 2,05,011 रुपए का चेक


हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ मुख्यमंत्री को दो लाख पांच हजार ग्यारह रुपए चेक देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ जिला हमीरपुर ने आज शिमला में मुख्यमंत्री निवास ओकओवर में दो लाख पांच हजार ग्यारह रुपए की राशि का चेक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सौंपा। विज्ञान अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान विकेश कौशल के नेतृत्व में आज मुख्यमंत्री से मिलकर आपदा राहत कोष में उपरोक्त धनराशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने संघ प्रतिनिधिमंडल की सराहना व्यक्त करते हुए खुशी जताई और कहा कि आपदा के समय समूचे प्रदेश के कर्मचारियों ने सरकार का बखूबी साथ दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से डीए की किस्त जारी करने का आग्रह किया और साथ ही स्थानांतरण के लिए 30 किलोमीटर की दूरी को कम करके 20 किलोमीटर करने का ज्ञापन भी सौंपा। उपरोक्त मांगों पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए इस पर विचार करने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### सहकारी सभा गलोड़ का वार्षिक अधिवेशन 21 को

गलोड़ सहकारी सभा का वार्षिक अधिवेशन सभा कार्यालय के हाल में 21 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन की अध्यक्षता सहकारी सभा गलोड़ के अध्यक्ष चमन लाल करेंगे। सहकारी सभा के सचिव संजीव कुमार ने बताया कि बैठक अपरान्ह 11 बजे शुरू होगी। उन्होंने सभा के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में बैठक में भाग लेने पहुंच जाएं।

### जमा दो की प्रस्तावित डेटशीट में बदलाव की मांग

**धनेटा।** जिला हमीरपुर के प्रधान अजय नंदा ने कहा कि इस डेटशीट को और अधिक तर्कसंगत बनाया जाए। विज्ञान संकाय के पांच मुख्य पेपर अंग्रेजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स तथा बायोलॉजी के पेपर पहले दस दिनों में करवा दिए है, जबकि ऑप्शनल विषयों के लिए दस दिनों की छुट्टियां दी गई हैं बोर्ड या तो ऑप्शनल विषयों के पेपर भी जल्दी करवा लें, ताकि हिमाचल के बच्चों को जेई-मेंस के लिए पर्याप्त समय मिल सके और अगर ये पेपर 21 मार्च तक ही चलाए जाने हैं तो सभी मुख्य विषयों को कम से कम दो छुटियां दी जाएं, ताकि बच्चे विषय को अच्छे से दोहरा सकें। यहां यह भी ध्यान रखना होगा कि हिमाचल बोर्ड के बच्चे सीबीएसई से लगभग 40 प्रतिशत अधिक सिलेबस पढ़ रहे हैं, वहीं वाणिज्य संकाय में अर्थशास्त्र एवम एकाउंटेंसी को कम से कम दो दो दिन की छुटियां दी जाएं। इस के अतिरिक्त संघ का कहना है कि सभी विषयों को कम से कम एक दिन का अवकाश अवश्य हो ताकी पुनरावृत्ति के लिए उचित समय मिल सके।

### 'बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं'


वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान सामूहिक चित्र में बच्चे।

**भरेड़ी।** डीएवी पब्लिक स्कूल लड़ियानी भरेड़ी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सेक्रेटरी डीएवीसीएम की रविंद्र तलवाड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और शैक्षणिक व खेल गतिविधियों में अव्वल रहे स्टूडेंट्स को पुरस्कार वितरित किए। प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए है, पर नृत्य करके माहौल को भक्तिमय किया। एलकेजी और केजी के बच्चों ने अपनी खूबसूरत अदाओं से सबक मन मोहा। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ व अन्य लोग मौजूद रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना स्कूल की प्राथमिकता रही है। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि स्कूल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में कमी नहीं छोड़ेगा।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पत्र बांटे

**टौणी देवी।** श्री रामतीर्थ क्षेत्र अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजित अक्षत देकर निमंत्रण रामदूत घर-घर पहुंचा रहे हैं। टौणी देवी क्षेत्र के बारी मंदिर गांव में शुक्रवार को मातृ शक्ति, युवाओं और राम भक्तों ने घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र देकर निमंत्रण दिया। राम भगतों में गजब का जोश देखा गया। सनातन धर्मियों ने राम के भजन गाकर तथा श्री राम के नारे लगाकर माहौल को धार्मिक बना दिया। उन्होंने ग्रामवासियों को अवगत कराया कि 22 जनवरी को श्री रामलला को अयोध्या धाम में विराजमान किया जाएगा। सभी लोग अपने-अपने घरों में 22 जनवरी को घी के दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाएं। इसी दिन बारी मंदिर में सुबह 11 बजे विशेष कार्यक्रम रखा जाएगा।

### भाषण प्रतियोगिता में शाल्वी अव्वल

**नादौन।** डीडीएम साई कॉलेज कल्लर जलाड़ी में स्वामी विवेकानंद की जयंती व युवा दिवस के उपलक्ष्य पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीएड के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में बीएड की शाल्वी ने प्रथम स्थान, अनामिका ने द्वितीय स्थान व सूजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कालेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल, प्रधानाचार्य डॉ. ओम प्रकाश भारद्वाज व समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में कालेज में बच्चों व स्टाफ ने मिलकर लोहड़ी के त्योहार को मनाया।

### स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प किए अर्पित

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरी के जाखू गांव में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सुजानपुर भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम राणा सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी रहे कैप्टन रंजीत राणा ने शिरकत की और युवा वर्ग को राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। विक्रम राणा ने कहा कि यूथ आईकॉन के नाम से सुप्रसिद्ध स्वामी विवेकानंद अपने आप में वह शख्सियत थे जिसे कभी बुलाया नहीं जा सकता। उनका कहना था कि लगातार मेहनत करो तब तक मेहनत करो जब तक आप अपनी इच्छा अनुसार मंजिल को प्राप्त न कर पाओ। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस मौके पर संसार चंद्र, प्यार चंद, स्कूल प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

### महिला सशक्तिकरण से मजबूत होगा देश और समाज

**हमीरपुर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय टौणी देवी ग्राम पंचायत उहल में सशक्त महिला योजना के तहत एक जागरूकता शिविर आयोजित किया। इसकी अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी सुकन्या कुमारी ने की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि महिलाओं के कल्याण, उत्थान और सशक्तिकरण के लिए सरकार ने कई महत्त्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं। पात्र महिलाओं को इनका लाभ उठाना चाहिए। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए भी सरकार ने कई विशेष प्रावधान किए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से ही हमारा समाज और देश मजबूत हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मीनाक्षी ने महिलाओं को मासिक धर्म के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। संरक्षण अधिकारी किरण ने भी महिलाओं को जागरूक किया। स्थानीय पंचायत प्रधान सोमा देवी और बीडीसी सदस्य अलका ठाकुर ने पंचायतीराज संस्थाओं की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया।

# हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसो. ने की स्टेट बॉडी से वर्चुअल मीटिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष कर रही हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन ने स्टेट बॉडी के साथ वर्चुअल मीटिंग करके आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। इस वर्चुअल मीटिंग में हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुरिंद्र सिंह डोगरा, महासचिव डॉ. वेंकटेश्वर रणौत और संयुक्त सचिव डाक्टर मोहित शामिल हुए।

अध्यक्ष डॉ. सुरिंद्र सिंह डोगरा ने कहा कि सरकार लंबे समय से उनकी मांगों की अनसुनी कर रही है। मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की मांग है कि सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पदोन्नति न दी जाए। ऐसा करना प्रदेश के बेरोजगार युवा चिकित्सकों के हित में नहीं। सेवा विस्तार की प्रक्रिया समाप्त होनी चाहिए। इस वर्चुअल मीटिंग में राज्य के अन्य जिलों की एसोसिएशन के सदस्यों ने आगे की रणनीति के लिए अपने-अपने विचार पेश किए।


### पदोन्नति योग्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर की जाए

**स्वास्थ्य** विभाग में स्वास्थ्य निदेशक, उपस्वास्थ्य निदेशक और खंड चिकित्सा अधिकारियों के विभिन्न पद रिक्त चल रहे हैं। इन पदों पर पदोन्नति योग्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर की जाए।

### एनपीए को पुनः किया जाए लागू

**विशेषज्ञों** चिकित्सों का वेतन घटाकर 33,660 कर दिया गया है, जबकि अधिसूचना के तहत न्यूनतम देय 40, 392 तय हुआ था। एनपीए को भविष्य में चिकित्सकों की नियुक्ति के समय पुनः लागू किया जाए। कार्यक्रम अधिकारी के पदों पर एमबीबीएस कैडर से ही चिकित्सा अधिकारियों को लगाया जाए। दंत चिकित्सा अधिकारियों के कार्यक्रम अधिकारी के रूप में अलग से पदों को स्वीकृति दी जाए।

# गणतंत्र दिवस पर मुकेश अग्निहोत्री हमीरपुर में फहराएंगे तिरंगा


तैयारियों को लेकर डीसी हेमराज बैरवा अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर में 26 जनवरी की तैयारियां अभी से शुरू कर दी हैं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने हमीर भवन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते कहा कि जिला स्तरीय 75वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

डीसी ने कहा जिला स्तरीय समारोह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर के मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। और भव्य परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस के अलावा होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट एंड गाइड्स की टुकड़ियां भी भाग लेंगी। उपायुक्त ने पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गणतंत्र दिवस की परेड के लिए प्लाटूनों का चयन कर लें और रिहर्सल में इनकी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### 15 जनवरी को बिजली बंद रहेगी

**नादौन।** नादौन बस स्टैंड, नगारड़ा, कोट, पतन बाजार तथा इसके आस पास के क्षेत्रों की बिजली 15 जनवरी को प्रात: आठ बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगी। यह जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल नादौन के एसडीओ अक्षय कुमार ने यहां जारी प्रेस बयान में बताया कि 15 जनवरी को 132 केवी, 33 केवी, 11 केवी सब-स्टेशन गगाल के अंतर्गत 11 केवी नादौन फीडर की विद्युत लाइनों की मरममत व उचित रख-रखाव किया जाना है, इसलिए बिजली बाधित रहेगी। यदि 15 जनवरी को बारिश हुई तो यह कार्य अगले दिन 16 जनवरी को किया जाएगा।

# कंजयाण में दी कानूनी जानकारियां

**अनंत ज्ञान, भोरंज**


कंजयाण में कानूनी जानकारियां देते सचिव अनीष कुमार।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के सहयोग से भोरंज उपमंडल की ग्राम पंचायत कंजयाण में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया। इसकी अध्यक्षता प्राधिकरण के सचिव अनीष कुमार ने की।

उन्होंने बताया कि आम लोगों को न्याय सुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं आरंभ की हैं। मुफ्त कानूनी सहायता योजना इनमें से सबसे महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने बताया कि एससी-एसटी वर्ग के लोग, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांग, आपदा पीड़ित, अत्याचार पीड़ित, श्रमिक, किन्नर, कैदी और सालाना तीन लाख रुपए से कम आय वाले सभी वर्गों के लोग मुफ्त कानूनी सहायता योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया बहुत ही सरल है। किसी भी न्यायालय परिसर में स्थापित फ्रंट आफिस में जाकर पात्र लोग मुफ्त कानूनी सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। अनीष कुमार ने नालसा के मोबाइल ऐप, सुप्रीम कोर्ट रिपोर्टर ऐप, नशे की समस्या, मोटर वाहन अधिनियम और कई अन्य अधिनियमों की विस्तृत जानकारी भी दी।

# किसान मोर्चा मंडल ने कार्यकारिणी का किया विस्तार

**भोरंज।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश भोरंज मंडल की किसान मोर्चा मंडल ने कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसमें मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार कसयाणा ने महांमत्री सुरेंद्र कुमार धीमान मुड़खर, महांमत्री उमेश ठाकुर पंतेहडी, उपाध्यक्ष योग राज शर्मा टकौता ब्राह्मण, उपाध्यक्ष रमेश शर्मा जाहू, उपाध्यक्ष विनोद सोनी कडोहता, उपाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर झंडवीं, सचिव राजेंद्र कुमार सैणी वगवाड़, सचिव तिलक राज शर्मा अम्मण, सचिव दलेर सिहं, टिक्कर उपरला, कार्यकारिणी सदस्य पवन कुमार फगलोट, रघुवीर सिंह मैरा ककरोल, मजूं ठाकुर कोडल्वी, प्रवीण कुमारी कोडल्वी, रणवीर सिंह वलवाड़ को बनाया है।

# स्काउट एंड गाइड ने नशे के खिलाफ छेड़ा अभियान


लोगों को नशे पर जागरूक करते सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्काउट एंड गाइड।

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के स्काउट एंड गाइड के छात्रों ने निश्चय प्रोजेक्ट के तहत एक नशा मुक्ति दृष्टि के अंतर्गत स्काउट मास्टर सतीश राणा और गाइड कुसुम लता के मार्ग-दर्शन में शीतकालीन अवकाश में अपने गांव में नशा मुक्ति को लेकर नशा न करने का संकल्प दिला रहे हैं। प्रधानाचार्य रजनीश रांगडा ने बताया की आज विवेकानंद जयंती जिसे राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है पर युवाओं के माध्यम से नशे पर प्रहार किया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम होंगे।

कार्यक्रम | न्यू सेंट्रल मॉडल हाई स्कूल राहजोल के वार्षिक समारोह का आयोजन

# बच्चे देश का भविष्य : आशीष शर्मा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



विधायक आशीष शर्मा मेधावी बच्चों व शिक्षकों के साथ।

हमीरपुर के निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा ने शुक्रवार को न्यू सेंट्रल मॉडल हाई स्कूल राहजोल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों ने ऊर्जा से भरपूर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने देश भक्ति से ओत-प्रोत, नशा निवारण, बेरोजगारी साहित अन्य सामाजिक मुद्दों पर बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

इस मौके पर आशीष शर्मा ने कहा कि बच्चों के मंच पर आने की खुशी माता-पिता को अधिक होती है। विधायक ने कहा कि अध्यापकों ने बच्चों को बेहतरीन ढंग से तैयार कर मंच पर भेजा है। जिसके लिए वे भी बधाई के पात्र हैं। बच्चे हमारे देश का आने वाला भविष्य हैं। मंच पर आकर झिझक खत्म होती है। हार जीत से फर्क नहीं पड़ता है, फर्क पड़ता है तो परफॉर्म न करने से। उन्होंने कहा कि आज युवा दिवस है और स्वामी विवेकानंद जी की प्रेरणा पर हमें जीवन में लक्ष्य प्राप्ति होने तक निरंतर मेहनत करनी चाहिए।

### बच्चों को अनुशासन में रहना सिखाएं

**जितना** दायित्व बच्चों को संस्कारवान बनाने का माता-पिता का है उतना ही अध्यापकों का भी है। जरूरी नहीं है कि हर बच्चा पढ़ाई में अच्छा हो। अध्यापक व अभिभावक बच्चों को शुरू से ही अनुशासन में रहना सीखाएं और मानसिक रूप से मजबूत बनाएं।

बच्चे आने वाला भविष्य हैं। उन्होंने मेधावी व विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया। मुख्याध्यापक मीना शर्मा, एमडी रोशन लाल, विनीत कलिया साहित बच्चों के अभिभावक व अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### हटली स्कूल में सात दिवसीय शिविर संपन्न सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर ने की शिरकत



शिविर के समापन पर शिरकत करते सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर ग्रामीण विकास बैंक कुलदीप राजपूत व पत्नी कांता राजपूत।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का विधिवत समापन हुआ। शिविर के समापन पर सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर ग्रामीण विकास बैंक कुलदीप राजपूत व पत्नि कांता राजपूत ने शिरकत की। हटली स्कूल की व्यवस्थाओं को देखकर पहले तो स्टाफ को बधाई दी। कुलदीप राजपूत व उनकी पत्नी कांता राजपूत ने शिविर के लिए 11000 की राशि प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह ठाकुर व एनएसएस प्रभारी सुशील शर्मा ने मुख्यातिथि का धन्यवाद किया। इस शिविर में बढ़िया कार्य करने के लिए शानवी चौहान, नैंसी, कार्तिक, हर्ष राणा व सचिन राणा को पुरस्कृत किया व बच्चों को साधुबाद देकर एक सफल कार्यक्रम का समापन किया।

### शिक्षा भारती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नशामुक्त अभियान पर लगाया शिविर




स्टूडेंट्स को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते डॉ. लाल सिंह।

**बंगाणा।** जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत शिक्षा भारती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नशामुक्त ऊना अभियान के द्वारा जागरूकता शिविर लगाया गया, जिसमें नशामुक्त ऊना अभियान की टीम के द्वारा नेशनल यूथ-डे के अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए हुए स्टूडेंट्स को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया, वह साइंटिफिक तौर पर नशे व सिंथेटिक नशे हमारे शरीर पर किस तरह से बुरा प्रभाव डालते हैं, वह सब जानकारियां विस्तृत तौर पर दी गई। इसके साथ ही नशा मुक्ति ऊना अभियान का हेल्पलाइन नंबर 94180 64 444 की भी जानकारी दी गई, जिसमें नशे से जुड़ी हुई किसी भी समस्या का समाधान उसे पर कॉल करने पर मिलता है, इसके साथ ही लाइफ स्किल्स के बारे में जागरूक किया, जो कि हमें बेहतर डिसीजन लेने में मदद करते हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. लाल सिंह ने भी नशामुक्त ऊना अभियान का सहयोग करने की अपील की और नेहरू युवा केंद्रों का पूर्ण सहयोग होगा, यह भी आश्वस्त किया। इस मौके पर नशामुक्त होना अभियान की टीम की तरफ से बंगाणा ब्लॉक के मुख्य समन्वयक सतपाल रणावत, मनोज कौशिक व जयेंद्र हीर उपस्थित रहे।

### आज खडोल-तलमेहड़ा सड़क का होगा भूमि पूजन, विधायक का जनता को तोहफा

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के बहुचर्चित खडोल-रौनखर सड़क जिस पर 30 वर्षों से केवल राजनीति ही हो रही थी। अब कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के अथक प्रयासों से लोहड़ी उत्सव पर जनता को बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है। सरकार गांव की और कार्यक्रम के तहत आज खडोल-रौनखर सड़क का विधिवत शिलान्यास होगा। लोहड़ी उत्सव भी खडोल में ही होगा। कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने जारी प्रैस बयान में जानकारी दी। खडोल रौनखर तलमेहड़ा सड़क निर्माण होने से कुटलैहड़ की वीस पंचायतों के हजारो परिवारों के साथ तलमेहड़ा सोहरी अम्ब तक जनता को सीधा लाभ मिलेगा। शर्मा ने कहा कि इस बार उपमण्डल स्तर का लोहड़ी उत्सब गांव खडोल में 11 बजे शुरू होगा। और लोकप्रिय गायक सुरम सिंह के साथ अन्य सिंगर धमाल मचाएंगे। वही विधायक देबेन्द्र कुमार भुटटो भी मौजूद रहकर जनता की समस्याओं को सुनेंगे।



# अलग-अलग जगहों से 7.69 ग्राम चिट्टा बरामद

## तीन मामलों में पुलिस ने चार आरोपी किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**जिला** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में लगभग 7.69 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है। इनके विरुद्ध पुलिस ने संबंधित थाना में मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वीरवार की शाम टाहलीवाल थाना के मुलाजिम गश्त और सुराग बरारी पर थे। इस दौरान मानूवाल में एक व्यक्ति की संदेह के आधार पर तलाशी ली गई, जिसके पास से 2.68 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने संजू निवासी संतोषगढ़ को अपनी हिरासत में ले लिया।

दूसरे मामले में टाहलीवाल पुलिस के मुलाजिम गश्त पर थे। इस दौरान मिनी ट्रक यूनियन टाहलीवाल के पास एक व्यक्ति की शक के आधार पर तलाशी ली गई, जिसके पास से 1.56 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने अशोक कुमार निवासी नंगलकलां को हिरासत में ले लिया।

तीसरे मामले में पुलिस चौकी संतोषगढ़ के मुलाजिम सुराग बरारी और गश्त पर पूना में थे। इस बीच पुलिस ने पंजाब नंबर की थार गाड़ी की तलाशी ली। इस दौरान उस गाड़ी में बैठे व्यक्तियों के पास से 3.45 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी नितिन कुमार और शुभम राणा को अपनी हिरासत में ले लिया। दोनों अजोली के रहने वाले हैं। उधर, पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ठाकुर ने कहा आरोपियों के विरुद्ध जांच कर रही है।



### 194 के काटे चालान, तीन से वसूला जुर्माना

**ऊना।** जिला पुलिस का यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध अभियान जारी है। इस कड़ी में पुलिस ने कुल 194 वाहनों के चालान किए गए। इनमें से तीन चालानों का मौका पर निपटारा करके 1500 रुपए जुर्माना वसूला गया, जबकि 191 चालान कार्रवाई के लिए भेज दिए गए। वहीं पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करने पर एक व्यक्ति का चालान किया। इसके अलावा पुलिस ने अवैध खनन करने पर एक ट्रैक्टर का चालान किया, जिससे जुर्माने के रूप में 5115 रुपए वसूल किए गए।

## ट्रैक्टर से गिरकर प्रवासी मजदूर की मौत, चालक पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**जिला** में भंजाल लिंक रोड पर एक व्यक्ति की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। मृतक राज कुमार पुत्र आशीष साहनी दरभंगा बिहार के फाजिला गांव का रहने वाला था। इस संबंध में पुलिस ने कृष्ण कुमार निवासी सपोल दरभंगा की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार के अनुसार ने वीरवार को वह अन्य मजदूरों के साथ लैंटल के काम के लिए सिद्ध चलेहड़ गया था। देरशाम लगभग आठ बजे काम पूरा होने के बाद वह अपने अन्य साथी राज कुमार साहनी के साथ ट्रैक्टर से वापस आ रहा था। जब ट्रैक्टर भंजाल लिंक रोड के पास पहुंचा तो राज कुमार उससे उछलने कर नीचे गिर गया, जिसकी ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। कृष्ण कुमार का आरोप है कि यह दुर्घटना आरोपी चालक द्वारा लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने के कारण हुई, जिसकी शिकायत पुलिस थाना में दर्ज कराई गई है। उधर, पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि आरोपी के विरुद्ध मामला दर्जकर मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट के आरोप एक व्यक्ति पर मामला दर्ज

**ऊना।** सलाणा गांव के बलदेव सिंह ने उसी गांव के एक व्यक्ति पर मारपीट करने और धमकियां देने का आरोप लगाया है। इस मामले में बलदेव सिंह ने अंब थाना में शिकायत दर्ज करवाई है, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता बलदेव सिंह का आरोप है कि वीरवार देरशाम अनिल कुमार इसके घर के पास अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था। जब उक्त बात का विरोध किया तो आरोपी ने इसके साथ मारपीट शुरू कर दी। वहां से जाते समय भी आरोपी ने इसका रास्ता रोककर फिर से मारपीट की, साथ ही उसे धमकियां भी दीं। जिस पर बलदेव सिंह ने अंब थाना में शिकायत दी है। उधर, पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि केस कर जांच की जा रही है।

## इंडस यूनिवर्सिटी में मनाया यूथ-डे



बाथू स्थित इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ. संजय कुमार बहल ने की। उन्होंने राष्ट्र नवनिर्माण के लिए युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यों में लगाएं, साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करें। रजिस्ट्रार डॉ. जगदेव सिंह राणा ने कहा कि युवा स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं का अनुसरण करें। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन के लिए शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए स्टूडेंट्स को परिवर्तन का अग्रदूत बताया। इस मौके पर गुरपाल राणा, डॉ. राम रामाजयम, बीरबल शर्मा, रजनी शर्मा, विशाली, मोनिका और नवजोत सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

### मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी में वॉलीबाल प्रतियोगिता का समाजसेवी ने किया शुभारंभ

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी (बड़ा) में वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। युवक मंडल धगड (बड़ा) द्वारा करवाए जा रहे टूर्नामेंट का शुभारंभ क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी व उधमी अजीत चौधरी ने किया। इस अवसर पर उनके साथ डीएफए के प्रधान प्रदीप सिंह, कुलदीप पटियाल विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान उनके साथ युवक मंडल के अध्यक्ष सुमित कौंडल, पकज कौंडल, रिशु धीमान एवम क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। युवक मंडल अध्यक्ष सुमीत ने बताया की टूर्नामेंट में 14 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें विजेता टीम को 5100 रुपए ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 3100 ट्रॉफी प्रदान करके सम्मानित किया जाएगा।

### 24 तक बंद रहेगी लघवाण-टौणीदेवी सड़क

**हमीरपुर।** लघवाण-टौणीदेवी सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 24 जनवरी तक बंद कर दी गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश हेमराज बैरवा ने बताया कि सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बसंतपुर और सिसवां सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### कुल्लू के बदाह गोंपा में लला मेमे पुण्यतिथि समारोह की तैयारी शुरू

**कुल्लू।** कुल्लू के बदाह गोंपा में शुक्रवार को लला मेमे फाउंडेशन के सदस्यों की वरिष्ठ सदस्य सोनम राम की अध्यक्षता में पंद्रह फरवरी को मनाए जाने वाले कार्यक्रम लला मेमे पुण्यतिथि की तैयारियों के संबंध में बैठक हुई। लला मेमे लाहौल-स्पीति के विख्यात आध्यात्मिक गुरु थे, जिन्होंने घाटी में शिव भक्ति की अलख जगाते हुए सौ वर्ष की आयु संपूर्ण की थी और आजीवन आदिवासी समाज की सेवा की थी। कुल्लू में रहने वाले उनके भक्त हर साल पंद्रह फरवरी को उनकी पुण्यतिथि धूम धाम से मनाते हैं, जिसमें दिन भर हवन-पूजन और भजन कीर्तन के साथ लंगर की भी व्यवस्था होती है। फाउंडेशन के अध्यक्ष मंगल मनेपा ने बताया कि आज की बैठक में सभी प्रकार की तैयारियों पर चर्चा हुई और कुछ लोगों को जिम्मेदारी बांटी गई। बैठक में निर्मल चंद, रामा नंद, सुनील, ओम, शकुन, पालमो, रमेश, सुषमा, प्रियंका कटोच और चंद्र मोहन परशीरा ने भाग किया। बैठक के अंत में वरिष्ठ सदस्य नील चंद टेलंगवा, प्रेम सिंह तथा छेवांग की याद में दो मिनट का मौन रखा।

## कुटलैहड़ में हर स्कूल का मंच केवल स्टूडेंट्स को होगा समर्पित, नहीं होगी कोई राजनीतिक चर्चा : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र का हर सरकारी स्कूल का मंच केवल स्टूडेंट्स को समर्पित होगा। मंच पर केवल स्टूडेंट ही भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम करेंगे। राजनीतिक बातों के लिए और बहुत मंच हैं। स्कूलों में किसी प्रकार की कोई राजनीति बात या फिर पक्ष विपक्ष तर्क नहीं होगा। यह बात कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल में वार्षिक समारोह में शिरकत करते कही। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हमने एक वर्ष के कार्यकाल में कोई बदले की भावना से काम नहीं किया है। हमारे कुटलैहड़ के जो पांच दर्जन शिक्षक बाहरी जिलों में थे, उन्हें कुटलैहड़ में लाकर शिक्षा के क्षेत्र को उच्च करने का प्रयास किया है। हमने चुनावों के बाद खुले मंच से संबोधन में कहा है कि अब चुनाव खत्म तो राजनीति भी खत्म। हम सभी ने मिलकर कुटलैहड़ विस क्षेत्र में विकास को गति प्रदान करनी है।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल में वार्षिक समारोह में शिरकत करते कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो।

## 10 दिनों में 10 पंचायतों के 48 परिवारों के घर सजा श्री राम दरबार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**श्री** अयोध्या से आए अक्षत निमंत्रण कलश का हटली क्लब की महिला प्रधान ज्योति बर्जाता व हिमुडा कलौनी की कीर्तन मंडली द्वारा पंचायत हटली, जसाना, अरलू, बंगाणा, डुमखर और मलांगड़ आदि दस पंचायतों के 50 घरों में कीर्तन दरबार सजाकर अक्षत कलश का भव्य स्वागत किया गया।



ज्योति बर्जाता ने बताया कि 22 जनवरी को श्री अयोध्या में श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम जी के स्थापना पर श्रीराम नाटक क्लब हटली में कार्यक्रम किया जा रहा है। 22 जनवरी को हटली में कलामंच को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। 22 जनवरी को सुबह 10 बजे ठंडी खुई बंगाणा से हटली कलामंच तक प्रभु श्रीराम जी की झांकी निकाली जाएगी।

### विधायक राजेंद्र राणा ने सीएम व स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताया

**सुजानपुर।** सुजानपुर अस्पताल की बेड क्षमता को बढ़ाने के लिए आज कैबिनेट द्वारा दी गई मंजूरी से इलाकावासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। पिछले साल मार्च महीने में होली उत्सव के दौरान स्थानीय विधायक राजेंद्र राणा के आग्रह पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस अस्पताल की बेड क्षमता 50 से बढ़कर 100 बेड करने का ऐलान किया था और साथ ही टोनी देवी में डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा भी की थी। इन दोनों घोषणाओं को अब अमलीजामा भी पहना दिया गया है। डिग्री कॉलेज का काम जहां पहले ही केबिनेट से मंजूर होकर शुरू हो चुका है, वही आज राज्य मंत्रिमंडल की शिमला में हुई बैठक में सुजानपुर के अस्पताल की बेड क्षमता को बढ़ाने की भी मंजूरी प्रदान कर दी गई। सुजानपुर हॉस्पिटल की बैठक क्षमता बढ़ाने से यहां स्वास्थ्य ढांचा और सुदृढ़ होगा और डॉक्टरों की संख्या भी बढ़ेगी तथा विभिन्न टेस्टों की सुविधा भी यहां रोगियों को मिल सकेंगी।



## बंगाणा में स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुआ कार्यक्रम



उपमंडल बंगाणा के होटल नक्षत्र में युवा मोर्चा कुटलैहड़ की ओर से विवेकानंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते पूर्व मंत्री और राज्य भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**राज्य भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने की शिरकत प्रतिमा पर किए पुष्प अर्पित**

**उपमंडल** बंगाणा के होटल नक्षत्र में युवा मोर्चा कुटलैहड़ ने विवेकानंद की जयंती पर कार्यक्रम किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री व राज्य भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने शिरकत करके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कंवर ने कहा कि

स्वामी विवेकनंद जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, बीडीसी अध्यक्ष देवराज शर्मा, उपाध्यक्ष व बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू, प्रधान दीपांकर कंवर, कुटलैहड़ युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि राणा, मदन गोपाल शर्मा, शेर सिंह सूद और कुलदीप राणा के अलावा सैकंडों युवा मोर्चा सदस्य मौजूद रहे।

### बिल की देय तिथि से पांच दिन पहले जमा करवाएं चेक

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के सहायक अभियंता सौरभ राय ने चेक के माध्यम से बिजली के बिलों का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे बिल की देय तिथि से पांच दिन पहले चेक जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि जब तक उपभोक्ता का चेक बैंक से क्लियर नहीं होता है, तब तक उपभोक्ता का बिजली बिल जमा नहीं माना जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर देय तिथि निकल जाने के बाद उपभोक्ता का चेक क्लियर होता है तो उपभोक्ता को अगले माह के बिल मैं सरचार्ज सहित जुड़कर आएगा। इसलिए, सभी उपभोक्ता यह सुनिश्चित करें की बिल की देय तिथि से कम से कम पांच दिन पहले चेक जमा हो जाए। सहायक अभियंता ने कहा कि अपना बिल ऑनलाइन माध्यम से भी जमा करवा सकते हैं। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील भी की।

**सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम** — उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे अध्यक्षता, उपायुक्त राघव शर्मा अधिकारियों को दिए निर्देश

# प्रदेश सरकार के कार्यक्रम की 17 को दुलहैड़ से होगी शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**प्रदेश** सरकार के कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार की 17 जनवरी को हरोली विधानसभा क्षेत्र के दुलैहड़ से शुरूआत होगी, जिसकी उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री अध्यक्षता करेंगे। इस सिलसिले में शुक्रवार को उपायुक्त राघव शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के महत्वूपर्ण कार्यक्रमों, नीतियों को आमजन तक पहुंचाने और लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे।


राघव शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम में लोगों को सरकार की विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे संबंधित विभागों के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी पात्र लोगों तक पहुंचाएं, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाए जाएंगे, साथ ही लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र बनाने जैसी सुविधाएं मिलेंगी। राघव शर्मा ने कहा कि लोगों की समस्याओं के पंजीकरण के लिए विशेष काउंटर लगाया जाएगा। जो ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लोगों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच कर जाएगी, साथ ही दवाइयों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुलैहड़ में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान विशेष ग्रामसभा भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने जिला स्तर के सभी कार्यालय प्रमुखों को कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, सहायक आयुक्त वरिंदर शर्मा, हरोली के एसडीएम विशाल शर्मा सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश देते उपायुक्त राघव शर्मा।


KAVITA
Readymade Garments
Exclusive
Family Wears
Showroom
Pradeep Rana
Suresh Rana
Teh. Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.)-176047
Mob.: 94180-81630, 98050-81630, 86290-00365


अनंत ज्ञान परिवार की ओर से समस्त प्रदेशवासियों एवं
विज्ञापनदाताओं को लोहड़ी पर्व एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं



लोहड़ी की
हार्दिक
शुभकामनाएं
Rimpu's
Sher-E- Punjab Dhaba
Kandi Road Dharamshala


लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं
Mahindra & Sons
Mahindra Bag House
All Kinds of Bags & Accessories
Near Hanuman Mandir, KCC Bank Wali Gali,Nagrota Bagwan, Kangra (H.P.) 176047
Ph. 9459077478, 9736334659, E-mail: sanjeev2216@rediffmail.com


FITNESS
EVOLUTION
unisex
Professional Gym
THE GYM
IS CALLING
YOU.
Happy
Lohri
80917 00009 | 80917 00010
VPO HATWAS, NAGROTA BAGWAN, NEAR PNB BANK, DISTT. KANGRA


लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं
Anurag Jewellers
Ram Nagar Dharamshala Contact: 94180-38777


लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं
भारत भूषण भाटिया
सहायक अभियन्ता
हि. प्र. लो.नि.वि. उपमंडल ज्वालामुखी


CITY
HOSPITAL
लोहड़ी
की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr Lal PathLabs
CITY HOSPITAL
City Super Speciality Hospital Mataur


लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं
Kapil Verma
Janvi Diamonds
Doonga Bazar Mandir Road Kangra Contact-9882199099


लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं
aprilia
2024
THRILLING
RIDES AHEAD!
BENEFITS UP TO
₹10,000*
LIMITED PERIOD OFFER**
VESPA AND APRILIA SCOOTER RANGE AVAILABLE
RUBANI AUTOZONE

> लोग केवल तभी झूठ बोलते हैं, जब कोई ऐसी चीज होती है, जिसे खोने का उन्हें बहुत डर होता है। -ओरहान पामुक




## स्वच्छता में हिमाचल का पिछड़ना चिंता का सबब

**स्वच्छता** के मामले में इस बार हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग बहुत ज्यादा गिरी है। भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के जो नतीजे जारी किए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। 100 से कम शहरों वाली कैटेगरी में हिमाचल इस बार 18वें स्थान पर रहा, जबकि पिछले साल चौथे स्थान पर था। यह बेहद चिंता का विषय है कि हिमाचल जो साफ-सफाई के मामले में देश के अन्य शहरों के मुकाबले काफी आगे रहता था, वह अचानक फिसड्डी कैसे साबित हो गया? प्रदेश सरकार को इस पर चिंतन मनन करना चाहिए। हिमाचल की छवि बाकी राज्यों में अच्छी मानी जाती है, लेकिन स्वच्छता के मामले में पिछड़ना वाकई कचोटता है। प्रदेश सरकार बेशक 'क्लीन हिमाचल, ग्रीन हिमाचल' का नारा देती रहे और योजनाएं बनाती रही, लेकिन जब तक उन्हें धरातल पर उतारकर अमलीजामा नहीं पहनाया जाता है, तब तक प्रदेश का आगे बढ़ना बेहद मुश्किल होगा। स्वच्छता के मामले में पिछले वर्ष 2022 में हिमाचल के 2200 अंक थे, लेकिन इस बार महज 1636.98 अंक ही रह गए हैं। यह अच्छी बात है कि शिमला और नगरोटा बगवां सबसे स्वच्छ शहर घोषित किए गए हैं और उन्हें स्टेट रैंक हासिल हुआ है। स्वचछता में शिमला और नगरोटा पहले स्थान पर हैं। नगर निगम मंडी चौथे और सोलन पहले से 12वें स्थान पर पहुंच गया है। पालमपुर 19वें स्थान पर है, जबकि पहले यह शहर 10वें स्थान पर था। हिमाचल प्रदेश में कुल 61 शहर हैं। शहरों में स्वच्छता को लेकर ये पुरस्कार दिए गए हैं। इसमें डोर-टू-डोर गारबेज, सफाई व्यवस्था, कूड़े का निष्पादन, शौचालय की सफाई-सफाई को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने शहरों को पुरस्कार से नवाजा है। शहरों की स्वच्छता के वार्षिक पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन के तहत साल 2016 में शुरू किए गए थे। इस मिशन के तहत केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण करवाया जाता है जो कि दुनिया का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता और सफाई सर्वेक्षण होता है। 2023 पुरस्कारों में 4,416 शहरी स्थानीय निकाय, 61 छावनियां और 88 गंगा शहर शामिल थे। रैंकिंग के लिए 1.58 करोड़ ऑनलाइन नागरिक प्रतिक्रिया और 19.82 लाख विचार प्राप्त हुए थे। स्वच्छ सर्वेक्षण का प्राथमिक लक्ष्य बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना और कस्बों तथा शहरों को रहने के लिए बेहतर स्थान बनाने की दिशा में मिलकर काम करने के महत्व के बारे में समाज के सभी वर्गों के बीच जागरूकता पैदा करना है। यह साल सर्वेक्षण का आठवां वर्ष है। इस दौरान कुल 3,000 मूल्यांकनकर्ताओं ने 46 संकेतकों पर 4,500 से अधिक शहरों का मूल्यांकन किया। सीएम सुक्खू सही मायनों में हिमाचल प्रदेश को सबसे समृद्ध राज्य के रूप में विकसित करने के साथ-साथ 'क्लीन हिमाचल, ग्रीन हिमाचल' के सपने को भी साकार करना चाहते हैं तो उन्हें इस दिशा में गंभीरता से विचार करना होगा। प्रदेश को स्वच्छ बनाना हम सबका कर्तव्य है और जिम्मेदारी भी। आओ संकल्प लें कि आज से हम सभी अपने घरों के आसपास बिखरे कूड़े-और कचरे को एकत्र करके रखें। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र करना है।

# श्रीराम के अद्भुत अर्चक फादर कामिल बुल्के

**बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग-विख्यात विशेषता यह है, वह रामकथा के मर्मज्ञ, हिंदी के विद्वान और विलायत में जन्मे भारतीय थे। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे, जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। फादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितंबर, 1909 को बेल्जियम के पश्चिमी फ्लैंडर्स स्टेट के रम्सकपैले नामक गांव में हुआ। 1934 में उन्होंने भारत का संक्षिप्त दौरा किया और कुछ समय दार्जिलिंग में रुके। उन्होंने गुमला अब झारखंड में पांच वर्षों तक गणित का अध्यापन किया। यहीं पर उनके मन में हिंदी भाषा सीखने की ललक पैदा हो गई। उन्होंने लिखा है-मैं जब 1935 में भारत आया तो अचंभित और दुखी हुआ। मैंने महसूस किया कि यहां पर बहुत से पढ़े-लिखे लोग भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूक नहीं हैं। यह भी देखा कि लोग अंग्रेजी बोलकर गर्व का अनुभव करते हैं। उन्होंने निश्चय किया कि आम लोगों की इस भाषा में महारत हासिल करूंगा। अंततः फादर कामिल बुल्के से बाबा कामिल बुल्के कहलाए जाने लगे। कामिल बुल्के की हिंदी सेवाओं के लिए 1974 में भारत सरकार ने उन्हें 'पद्मभूषण' की उपाधि से नवाजा।**



प्रो. श्याम सुंदर भाटिया
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**बेल्जियम** में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग-विख्यात विशेषता यह है, वह रामकथा के मर्मज्ञ, हिंदी के विद्वान और विलायत में जन्मे भारतीय थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पीएचडी की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बांग्ला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे, जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर।

'रामकथा-वैश्विक संदर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोधग्रंथ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रंथ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। उन्होंने अपनी मातृभूमि बेल्जियम में फ्रेंच के विरुद्ध फ्लेमिश भाषा की लड़ाई देखी और लड़ी थी। एक बार उन्होंने लिखा था, अगर वह हिंदी की सेवा में नहीं लगते तो अपने देश में फ्लेमिश क्रांतिकारी होते। 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' ग्रंथ की रचना में कितना परिश्रम किया होगा, यह पुस्तक के अध्ययन से ही समझ में आ सकता है। रामकथा से संबंध रखने वाली किसी भी सामग्री को उन्होंने छोड़ा नहीं है। प्रथम भाग में 'प्राचीन रामकथा साहित्य' का विवेचन है, जिसके पांच अध्यायों में वैदिक साहित्य और रामकथा, वाल्मीकिकृत रामायण, महाभारत की रामकथा, बौद्ध रामकथा और जैन रामकथा संबंधी सामग्री की पूर्ण समीक्षा की गई है। द्वितीय भाग में रामकथा की उत्पत्ति है तो इसके चार अध्यायों में दशरथ जातक की समस्या, रामकथा के मूल स्रोत के संबंध में विद्वानों के मत, प्रचलित वाल्मीकीय रामायण के मुख्य प्रक्षेपों और रामकथा के प्रारंभिक विकास पर चिंतन किया गया है।

ग्रंथ के तृतीय भाग में 'अर्वाचीन रामकथा साहित्य का सिंहावलोकन' है। इसमें भी चार अध्याय हैं। पहले और दूसरे अध्याय में संस्कृत के धार्मिक तथा ललित साहित्य में पाई जाने वाली रामकथा संबंधी सामग्री की परीक्षा है। तीसरे अध्याय में आधुनिक भारतीय भाषाओं के रामकथा संबंधी साहित्य का विवेचन है। चौथे अध्याय में विदेश में पाए जाने वाले रामकथा के रूप में सार दिया गया है, जिसमें तिब्बत, खोतान, हिंदेशिया, हिंदचीन, श्याम, ब्रह्मदेश आदि में उपलब्ध सामग्री का पूर्ण परिचय एक ही स्थान पर मिल जाता है। अंतिम और चतुर्थ भाग में रामकथा संबंधी एक-एक घटना को लेकर उसका पृथक-पृथक विकास दिखलाया गया है। घटनाएं कालक्रम से ली गई हैं।

उपसंहार में रामकथा की व्यापकता, विभिन्न रामकथाओं की मौलिक एकता, प्रक्षिप्त सामग्री की सामान्य विशेषताएं, विविध प्रभाव तथा विकास का सिंहावलोकन है। यह ग्रंथ वास्तव में रामकथा संबंधी समस्त सामग्री का विश्वकोष कहा जा सकता है। वास्तव में यह खोजपूर्ण रचना अपने ढंग की पहली ही है और अनूठी भी। हिंदी क्या संभवतः किसी भी यूरोपीय अथवा भारतीय भाषा में इस प्रकार का कोई दूसरा अध्ययन उपलब्ध नहीं है। हिंदी पट्टी में इस लोकप्रिय विषय पर ऐसे वैज्ञानिक अन्वेषण से धर्म और राजनीति के अनेक मिथक खंडित हो जाते हैं और शोधकर्ताओं को एक दिशा भी मिलती है।

फादर कामिल बुल्के का जन्म एक सितंबर, 1909 को बेल्जियम के पश्चिमी फ्लैंडर्स स्टेट के रम्सकपैले नामक गांव में हुआ। उनके पास सिविल इंजीनियरिंग में बीएससी डिग्री थी, जो उन्होंने लोवैन विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1934 में उन्होंने भारत का संक्षिप्त दौरा किया और कुछ समय दार्जिलिंग में रुके। उन्होंने गुमला अब झारखंड में पांच वर्षों तक गणित का अध्यापन किया। यहीं पर उनके मन में हिंदी भाषा सीखने की ललक पैदा हो गई। उन्होंने लिखा है-मैं जब 1935 में भारत आया तो अचंभित और दुखी हुआ। मैंने महसूस किया कि यहां पर बहुत से पढ़े-लिखे लोग भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूक नहीं हैं। यह भी देखा कि लोग अंग्रेजी बोलकर गर्व का अनुभव करते हैं। उन्होंने निश्चय किया कि आम लोगों की इस भाषा में महारत हासिल करूंगा। अंततः फादर कामिल बुल्के से बाबा कामिल बुल्के कहलाए जाने लगे।

फादर कामिल बुल्के ने पंडित बद्रीदत्त शास्त्री से हिंदी और संस्कृत की शिक्षा प्राप्त की और 1940 में 'विशारद' की परीक्षा



'हिंदी साहित्य सम्मेलन', प्रयाग से उत्तीर्ण की। उन्होंने 1942-1944 में कोलकाता विश्वविद्यालय से संस्कृत में मास्टर्स डिग्री हासिल की। कामिल बुल्के ने 1945-1949 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में रामायण पर शोध किया। 1949 में ही वह सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची में हिंदी और संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष नियुक्त किए गए। कामिल बुल्के सन 1950 में 'बिहार राष्ट्रभाषा परिषद' की कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए। वह सन 1972 से 1977 तक भारत सरकार की 'केंद्रीय हिंदी समिति' के सदस्य रहे। कामिल बुल्के लंबे समय तक रांची के सेंट जेवियर्स कॉलेज में संस्कृत तथा हिंदी के विभागाध्यक्ष रहे, लेकिन बाद में बहरेपन के कारण कॉलेज में पढ़ाने से अधिक उनकी रुचि गहन अध्ययन और स्वाध्याय में होती चली गई।

बुल्के का अपने समय के हिंदी भाषा के सभी चोटी के विद्वानों से संपर्क था। डॉ. धर्मवीर भारती, डॉ. जगदीश गुप्त, डॉ. रामस्वरूप, डॉ. रघुवंश, महादेवी वर्मा आदि से उनका विचार-विमर्श और संवाद होता रहता था। डॉ. धीरेंद्र वर्मा को अपना प्रेरणा स्रोत मानते हुए वे अपनी आत्मकथा 'एक ईसाई की आस्था, हिंदी-प्रेम और तुलसी-भक्ति 2' में लिखते हैं- 1945 में डॉ. धीरेंद्र वर्मा की प्रेरणा से मैंने एमए के बाद इलाहाबाद से डॉ. माता प्रसाद के निरीक्षण में शोध कार्य किया। इलाहाबाद के प्रवास को वे अपने जीवन का 'द्वितीय बसंत' कहते थे। महादेवी वर्मा को वे 'दीदी' और इलाहाबाद के लोगों को वे 'मायके वाले' कहते थे।

बुल्के के प्रस्तुत शोध 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' की विशेषता थी कि यह मूलतः हिंदी में प्रस्तुत पहला शोध प्रबंध है। फादर बुल्के जिस समय इलाहबाद में शोध कर रहे थे, उस समय सभी विषयों में शोध प्रबंध केवल अंग्रेजी भाषा में ही प्रस्तुत किए जाते थे। फादर बुल्के ने इलाहबाद विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा परिषद से सादर आग्रह किया कि उन्हें हिंदी में शोध प्रबंध प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। इसके लिए अंततः शोध संबंधी नियमावली में परिवर्तन किया गया। वह बहुभाषाविद् थे। बाबा बुल्के अपनी मातृभाषा 'फ्लेमिश' के अतिरिक्त अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, लैटिन, ग्रीक, संस्कृत और हिंदी पर भी संपूर्ण अधिकार रखते थे।

हिंदुस्तान की माटी विशेषकर रांची उनके रोम-रोम में बसा था। 1951 में भारत सरकार ने फादर बुल्के को बड़े ही आदर के साथ भारत की नागरिकता प्रदान की। बाबा बुल्के भारत के नागरिक बनने के बाद स्वयं को 'बिहारी' कहलवाना पसंद करते थे। कामिल बुल्के की हिंदी सेवाओं के लिए 1974 में भारत सरकार ने उन्हें 'पद्मभूषण' की उपाधि से नवाजा। पद्मभूषण विजेता और मधुशाला के रचियता हरिवंशराय बच्चन बाबा कामिल बुल्के के श्रीराम स्नेह से इतने अभिभूत थे, उन्होंने बाबा कामिल बुल्के पर खुद ही कविता लिखी।

वह बाबा का कितना सम्मान करते थे, उनकी इस कविता में साफ-साफ झलकता है-फादर बुल्के तुम्हें प्रणाम!/ जन्मे और पले योरुप में/ पर तुमको प्रिय भारत धाम/ फादर बुल्के तुम्हें प्रणाम! /रही मातृभाषा योरुप की/ बोली हिंदी लगी ललाम/ फादर बुल्के तुम्हें प्रणाम!/ ईसाई संस्कार लिए भी/पूज्य हुए तुमको श्रीराम/फादर बुल्के तुम्हें प्रणाम...।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### बदलाव

*बदला बहुत कुछ*
*और कुछ न भी बदला*
*वक्त का पहिया है*
*जो बिना थके चलता रहा।*
*कई आए, कई गए*
*संसार के माया जाल में*
*फंसते रहे*
*कोई ड्रामा बन कर रह गया*
*तो कोई आदर्श बन गया।*
*चाल हर एक ने चली*
*कोई चालक हो गया,*
*तो कोई मासूम हो गया।*
*दहाड़ के कोई, शेर हो गया*
*तो कोई तिनका बन,*
*आंखों को अंधा कर गया।*
*आज रूह भी उलझन में, उलझ गई*
*अंतर मन की चुप्पी*
*हृदय को अंतरहीन कर गई।*





कवि
प्रीति मधु शर्मा
लद्दा , बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

## प्रेरक कथा



### होशियार कार्यकर्ता

**एक** मेहनती लकड़हारे ने एक लकड़ी के व्यापारी से नौकरी मांगी और बोला कि मैं बहुत मेहनत करूंगा। लकड़ी के व्यापारी ने खुश होकर उसे अच्छे वेतन पर रख लिया और कहा, 'अगर तुम मेहनत से काम करते रहे तो अगले महीने से तुम्हारा वेतन और भी बढ़ा दूंगा।' फिर उसे एक कुल्हाड़ी दी और उसे वह जगह दिखाई, जहां से लकड़ी काटनी थी। लकड़हारा खुश हुआ। वह पूरे ईमानदारी और मेहनत के साथ लकड़ी काटने में जुट गया। उस दिन उसने पूरे 25 पेड़ काट दिए। उसके मालिक ने लकड़हारे को बधाई थी।

दूसरे दिन फिर लकड़हारा पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ अपने काम में लग गया, पर उस दिन वह केवल 20 ही पेड़ काट पाया। तीसरे दिन उसने फिर कम पेड़ काटे। हर रोज पेड़ कम कट रहे थे। यह देख के लकड़हारा चिंतित हो गया और अपने मालिक के पास गया। लकड़हारे ने मालिक से बोला, 'मुझे माफ करिए मैं रोज और ज्यादा मेहनत करता हूं, पर पता नहीं क्यों कम पेड़ ही काट पा रहा हूं। मुझे लगता है कि शायद मैं कमजोर हो गया हूं।' उसके मालिक ने पूछा, 'अच्छा यह बताओ तुमने पिछली बार कुल्हाड़ी की धार कब तेज की थी।' इस पर लकड़हारे ने जवाब दिया, 'मैं कुल्हाड़ी की धार को तेज करने में समय नहीं बर्बाद करना चाहता। मैं तो बस ज्यादा से ज्यादा पेड़ काटना चाहता हूं, इसलिए मैंने कभी भी कुल्हाड़ी की धार तेज नहीं की। इस कहानी से हमें ये शिक्षा मिलती है कि हमें मेहनत की जगह दिमाग से काम करना चाहिए।

# लोहड़ी का त्योहार हमारी प्राचीन संस्कृति की विशेष पहचान

**होली, दिवाली, दशहरा, लोहड़ी जैसे त्योहार कुछ ऐसे ही त्योहारों के अंतर्गत ही आते हैं, लेकिन आज के इस आलेख में केवल लोहड़ी त्योहार की ही विस्तार से चर्चा की जा रही है, जिसे माघी व मकर संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इस त्योहार का आयोजन नई फसल के कटान व उसको घर पर लाने की खुशी में किया जाता है। इसलिए इस दिन को बड़ा ही पवित्र व शुभ मान कर इस त्योहार को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।**



डॉ. कमल के प्यासा
परुथी 108/6, द्वितीय तल,
लोअर समखेतर, मंडी 175001

**हमारा** देश अपनी प्राचीन संस्कृति के लिए विशेष पहचान रखता है। तभी तो बारह महीने यहां सैलानियों का तांता लगा रहता है। यहां के धार्मिक तीज त्योहारों, पर्वों और उत्सवों पर यदि नजर डाली जाए तो ज्ञात होता है कि इधर तो हर माह कोई न कोई ऐसा आयोजन चला ही रहता है, क्योंकि विविध धर्म व संप्रदायों के संगम होने के कारण ही तो यहां मिले-जुले सांस्कृतिक आयोजन अक्सर देखने को मिल ही जाते हैं। चाहे हमारे ये तीज त्योहार अलग-अलग हों, लेकिन फिर भी सौहार्द बना देखा ही जा सकता है।

कुछ एक तीज त्योहार तो ऐसे भी इधर देखे जा सकते हैं, जिन्हें सभी मिल-जुलकर साझे रूप में ही मानते हैं। होली, दिवाली, दशहरा, लोहड़ी जैसे त्योहार कुछ ऐसे ही त्योहारों के अंतर्गत ही आते है, लेकिन आज के इस आलेख में केवल लोहड़ी त्योहार की ही विस्तार से चर्चा की जा रही है, जिसे माघी व मकर संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इस त्योहार का आयोजन नई फसल के कटान व उसको घर पर लाने की खुशी में किया जाता है। इसलिए इस दिन को बड़ा ही पवित्र व शुभ मान कर इस त्योहार को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। सबसे पहले सुबह सवेरे किसी पवित्र नदी, सरोवर, बावड़ी, तालाब या झील में स्नान करके, घर के बुजुर्गों के चरण स्पर्श व आशीर्वाद के बाद दान पुण्य करना शुभ समझा जाता है।

दान में तिल, गुड़, सरसों, दाल व वस्त्र आदि का देना शुभ माना जाता है। तुला दान को भी इस दिन बहुत महत्वशाली माना जाता है। शास्त्रों में तो ऐसा भी बताया गया है कि इस दिन के दान का फल लाख गुना के बराबर प्राप्त होता है। जिनके यहां बच्चे का पहला जन्म या जिनके नई बहू आई होती है, वहां लोहड़ी को विशेष ही धूमधाम से मनाया जाता है। बेटी के ससुराल में कपड़ों के साथ गुड़, तिल, चिक्की, मूंगफली, भुजी हुई मक्की के दाने, चिड़वे व रेवड़ी आदि विशेष रूप से दी जाते हैं। इन सभी के साथ-साथ कुछ विशेष पकवान भी भेजे जाते हैं।

लोहड़ी या मकर संक्रांति के इस त्योहार को मकर संक्रांति इसलिए कहा जाता है, क्योंकि सूर्य 12 राशियों में से इस अवसर पर धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करके दक्षियायण से उत्तरायण की ओर बढ़ने लगता है। फलस्वरूप अंधेरे में कमी और प्रकाश में वृद्धि होनी शुरू हो जाती है। इसके साथ ही साथ दिन बढ़ने लगते हैं और रातें छोटी होने लगती हैं। तभी तो पंजाबी लोग इस अवसर पर लोहड़ी के अलाव में तिल, मूंगफली, गचक, भोगड़े (भुने हुई मक्की के दाने) व चिड़वों आदि को डालते हुए कहते हैं,तिल सड़े, पाप झड़े, रातां निक्कियां, दिन बढ़े-चढ़े। प्रकाश जहां बढ़ता है, वहीं सर्दी में भी कमी का आभास होने लगता है क्योंकि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही साथ जहां दिन के बढ़ने का व रात के घटने का सिलसिला शुरू होता है, वहीं इस सब का प्रभाव सर्दी के मौसम पर भी पड़ता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए इस त्योहार को सभी जगह अपने-अपने ढंग से मनाया जाता है और अलग-अलग नामों से भी जाना जाता है जैसे कि असम राज्य में इसे मोगली बिहु, तमिल में पोंगल, बंगाल व उड़ीसा में बिशु तथा उत्तर भारत के उत्तराखंड में मकर संक्रांति के साथ ही साथ इसे घुघतिया या पुसुडीया भी कहा जाता है।

बहुत से राज्यों में तो लोहड़ी से आठ, 10 दिन पूर्व ही बच्चे इसके लिए बाजारों में (दुकानों ) व घर-घर जाकर लोहड़ी के लोक गीतों को गाकर लोहड़ी मांगते हैं और इसमें कोई शर्म नहीं की जाती। मांगने पर बदले में पैसे, लकड़ी, गुड़, तिल आदि चीजें दी जाती हैं, जो कि बच्चे आपस में बांट लेते हैं और लोहड़ी वाले दिन इकट्ठी की लकड़ियों को इस दिन लोहड़ी के रूप जला दिया जाता है। लोहड़ी के अलाव में अग्नि पूजन के साथ ही साथ परिक्रमा करके उस (अग्नि) में गुड़, तिल, रेवाड़ी, गाचक, मक्की दाने, मूंगफली व चिड़वे आदि को भेंट किया जाता है और फिर बड़ों के पांव छूकर आशीर्वाद लिया जाता है। अगले दिन खिचड़ी होती है, जिसे पास पड़ोस और संबंधियों को भी खिलाना शुभ समझा जाता है। पंजाबियों द्वारा गुड़ के साथ भुनी मक्की के दानों, भुने काले चने, भुनी गेहूं के दानों आदि के लड्डू बनाकर भी अपने पास-पड़ोस व संबंधियों में बांटे जाते हैं व लोहड़ी की अलाव में अर्पित किए जाते हैं।


लोहड़ी के गीत अलग-अलग जगहों में अलग-अलग सुनने को मिलते हैं, लेकिन एक गीत जो आम है, लगभग पंजाब, हिमाचल, हरियाणा व दिल्ली जैसी जगहों में भी सुनने को मिलता है, वह है सुंदर मुंदरिये...। यह पंजाब का बहुत ही प्रसिद्ध ऐतिहासिक लोहड़ी गीत है। बताया जाता है कि सुंदरी व मुंदरी दो सुंदर गरीब बहनें थीं, जिनकी देखभाल व विवाह एक देश भगत व समाज सुधारक दुल्हा भट्टी नामक व्यक्ति द्वारा लोहड़ी के दिन करवाया गया था।

दुल्हा भट्टी के बाप दादा भी बड़े परोपकारी थे और मुगल साम्राज्य के कट्टर विरोधी थे, जिनकी अपनी ऐतिहासिक गाथा है। कुछ भी हो दुल्हा भट्टी को इसीलिए लोहड़ी के दिन याद किया जाता है और होना भी चाहिए। इस दिन पतंगबाजी भी खूब चलती है। गुजरात तो इसके लिए विशेष रूप से जाना जाता है। अनेकता में एकता लिए लोहड़ी का यह त्योहार देश की कला और संस्कृति को उजागर करके अपनी ऐतिहासिक प्राचीनता का स्पष्ट प्रमाण देता है।

# भारत शताब्दियों से कर रहा था रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार

**अयोध्या** में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर आज न सिर्फ भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अपूर्व आस्था और उत्साह का माहौल है। यहां तक कि पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर भी श्रीराम और अयोध्या धाम की ही चर्चा चल रही है। यह एक ऐसा अवसर है, जिसका इंतजार भारत कई शताब्दियों से कर रहा था। लंबे संघर्ष और विवाद के बाद नौ नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के साथ शुरू हुआ अयोध्या में मंदिर निर्माण का सफर 22 जनवरी को एक बड़ी पूर्णाहुति को प्राप्त करेगा।

नव्य और भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ एक ऐसा ऐतिहासिक चरण पूरा होगा, जो आधुनिक भारत में सांस्कृतिक



ब्लॉगर

आरके सिन्हा
(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

नवजागरण का शीर्ष साक्ष्य होगा। 30 दिसंबर 2023 को अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्र में 11,100 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का भारत पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। अयोध्याधाम के साथ विकसित हो रहा भगवान राम का जन्मस्थान मंदिर आधुनिक भारत का एक ऐसा महान तीर्थ बनने जा रहा है, जो प्रधानमंत्री की विरासत और विकास के विजन के अनुरूप है। दुनिया में कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी पुरातन विरासत को तो संभालना ही होगा। हमारी विरासत, हमें प्रेरणा देती है, हमें सही मार्ग दिखाती है।

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से लेकर यहां पर चल रही विकास परियोजनाओं को समय पर लागू करने का श्रेय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी जाता है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश से श्रद्धालुओं का आना बढ़ जाएगा। यहां बनने जा रही नई टाउनशिप यहां के लोगों का जीवन और आसान बनाएगी। अयोध्या में भक्तिपथ, रामपथ, जन्मभूमि पथ, धर्मपथ आदि का लोकार्पण भी होना है। इसी तरह नए मेडिकल कॉलेज से यहां आरोग्य की सुविधाओं को और विस्तार मिलेगा। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ रोजगार के कई अवसर सृजित हो रहे हैं। विगत तीन वर्षों में विश्व ने अयोध्या की भव्य दीपावली देखी है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश-विदेश में उत्साह है। समारोह के लिए थाईलैंड के राजा ने वहां की मिट्टी भेजी है। कंबोडिया से सुगंधित हल्दी आई है। कई और देशों से इस महान अवसर के लिए अनमोल भेंट आने का सिलसिला जारी है।

आज हम सांस्कृतिक गौरव के उस शानदार दौर में हैं, जब अयोध्या में जहां भव्य राम मंदिर का निर्माण पूरा होने जा रहा है, तो वहीं काशी में विश्वनाथ धाम भारत की सांस्कृतिक राजधानी का गौरव बढ़ा रहा है।

## आपका पत्र

**ई-मेल** हो या मोबाइल फोन, आजकल कहीं भी आप जालसाज या धोखेबाजों से सुरक्षित नहीं हैं। पहले धोखेबाजी सड़कों पर की जाती थी, लेकिन कई लोगों में तकनीकी ज्ञान न होने के कारण शातिर आसानी से अब अपना शिकार ऑनलाइन भी बनाने लगे हैं। फ्रॉड कॉल, फ्रॉड मैसेज और फ्रॉड ई-मेल आज बड़ा धोखेबाजी का केंद्र बन चुका है। फोन कॉल के जरिए भी अपराधी लोगों तक संपर्क बना लेते हैं। कोई आपको फोन करे और यह दावा करे कि आप लॉटरी में लाखों रुपए का इनाम जीत गए हैं, तो सावधान हो जाइए। यदि किसी अनजान नंबर से कॉल आती है तो उसे क्रेडिट, डेबिट कार्ड की डिटेल, ओटीपी, पासवर्ड व अपनी किसी भी तरह की पर्सनल जानकारी न दें। वहीं, बैंक अधिकारी बनकर फ्रॉड कॉल करने वालों से भी किसी तरह की निजी व गोपनीय जानकारी शेयर न करें। आए दिन अखबारों में कई मामले ऐसे देखे गए हैं, जिनमें लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। इसलिए फेक कॉल और मैसेज से सतर्क रहें और जब कभी ऐसा कॉल या मैसेज आए तो समझदारी दिखाएं।

– **राजकुमार, मंडी।**

## आपकी डायरी

क्योंकि, बेजान हैं,
बेजुबान हैं सब।
क्या करें,,,,,?
बोल सकते नहीं,,,,,,!
कौन दे दलील,
कैसे कहां
करें अपील,,,,,!,,,,,,?
है नहीं,
कोई वकील,,,,,!



डॉ. कमल के प्यासा।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय खिलाड़ी हनुमा विहारी ने छोड़ी रणजी ट्रॉफी में आंध्र की कप्तानी

**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ी हनुमा विहारी मौजूदा रणजी ट्राफी में आंध्र टीम की अगुआई नहीं करेंगे, क्योंकि वीरवार को वह कप्तानी से हट गए। शुक्रवार को आंध्र के ग्रुप बी मैच में मुंबई के खिलाफ रिकी भुई टीम की अगुआई कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार विहारी का यह निजी फैसला थी और वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान लगाना चाहते थे। विहारी ने बंगाल के खिलाफ ड्रॉ रहे पहले मैच में 51 रन बनाए थे। दिलचस्प बात है कि वह सत्र के शुरू होने से पहले मध्य प्रदेश में जाने का विचार कर रहे थे, क्योंकि वह अपना अंतरराष्ट्रीय करियर पटरी पर लाने के लिए घरेलू कोच चंद्रकांत पंडित के मार्गदर्शन में खेलना चाहते थे। विहारी ने 16 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक से 33.56 के औसत से 839 रन बनाए हैं।

### निशानेबाजी क्वालीफायर में अखिल श्योराण को स्वर्ण, ऐश्वर्य प्रताप तोमर को रजत

**जकार्ता।** भारतीय निशानेबाजों अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में शुक्रवार को क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। श्योराण ने 460.2 स्कोर करके आठ निशानेबाजों का फाइनल जीता। वहीं टोक्यो ओलंपिक खेल चुके तोमर 459.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। थाईलैंड के टी वोंगसुकदी ने कांस्य पदक मिला। श्योराण, तोमर और स्वप्निल कुसाले ने मिलकर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। चीन दूसरे ओर दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में तोमर तीसरे और श्योराण छठे स्थान पर रहे। भारत के नीरज कुमार चैन सिंह ने भी क्वालीफिकेशन में भाग लिया, लेकिन सिर्फ रैंकिंग अंक हासिल करने के लिए। वह फाइनल में प्रवेश की पात्रता नहीं रखते थे।

### मोलकान को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन एकल मुख्य ड्रॉ में पहुंचे सुमित नागल

**मेलबर्न।** भारत के सुमित नागल स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकान को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के एकल मुख्य ड्रॉ में पहुंच गए हैं। नागल ने दो घंटे तीन मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी ने दूसरे सेट के दसवें गेम में 30-40 पर डबलफाल्ट किया। नागल का सामना पहले दौर में दुनिया के 31वें नंबर के खिलाड़ी कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक से होगा। इस समय विश्व रैंकिंग में 139वें स्थान पर काबिज नागल 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में खेलेंगे। उन्हें 2021 में पहले दौर में लिथुआनिया के रिकार्डास बेरांकिस ने हराया था। नागल 2019 और 2020 में अमेरिकी ओपन के मुख्य ड्रॉ में भी पहुंचे थे। उन्होंने 2019 अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के खिलाफ एक सेट जीता था हालांकि वह मुकाबला हार गए थे। इसके बाद अगले साल वह दूसरे दौर तक पहुंचे थे, जिसमें उन्हें डोमिनिक थिएम ने हराया, जिन्होंने बाद में खिताब जीता।

### 2025 में भारत में लौट सकती है फॉर्मूला ई की रेस : सह संस्थापक अलबर्टो लों

**मैक्सिको सिटी।** फॉर्मूला ई के सह संस्थापक अलबर्टो लोंगो ने कहा कि यह रेस 2025 में भारत में लौट सकती है और दूसरे शहरों से रेस की मेजबानी के बारे में बात जल्दी ही शुरू की जाएगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हैदराबाद ई प्री रद्द होने के बावजूद वह भारत में रेस कराने को लेकर उत्सुक हैं। फॉर्मूला ई ने तेलंगाना की नई सरकार पर मेजबान शहर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाया। लोंगो ने कहा कि हम भविष्य में भारत में लौटने पर काम कर रहे हैं। हम दूसरे शहरों से बातचीत करेंगे। उम्मीद है कि 2025 में भारत में रेस का आयोजन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि एक भारतीय शहर ने इलेक्ट्रिक रेस की मेजबानी में रूचि जताई है। उन्होंने कहा कि अभी-अभी हैदराबाद रेस रद्द हुई है। हमसे एक शहर ने संपर्क किया है, लेकिन अभी उसके नाम का खुलासा नहीं कर सकता। हम भारत में जल्दी ही लौटेंगे।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 46 रन से हराया

**▶ पहला टी-20 जीतकर 5 मैचों की सीरीज में बनाई बढ़त ▶ साउथी चार विकेट लेकर टी-20 में 150 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने**



**एजेंसी, ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)**

**डेरिल** मिचेल और केन विलियमसन के आक्रामक अर्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में शनिवार को पाकिस्तान पर 46 रन से जीत दर्ज की।

मिचेल ने 27 गेंदों में 61 रन बनाए, जबकि विलियमसन ने 42 गेंदों में 57 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 40 गेंद में 78 रन की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 226 रन बनाए। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान के खिलाफ यह न्यूजीलैंड का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

पाकिस्तान पूर्व कप्तान बाबर आजम (57) की मौजूदगी तक लक्ष्य हासिल करने की दौड़ में बनी थी, लेकिन 17वें ओवर में उनका विकेट गिरते ही न्यूजीलैंड ने शिकंजा कस दिया। पाकिस्तान की पूरी टीम 18 ओवर में 180 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउथी ने 25 रन देकर चार विकेट लिए। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए।

### एलेन ने शाहीन अफरीदी को बनाया निशाना

**न्यूजीलैंड** के बैट्र्स ने शाहीन अफरीदी को अपना निशाना बनाया और फिल एलेन ने मैच के तीसरे ओवर में लगातार पांच गेंदों को बाउंड्री के पार भेजा। फिल एलेन ने शाहीन अफरीदी के इस ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाया। इसके बाद उन्होंने लगातार 3 चौके जड़े और फिर ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का उड़ाया। बता दें कि, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच ऑकलैंड में टी-20 मैच खेला गया। पाकिस्तान ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। पाकिस्तान ने पहला विकेट पहले ही ओवर में ले लिया, तब लगा कि कप्तान शाहीन अफरीदी का फैसला सही है, लेकिन इसके बाद न्यूजीलैंड के बैटर्स ने पाकिस्तानी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं।

### शरत कमल और साथियान डब्ल्यूटीटी क्वालीफायर्स में पेश करेंगे चुनौती

**मापुसा (गोवा)।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल और साथियान ज्ञानशेखरन देश के 39 अन्य टेनिस खिलाड़ियों के साथ आगामी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के एकल क्वालीफायर में चुनौती पेश करेंगे। इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र 23 से 28 जनवरी तक यहां पेड्डेम इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत की शीर्ष विश्व रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा और हरमीत देसाई सहित देश के नौ खिलाड़ियों को सीधे मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिला है। क्वालीफाइंग दौर में भारत के 32 खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिससे कुल खिलाड़ियों की संख्या 41 हो गई है, जो पिछले साल से एक अधिक है। शरत, साथियान, अयहिका मुखर्जी, सुतीर्थ मुखर्जी और सानिल शेट्टी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा, क्वालीफायर में मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन पोयमंती बैस्या, पायस जैन, एस फिदेल आर स्रेहित, मुदित दानी, जीत चंद्रा, दीया चितले, यशस्विनी घोरपड़े, अर्चना कामथ, स्वस्तिका घोष और सुहाना सैनी जैसे कुछ अन्य प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के पास खुद को साबित करने का मौका होगा। विश्व चैंपियनशिप 2023 के युगल कांस्य पदक विजेता चो डे-सियोंग, कोरिया के 17 वर्षीय ओह जुनसुंग और हंगेरियन टेबल टेनिस खिलाड़ी बेंस मेजरोस क्वालीफाइंग दौर में खेलने वाले अंतरराष्ट्रीय सितारों में शामिल है। क्वालीफाइंग दौर से आठ एकल और चार युगल जोड़ी मुख्य डॉ में जगह बनाएगी।

## जो धोनी से सीखा, मैं अमल में लाना चाहता था : दुबे

**एजेंसी, मोहाली**

अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी-20 मैच में 40 गेंद में 60 रन बनाने वाले शिवम दुबे ने अपने तेवर और शैली में बदलाव का श्रेय महेंद्र सिंह धोनी को दिया। दुबे के आक्रामक अर्धशतक से भारत ने वीरवार को छह विकेट से जीत दर्ज की। इस पारी से वह प्लेयर आफ द मैच भी बने। दुबे ने कहा कि जब मैं बल्लेबाजी के लिए आया तो उस पर अमल करना चाहता था, जो मैच 'फिनिश' करने के बारे में मैंने एमएस धोनी से सीखा है। उन्होंने मुझे अलग-अलग हालात में खेलना सिखाया और दो तीन टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अगर वह मेरी बल्लेबाजी की समीक्षा करते रहेंगे तो मैं अच्छा खेलता रहूंगा। उनकी वजह से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।

दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए उनका चयन नहीं हुआ था। दुबे को रोहित शर्मा की कप्तानी में धोनी की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि दोनों मुझे ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करने देते हैं। अभी बहुत मेहनत करनी है और मुझे पता है कि वे मेरे साथ हैं और चाहते हैं कि मैं अच्छा खेलूं। इससे मेरे भीतर सकारात्मकता आती है।

दुबे ने अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जदरान का विकेट भी लिया। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि मैंने आफ सीजन में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है।

## एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर : अमेरिका के खिलाफ अभियान का आगाज करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**एजेंसी, रांची**

एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहने की निराशा से उबरते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो उसकी नजरें अपने मैदान पर खेलने का फायदा उठाते हुए पेरिस का टिकट कटाने पर लगी होंगी।

मेजबान भारत, जर्मनी, चेक गणराज्य, इटली, जापान, अमेरिका, चिली और न्यूजीलैंड यहां पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को सर्वोच्च रैंकिंग मिली है, जबकि भारत छठे स्थान पर है। न्यूजीलैंड रैंकिंग में नौवें स्थान पर है, जबकि जापान 11वें, चिली 14वें, अमेरिका 15वें, इटली 19वें और चेक गणराज्य 25वें स्थान पर है।

भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली, अमेरिका के साथ रखा गया है। वहीं जर्मनी, पूर्व एशियाई चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य पूल ए में हैं। अमेरिका के बाद भारत को 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है। सेमीफाइनल 18 जनवरी को और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

### भारतीय महिला टीम की ड्रैग फ्लिकर के लिए रूपिंदर का मंत्र 'फर्स्ट रशर' को पछाड़ो

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील नहीं कर पाना पिछले कुछ समय से परेशानी का कारण बना हुआ है और पूर्व स्टार ड्रैग फ्लिकर रूपिंदरपाल सिंह का मानना है कि इसमें सफलता पाने का तरीका 'फर्स्ट रशर' (रोकने के लिए पहले भागकर आने वाले) को पछाड़ना है। रूपिंदर ने स्वीकार किया कि अन्य टीमों का डिफेंस मजबूत हो गया है और उन्होंने कहा कि पिछले महीने बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के शिविर के दौरान उन्होंने महिला टीम की ड्रैग फ्लिकरों की 'बेसिक्स' पर काम किया। रूपिंदर ने पीटीआई से कहा कि आज की हॉकी में सभी टीम का पेनल्टी कॉर्नर डिफेंस बहुत मजबूत हो गया है। यह पहले जैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि गुरजीत (कौर) और दीपिका बहुत अच्छी ड्रैग फ्लिकर हैं और अच्छा कर रही हैं। यह दिन की उनकी योजना पर निर्भर करता है और वे इसका कार्यान्वयन किस तरह करती हैं। रूपिंदर ने कहा कि ड्रैग फ्लिकर के लिए सबसे अहम चीज यह समझना है कि 'फर्स्ट रशर' को कैसे पछाड़ा जाए और योजना कार्यान्वित की जाए। इसलिए ही हमने शिविर के दौरान कुछ वैरिएशन पर काम किया कि 'फर्स्ट रशर' को कैसे पछाड़ा जाए। उन्होंने कहा कि मैं उनके खेलने की शैली नहीं बदलना चाहता था, लेकिन मैंने मैच से पहले और मैच की परिस्थितियों में उनकी सोच पर काम किया। मैंने मुख्यतः उनकी 'बेसिक्स' पर काम किया। पूरा ध्यान 'बेसिक्स' पर था।

## देश-विदेश-कारोबार

## भारतीय परियोजनाओं की वजह से नेपाली युवाओं के पलायन में आई कमी

**▶ नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने कहा कि भारत के सहयोग से हुआ यह संभव**

**एजेंसी, काठमांडू**



नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने दावा किया है कि भारत के सहयोग से बन रही परियोजनाओं के कारण विदेश पलायन होने वाले नेपाली युवाओं की संख्या में कमी आई है। उन्होंने कहा कि 6000 मेगावाट से अधिक की पंचेश्वर परियोजना और रक्सौल-काठमांडू रेलवे परियोजना की शुरुआत होते ही पलायन होने वालों की संख्या में भारी गिरावट आएगी।

बैतडी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री साउद ने कहा कि रोजगार के अवसर में कमी के कारण ही देश के युवा विदेश पलायन को मजबूर होते हैं। भारत के आर्थिक सहयोग से निर्माणाधीन अरुण थर्ड, अरुण सेकंड, लोवर अरूण, वेस्ट सेती, अपर कर्णाली जैसी बड़ी जलविद्युत परियोजना से नेपाल के हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार का मौका मिला है। विदेश मंत्री ने कहा कि देश में ही बड़ी परियोजनाएं चलने से युवाओं को देश में ही रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, इसलिए उनके विदेश पलायन में कमी आई है। साउद ने कहा कि परिवार का पेट भरने के लिए युवा विदेश जाने को मजबूर होते हैं और सबसे अधिक कष्ट तब होता है जब उधर से बक्से में बंद होकर उनका शव आता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि युवाओं को देश में ही रोजगार का अवसर दिलाये।

विदेश मंत्री साउद ने दावा किया कि भारत के सहयोग से नेपाल में सबसे बड़ी जलविद्युत पंचेश्वर परियोजना शुरू होने वाली है। इसके शुरू होते ही नेपाल की आर्थिक व्यवस्था का कायाकल्प हो जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि साढ़े छह हजार मेगावाट की परियोजना में कम से कम 10 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन करने की क्षमता है।

विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत के सहयोग से जल्द ही बिहार के रक्सौल से काठमांडू तक रेलवे प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास होने वाला है। उन्होंने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेंगे।

### अयोध्या जा रही लव कुश रथ यात्रा में शामिल हवनकुंड के ट्रक में लगी आग



**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में भाजपा के लव-कुश रथ यात्रा में शामिल हवन कुंड वाले ट्रक में वीरवार रात अचानक आग लग गई। देखते-देखते ट्रक पूरी तरह जल गया। इस घटना में ट्रक चालक गंभीर घायल हो गया।

दरअसल, भाजपा पूरे बिहार में लव-कुश रथ यात्रा निकाल रही है। यह यात्रा पटना से दो जनवरी को शुरू हुई थी, जो प्रदेश के सभी जिलों में होते हुए 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचने वाली थी। बेगूसराय (सदर) के पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार ने शुक्रवार को बताया कि घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से हवन कुंड का ट्रक पूरी तरह जल गया। सिंघौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच पड़ताल की। घायल चालक को इलाज के लिए सिंघौल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जापान ने उत्तर कोरिया पर नजर रखने के लिए रॉकेट एच2ए लॉन्च किया



**एजेंसी, टोक्यो**

जापान ने उत्तर कोरिया की सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने और प्राकृतिक आपदाओं पर प्रतिक्रिया में सुधार करने के अपने मिशन पर शुक्रवार को सरकारी खुफिया जानकारी एकत्र करने वाले उपग्रह को ले जाने वाला एक रॉकेट एच2ए लॉन्च किया। यह जानकारी स्थानीय समाचार पत्र जापान टुडे की रिपोर्ट में दी गई।

जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, इसका प्रक्षेपण मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने किया। यह टोक्यो के टोही प्रयास के हिस्से के रूप में ऑप्टिकल कोगाकु-8 उपग्रह को लेकर दक्षिण-पश्चिमी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुआ। यह उपग्रह खराब मौसम में भी तस्वीरें खींच सकता है। 1988 में उत्तर कोरियाई मिसाइल के जापान के ऊपर से उड़ान भरने के बाद जापान ने खुफिया जानकारी एकत्र करने वाला उपग्रह कार्यक्रम शुरू किया था। इसका लक्ष्य संभावित मिसाइल प्रक्षेपणों का पता लगाने और प्रारंभिक चेतावनी देने के लिए 10 उपग्रहों का एक नेटवर्क स्थापित करना है।

जापान टुडे के अनुसार यह प्रक्षेपण अगर उपग्रह को उसकी इच्छित कक्षा में स्थापित कर देता है तो यह इस संशोधन के लिए 42वां सफल प्रक्षेपण होगा। इससे एच2ए की सफलता दर 97.9 प्रतिशत हो जाएगी।


## हेरिटेज वॉक के साथ बीकानेर में ऊंट महोत्सव का आगाज

**एजेंसी, बीकानेर**



हेरिटेज वॉक के साथ बीकानेर जिले में चल रहे तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव का उत्साह शुक्रवार को अपने चरम पर रहा। उत्सव के पहले दिन देशी-विदेशी सैलानी लोक संस्कृति के इस जश्न में डूबे नजर आए।

उत्सव की शुरुआत रामपुरिया हवेली से हुई। हेरिटेज वॉक में सजे-धजे ऊंट, रोबीले और पारम्परिक रंग बिरंगी वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं और लोक कलाकारों ने शिरकत की। हेरिटेज वॉक में स्थानीय लोगों ने भी लोक कलाकारों के साथ जमकर नृत्य किया, साथ ही गेर, कालबेलिया और नगाड़ों की थाप पर विदेशी पर्यटक भी थिरकते नजर आए।



इस दौरान हेरिटेज रूट की हवेलियों की बारीक नक्काशी देखकर पर्यटक अभिभूत हुए। उनमें पूरे दृश्य को अपने-अपने कैमरों में कैद करने की होड़ सी दिखी। स्थानीय लोक कलाकारों ने लोक गीतों के साथ रम्मतों के दौरान गाए जाने वाले गीत प्रस्तुत किए और नृत्य करते हुए यहां की संस्कृति से रू-ब-रू करवाया। लोगों में लोक कलाकारों के साथ सेल्फी लेने का क्रेज भी देखा गया। वॉक के दौरान शहरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा और रंगोली सजाकर मेहमानों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

### तीन दिन तक महोत्सव में ये होंगे कार्यक्रम

**पर्यटन** विभाग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 12 जनवरी को सुबह नौ बजे रामपुरिया हवेली से बीकाजी टेकरी तक हेरिटेज वॉक का आयोजन हुआ। इसमें रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजन होगा। इसी दिन दोपहर दो बजे से लक्ष्मी निवास से तीर्थंभ तक बीकानेर कार्निवल होगा। शाम को सात बजे से धरणीधर मैदान में फैशन शो, राजस्थानी लाफ्टर शो, क्लासिकल म्यूजिक और डांस शो, आइकन्स ऑफ बीकानेर कार्यक्रम होगा। 13 जनवरी की शुरूआत ऊंट नृत्य के साथ होगी। सुबह 10 बजे से तीन बजे तक उष्ट्र अनुसंधान केंद्र में ऊंट नृत्य, फर कटिंग, श्रृंगार, ऊंट दौड़, हॉर्स शो और लाफ्टर शो होगा। शाम चार से सात बजे तक डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में विभिन्न प्रतियोगिताओं होगी। 14 जनवरी को रायसर डेजर्ट में सुबह नौ बजे से रात 10 बजे तक कार्यक्रम होंगे।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(13 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि** : द्वितीया 11:13 सुबह तक, **नक्षत्र :** श्रवण (12:50 दोपहर तक), **पक्ष :** शुक्ल, शुभ मुहूर्त : अभीजित (12:08-12:50 रात्रि तक)

**राहुकाल :** 09:52-11:11 सुबह तक।

### विशेष दिन

▶▶ 13 जनवरी 2024 : पंचक आज से प्रारंभ।

सूर्योदय : 07:15
सूर्यास्त : 05:44

**मेष :** त्वरित पैसा बनाने की योजनाओं या आकर्षक प्रस्तावों से दूर रहना बेहतर है। इससे आने वाले महीनों में समस्या हो सकती है। आज आकस्मिक लाभ हो सकता है।

**वृषभ :** लाभप्रद सौदे हाथ लगेंगे। प्रभावशाली एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों से आपका मिलना होगा और इससे आपको फायदा भी होगा। आप को पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता बढ़ेगी।

**मिथुन :** शत्रु आपका कुछ बिगाड़ नहीं पाएंगे। आर्थिक संचय में वृद्धि मंद गति से हो सकती है। मेहनत के अनुरूप सफलता मिलने में संदेह है। आज हनुमान मंदिर में जाकर सिंदूर और तेल अर्पण करें।

**कर्क :** आपके सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिना सोच विचार के कोई भी काम न करें। आप अपनी योग्यता को साबित करने के लिए बेहतर अवसरों का सुचारु रूप से लाभ उठाएंगे।

**सिंह:** वित्तीय लाभ प्राप्त हो सकते हैं और नई साझेदारी भी होने की संभावना है। लेकिन बढ़े हुए व्यय के कारण साझेदारी में कुछ समस्याएं पनप सकती है। सामाजिक कुछ लोग आप के किए कार्यों से नाखुश रहेंगे।

**कन्या :** नौकरीपेशा जातकों को अधिकारियों के साथ अपने संबंधों के मामले में कठिन समय का सामना करना पड़ सकता है। अपने बॉस पर हावी होने की कोशिश न करें, वरना आप खुद मुसीबत में पड़ सकते हैं।

**तुला :** सामान्य रूप से लोगों के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे और आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। यह अवधि निवेश प्रयासों के लिए भी परिपक्व है। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। परिवार में तनाव से चिंता बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** आकस्मिक लाभ के अलावा साझेदारी से आपके लिए कुछ बेहतरीन प्रोत्साहन मिल सकते हैं, जो आपकी वित्तीय स्थिति को काफी मजबूत कर सकते हैं। आलस्य से बचकर रहें, वरना बने बनाए काम बिगड़ जाएंगे।

**धनु:** वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा है। निवेश और बचत की योजनाएं भी बन जाएंगी। दिन की शुरुआत आनंदप्रद रहेगी। नौकरी में पदोन्नति के योग बन रहे हैं। जो आपके हितचिंतक रहेंगे उनसे आपकी भेंट होगी।

**मकर:** वित्तीय मामले बिना किसी बाधा के आसानी से आगे बढ़ेंगे। जिसे आप किसी काम का नहीं समझते थे, आज वही आप के कार्यों में सहभागी बनेगा। यात्रा का योग बन रहा है। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद बड़ा रूप ले सकता है।

**कुंभ :** क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त अवसर मिलेंगे। राजनेताओं को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आज आपका दिन मध्यम है। संतान की आजीविका संबंधी समस्या का हल होगा।

**मीन :** अविवाहित युवक और युवतियों को अपना जीवनसाथी मिल सकता है। आलस्य त्यागें और समय पर अपना काम करें। आप की मेहनत से व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। सश्रम किए गए कार्य सफल होंगे।

**बाजार** | संसेक्स और निफ्टी ने बनाया ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड


# नए शिखर पर शेयर बाजार

**▶ निवेशकों को एक दिन में तीन लाख करोड़ का मुनाफा**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को जबरदस्त तेजी का गवाह बना। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने मजबूती के अपने सारे पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए। कारोबार की शुरुआत पॉजिटिव सेंटिमेंट्स के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में ज्यादातर समय खरीदारों का जोर बना रहा।

हालांकि बाजार में यदा-कदा मुनाफावसूली भी होती रही, इसके बावजूद शेयर बाजार एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच कर बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.18 प्रतिशत और निफ्टी 1.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार में रियल्टी,



आईटी और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी होती रही।

आईटी इंडेक्स आज पांच प्रतिशत की तेजी के साथ पिछले 42 महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचा। इसी तरह ऑयल एंड गैस तथा रियल्टी इंडेक्स भी दो प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब तीन लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई का सेंसेक्स लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 999.78 अंक उछल कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 72,720.96 अंक तक पहुंच गया। हालांकि कारोबार के आखिरी दौर में हुई मामूली मुनाफावसूली के कारण सेंसेक्स रिकॉर्ड ऊंचाई से थोड़ा नीचे गिर कर 847.27 अंक की बढ़त के साथ 72,568.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

मुनाफावसूली के कारण हुई बिकवाली की वजह से निफ्टी ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे फिसल कर 247.35 अंक की मजबूती के साथ 21,894.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने की याचिका पर विचार से कोर्ट का इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मौजूदा जनगणना आंकड़ों के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने की मांग करने वाली एक वकील की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता योगमाया एमजी को इसी मुद्दे को उठाने वाली याचिकाओं के लंबित बैच में एक पक्षकार आवेदन दायर करने के लिए कहा। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल थे, ने याचिकाकर्ता को अपनी जनहित याचिका (पीआईएल) वापस लेने की अनुमति देते हुए कहा कि वह इस मामले में मुकद्दमेबाजी की बहुलता नहीं चाहती है।

गौरतलब है कि शीर्ष अदालत पहले ही कांग्रेस नेता जया ठाकुर द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर विचार कर रही है, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक 2023 को तत्काल लागू करने की मांग की गई है, जिसे पिछले साल सितंबर में संसद के एक विशेष सत्र में पारित किया गया था और इसमें लोकसभा और दिल्ली सहित सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य था।

# वायु सेना के लापता विमान का मलबा आठ साल बाद समुद्र में बरामद

## उन्नत एयूवी के जरिए समुद्र तल से लगभग 3400 मीटर नीचे खोजा गया मलबा, भारत का अब तक का सबसे बड़ा खोज अभियान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बंगाल की खाड़ी के ऊपर से आठ साल पहले गायब हुए भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान का मलबा चेन्नई से लगभग 310 किमी दूर समुद्र तल से लगभग 3400 मीटर नीचे मिला है। इस मलबे को राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने एक उन्नत एयूवी का उपयोग करते हुए खोजा है। यह खोज एवं बचाव अभियान समुद्र में किसी लापता विमान की तलाश में भारत का अब तक का सबसे बड़ा खोज अभियान बन गया है।

दरअसल, भारतीय वायु सेना के एंटोनोव एएन-32 ट्विन इंजन टर्बोप्रोप परिवहन विमान ने 22 जुलाई, 2016 को स्थानीय समयानुसार सुबह 08:30 बजे चेन्नई के तांबरम वायु सेना स्टेशन से उड़ान भरी। 11:45 बजे के आसपास इसे पोर्ट ब्लेयर में भारतीय नौसैनिक हवाई स्टेशन आईएनएस उत्क्रोश पर उतरना था। चेन्नई से 280 किलोमीटर (170 मील) पूर्व में सुबह 9:12 बजे विमान से रडार संपर्क टूट गया था। उस समय यह विमान बंगाल की खाड़ी के पश्चिमी तट पर चेन्नई शहर में तांबरम वायु सेना स्टेशन से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पोर्ट ब्लेयर के रास्ते में था। बंगाल की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरते समय चेन्नई से लगभग 150 समुद्री मील पूर्व




बंगाल की खाड़ी में गायब हो गया था। उस समय विमान पर सवार 29 लोगों में चालक दल के छह सदस्य, 11 भारतीय वायु सेना के जवान, दो भारतीय सेना के जवान, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल से एक-एक और नौसेना आयुध डिपो (एनएडी) के साथ काम करने वाले आठ रक्षा नागरिक थे। विमान के लापता होने के तीसरे दिन भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल ने एक पनडुब्बी, 16 सतही जहाजों और छह विमानों का उपयोग करके बड़ा खोज और बचाव अभियान चलाया। एक सप्ताह बाद आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई कि विमान में कोई अंडरवाटर लोकेटर बीकन (यूएलबी) नहीं बल्कि इसमें दो आपातकालीन लोकेटर ट्रांसमीटर (ईएलटी) थे।

आखिरकार 15 सितंबर, 2016 को खोज और बचाव अभियान बंद कर दिया गया। साथ ही विमान में सवार सभी 29 लोगों को मृत मानकर उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया।

### उन्नत एयूवी ने कर दिखाया कारनामा

भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान का मलबा आठ साल बाद मिलने पर अब यह खोज एवं बचाव अभियान समुद्र में किसी लापता विमान की तलाश में भारत का अब तक का सबसे बड़ा खोज अभियान बन गया है। मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंस के अंतर्गत काम करने वाले राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने एक उन्नत एयूवी का उपयोग करते हुए चेन्नई से लगभग 310 किमी. दूर समुद्र तल से लगभग 3400 मीटर नीचे विमान का मलबा खोजने का कारनामा कर दिखाया है। संस्थान के वैज्ञानिकों ने एएन-32 विमान के लापता होने वाली जगह पर गहरे समुद्र में एक ऑटोनोमस अंडरवाटर वाहन (एयूवी) को तैनात किया। यह विशेष तकनीकी क्षमताओं से लैस वाहन है। मल्टी बीम सोनार, सिंथेटिक एपर्चर सोनार और उच्च रिज़ॉल्यूशन फोटोग्राफी सहित कई पेलोड का उपयोग करके समंदर के अंदर 3400 मीटर की गहराई पर दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे का पता लगाया गया। खोजे गए मलबे की तस्वीरों की जांच में इसे एएन-32 विमान के अनुरूप पाया है। तमाम विश्लेषण के बाद यह पता चला है कि यह मलबा दुर्घटनाग्रस्त विमान एएन-32 का ही है, क्योंकि उस इलाके में किसी और विमान के दुर्घटनाग्रस्त या लापता होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

# आप के तीनों उम्मीदवार निर्विरोध राज्यसभा के लिए निर्वाचित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली से राज्यसभा के लिए खड़े किए गए तीनों उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। विपक्षी भाजपा की ओर से इन सीटों के लिए कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा किया गया था। निर्विरोध चुने जाने के बाद आप के राज्यसभा उम्मीदवार संजय सिंह, स्वाति मालीवाल और एनडी गुप्ता ने रिटर्निंग ऑफिसर आशीष कुंद्रा से अपना प्रमाण पत्र प्राप्त किया। संजय सिंह वर्तमान में जेल में हैं और वे विशेष अनुमति के तहत इसे प्राप्त करने पहुंचे थे।

आम आदमी पार्टी ने इस बार दिल्ली महिला आयोग की मौजूदा अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को राज्यसभा भेजने का फैसला किया था। इनके अलावा आम आदमी पार्टी ने अपने मौजूदा राज्यसभा सांसद संजय सिंह और एनडी गुप्ता को दोबारा राज्यसभा भेजने का फैसला किया था। आप नेता सुशील कुमार गुप्ता ने हरियाणा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में खुद को पूरी तरह समर्पित करने की इच्छा व्यक्त की थी। तीनों का कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त होने जा रहा था। दिल्ली से राज्यसभा के लिए नामांकन प्रf, या 2 जनवरी को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हुई और 9 जनवरी पर्चा दाखिल करने की आखिरी तारीख थी। किसी ने आप उम्मीदवारों के खिलाफ अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की। उच्च सदन यानी राज्यसभा के लिए छह वर्ष में राज्य विधानसभा के उम्मीदवार दिए गए वोटों से चुने जाते हैं।







